रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते


ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 10, संवत 2081 | रांची, रविवार, 16 जून 2024, वर्ष-25, अंक-134, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

**सेंसेक्स**
76,992.77 ↑ +181.88

**डॉलर**
83.550 ↓ -0.003

**रांची सर्राफा**
10 ग्राम 71,240
01 किलो 95,000

पेज 12



महाराष्ट्र में एनडीए को मात देकर कमान संभालेंगे...

## एक नजर

### 'चंद्रयान-1' के निदेशक श्रीनिवास हेगड़े का निधन



**बेंगलुरु।** प्रथम चंद्रमा मिशन 'चंद्रयान-1' के निदेशक श्रीनिवास हेगड़े का शुक्रवार को यहां निधन हो गया। 71 वर्षीय हेगड़े ने एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली। वह कुछ समय से अस्वस्थ थे। उनका इस अस्पताल में इलाज चल रहा था। उनके परिवार में पत्नी और दो पुत्र हैं। हेगड़े तीन दशक से अधिक समय तक भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन से संबद्ध रहे। उन्होंने अंतरिक्ष एजेंसी के कई ऐतिहासिक मिशन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनमें से सबसे उल्लेखनीय 2008 में लॉन्च किया गया चंद्रयान -1 था। यह भारत का पहला चंद्र मिशन था। इस मिशन ने चंद्रमा पर पानी के अणुओं की खोज की।

### झारखंड कैबिनेट के बैठक 19 को

**रांची।** झारखंड कैबिनेट की बैठक 19 जून को झारखंड मंत्रालय में होगी। बैठक की अध्यक्षता झारखंड के सीएम चंपाई सोरेन करेंगे। बताया जा रहा है कि इस बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए जा सकते हैं। मंत्रिमंडल सचिवालय व निगरानी विभाग ने बताया कि कैबिनेट की बैठक 19 जून को अपराह्न 4 बजे से होना है। यह बैठक प्रोजेक्ट भवन स्थित मंत्रिपरिषद के कक्ष में होना है।

## आज | कल




**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

**1994** से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर **82925 53444** पर भेज सकते हैं।

आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **8292373444** संपर्क करें।

## बड़ा तालाब की सफाई के लिए सीएसआर फंड से मशीन खरीदे सीसीएल

**तीन प्रमुख कारण**

1. बड़ा तालाब का पानी सड़ने से पहले नहीं हुई सफाई की पहल
2. सफाई के लिए जिस मशीन की जरूरत वह आरएमसी के पास नहीं
3. तालाब सफाई के लिए आवश्यक संसाधन की व्यवस्था नहीं की गई

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री सांसद संजय सेठ ने शनिवार को बड़ा तालाब का निरीक्षण किया। तालाब का पानी दूषित होने पर उन्होंने रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा को मौके पर बुलाया और इसे अविलंब साफ कराने को कहा। डीसी ने मंत्री को बताया कि इस तालाब की गंदगी को साफ करने के लिए जिस मशीन की आवश्यकता है वह रांची नगर निगम के पास उपलब्ध नहीं है। रक्षा राज्य मंत्री ने मौके पर सीसीएल के सीएमडी से बात कर सीएसआर फंड से सफाई करने वाली नई मशीन उपलब्ध कराने को कहा। इसकी कीमत छह से सात करोड़ रुपये है।

इसे सीएमडी ने तुरंत स्वीकार कर अविलंब देने की बात कही। मंत्री ने रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा को कहा कि जल्द कागजी प्रक्रिया पूरा कर सीसीएल के सीएमडी को दें ताकि यह मशीन खरीदी जा सके।

इस दौरान मंत्री रांची झील बचाओ समिति, झील सफाई अभियान समिति के लोगों से भी मिले एवं उनकी समस्याओं से अवगत हुए। इस मौके पर पूर्व सांसद अजय मारू, डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय, चुन्नू मिश्रा, मुकेश, नंदू अरोड़ा, अमन जयसवाल सहित संस्था के कई सदस्य मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि बड़ा तालाब के पानी के सड़ जाने से उसकी बदबू से लोग परेशान हैं। इसे लेकर लगातार लोग प्रदर्शन कर रहे हैं। अधिकारी भी लगातार तालाब की साफ-सफाई के लिए प्रयासरत हैं।

# मृतकों के परिजनों को मिलेंगे पांच-पांच लाख

### ट्रेन हादसे की धनबाद मंडल के रेल अधिकारियों की कमेटी करेगी जांच

**नवीन मेल संवाददाता**

**ट्रेन हादसा**

**बरवाडीह।** बरकाकाना बरवाडीह रेल खंड के कुमण्डीह रेलवे स्टेशन में शुक्रवार की रात रांची-सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस (ट्रेन नंबर18635) में आग लगने की अफवाह फैलने के उपरांत मची अफरा तफरी में तीन लोगों की जान चली गई जबकि एक बच्ची समेत पांच लोग घायल हो गए थे। उक्त हादसे के बाद धनबाद रेल मंडल प्रबंधक कमल किशोर सिन्हा शनिवार सुबह कुमण्डीह स्टेशन पहुंचे और इसकी जांच करते हुए बरवाडीह रेलवे स्टेशन पहुंचे। डीआरएम ने सभी मृतक के परिजनों को रेलवे की ओर से पांच-पांच लाख रुपये का मुआवजा दिया जाएगा। जिसमें तत्काल 50,000 मृतक के परिजनों को दे दिया गया जबकी शेष राशि उनके खाते में भेज दी जाएगी।

धनबाद मंडल के अन्य अधिकारियों के साथ बरवाडीह पहुंचे डीआरएम सिन्हा ने मामले में संबंधित अधिकारियों से आवश्यक पूछताछ की। उन्होंने इस दौरान पीड़ित परिजनों से भी मुलाकात की। डीआरएम ने बरवाडीह में ट्रेन में आग लगने की फैली झूठी अफवाह से हुए हादसे की पूरी जानकारी ली। डीआरएम ने कहा की कुमण्डीह रेलवे स्टेशन ट्रेन हदासे की संपूर्ण जांच धनबाद मंडल के तीन वरीय अधिकारियों की उच्च स्तरीय कमेटी करेगी। इस हादसे के लिए दोषियों को बक्शा नहीं जायेगा। उन्होंने कहा कि दुर्घटना में एक बच्ची गंभीर रूप से घायल हुई है, जिसका रेल अधिकारियों की देखरेख में रांची में उचित इलाज किया जा रहा है जबकि बाकी घायलों का भी इलाज किया गया है। डीआरएम के साथ धनबाद मंडल के कई अधिकारी,वरीय स्पेशल प्रबंधक अनिल कुमार द्विवेदी, आरपीएफ इंस्पेक्टर समेत रेलवे के कई वरीय अधिकारी भी साथ थे।



**कार्रवाई:** अधिकरियों संग घटनास्थल की जांच करने पहुंचे धनबाद डीआरएम कमल किशोर सिन्हा।

### शव पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेजा

ट्रेन हादसे में मृत तीन लोगों का शव शुक्रवार रात में ही इंटरसिटी एक्सप्रेस से लाकर बरवाडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक डॉ विवेक कुमार की देखरेख में रखा गया। इस ट्रेन हादसा में जहां रेलवे चिकित्सक नदारत रहे वहीं बरवाडीह सीएचसी के चिकित्सक एवं सभी स्वास्थ्यकर्मी सक्रिय दिखे। शनिवार सुबह बरकाकाना जीआरपी पुलिस ने मामले की जांच कर शवों को सीएचसी बरवाडीह से पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेजा।

**मृतकों की हुई पहचान**

1. **मंजू देवी:** ग्राम- नासरीगंज, जिला-रोहतास
2. **नंदलाल शुक्ला:** बैरिया, डालटनगंज
3. **विकास कुमार रजक:** पिता स्व. महेन्द्र बैठा, (काशीपुरकेतार)भवनाथपुर, गढ़वा

**घायल : पीहू कुमारी**, उम्र- 02 वर्ष, पिता **सुशील कुमार**, रांची में चल रहा इलाज। **मानस कुमार**-पिता शंभू सिंह, कनक कुमार पिता जय प्रकाश व दो अन्य।

**हिंदी के लिए गौरव को युवा, देवेन्द्र को बाल साहित्य पुरस्कार**

## संताली में अंजन करमाकर को युवा व दुगई टुडू को बाल साहित्य पुरस्कार

**एजेंसी**

साहित्य अकादमी
2024 के लिए युवा एवं बाल साहित्य पुरस्कारों की घोषणा

**नई दिल्ली।** साहित्य अकादमी ने शनिवार को वर्ष 2024 के लिए युवा और बाल साहित्य पुरस्कारों की घोषणा कर दी। इनमें 23 युवा लेखकों की पुस्तकों और 24 बाल साहित्यकारों को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इसमें झारखंड के संताली लेखकों को दोनों वर्ग में पुरस्कार प्राप्त हुआ है। संताली कवि अंजन करमाकर के कविता-संग्रह जंगबहा को युवा पुरस्कार प्राप्त हुआ है। वहीं संताली कवि दुगई टुडू को उनके कविता-संग्रह मिरु आरंग के लिए बाल साहित्य वर्ग में पुरस्कृत किया गया है। हिंदी के लिए युवा पुरस्कार गौरव पांडेय के कविता संग्रह-स्मृतियों के बीच घिरी है पृथ्वी' को और बाल साहित्य पुरस्कार देवेन्द्र कुमार की पुस्तक इक्यावन बाल कहानियां' को प्रदान किया जाएगा। संस्कृत भाषा का युवा पुरस्कार बाद में घोषित किया जाएगा। साहित्य अकादमी के सचिव डॉ. के श्रीनिवासराव ने हिन्दुस्थान समाचार को बताया कि अकादमी के अध्यक्ष माधव कौशिक की अध्यक्षता में अकादमी के कार्यकारी मंडल ने वर्ष 2024 के लिए युवा और बाल साहित्य पुरस्कारों की घोषणा की। बैठक में 23 युवा लेखकों की पुस्तकों और 24 बाल साहित्यकारों के लिए पुरस्कार अनुमोदित किए गए।

शेष पेज 11 पर

### रेप पीड़िता की पहचान उजागर करने पर पूर्व डीजीपी पर केस दर्ज

**तिरुवनंतपुरम ।** पुलिस ने केरल के पूर्व पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) सिबी मैथ्यूज के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। अपनी पुस्तक 'निर्भयम' में रेप पीड़िता की पहचान उजागर करने पर केरल उच्च न्यायालय ने दो दिन पहले पूर्व डीजीपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए पुलिस को निर्देश दिया था। 2011 में सेवा से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने वाले 72 वर्षीय मैथ्यूज को बाद में मुख्य सूचना अधिकारी नियुक्त किया गया। सेवा में रहते हुए, उन्होंने कई मामलों में जांच टीमों का नेतृत्व किया।

## कर्नाटक में पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ीं

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** कर्नाटक में पेट्रोल और डीजल की कीमतें 3 रुपये और 3.05 रुपये तक बढ़ा दी गई है। राज्य में कीमतों में बढ़ोतरी को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस पर हमला बोला है। भाजपा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का असली चेहरा सामने आ गया है। शनिवार को मीडिया से बातचीत में भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि कांग्रेस पार्टी कहती है कि देश में महंगाई है और फिर कांग्रेस पार्टी और उसकी अपनी राज्य सरकारें पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ाती हैं। कर्नाटक में उन्होंने किसान विरोधी, आमजन विरोधी आदेश पारित किया, यह एक फतवा है, जजिया कर है। उन्होंने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 3 रुपये और 3.05 रुपये की वृद्धि की है। शहजाद ने कहा कि कांग्रेस पार्टी केवल आम आदमी का पैसा लूटना चाहती है। राहुल गांधी ने कहा था कि खटा खट खटा खट एक लाख रुपया महिलाओं के खातों में जमा किए जाएंगे अब वे लूट पर उतर आए हैं।

## सीआईडी ने साइबर ठगी के आरोपित फरहादुर को असम से किया गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) की साइबर क्राइम थाना ने साइबर ठगी के एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित फरहादुर रहमान की गिरफ्तारी असम के धुबरी जिले स्थित फकीरगंज थाना क्षेत्र से हुई है। इसके पास से मोबाइल और दो सिम बरामद हुए हैं। डीएसपी नेहा बाला ने शनिवार को बताया कि साइबर क्राइम थाना में पीड़ित महिला ने प्राथमिकी दर्ज करायी थी कि उससे व्हाट्सएप के माध्यम से संपर्क किया गया। महिला से कहा गया कि आपको इंस्टाग्राम पर वीडियो लाइक कर स्क्रीन शॉट भेजने का पार्ट टाईम जॉब ऑफर किया गया है। महिला ने जब यह काम करना शुरू कर दिया, तो उसे टास्क दिया जाने लगा। हर टास्क के लिए पैसे मिलने लगे। इससे महिला को आगे भी यह काम करते रहने का प्रोत्साहन मिला। इसके बाद साइबर अपराधी ने महिला को टेलीग्राम आईडी [illegible] के माध्यम से संपर्क कर टास्क और हाइअर रेटिंग के लिए संपर्क किया गया। इस टेलीग्राम प्रोफाईल के माध्यम से दिए गए टास्क को करने के लिए इन्हें विभिन्न बैंक खाताओ में पैसे डालने को बोला गया। इसके बाद उनसे एक वेबसाइट अकाउंट बनाने बोला गया, जहां महिला के द्वारा किये गये इन्वेस्टमेंट का प्रॉफिट दिखाई देता था लेकिन महिला को प्रॉफिट नहीं मिला।



*महिला ने जब यह काम करना शुरू कर दिया, तो उसे टास्क दिया जाने लगा*

शेष पेज 11 पर

## सट्टा, गेमिंग और साइबर ठगी में चार गिरफ्तार

### 25 एटीएम, लैपटॉप, सात चेक बुक, 24 पासबुक, दो आई फोन सहित 22 मोबाइल जब्त

*टीम ने सदर थाना क्षेत्र के लीची बगान स्थित ईशा अपार्टमेंट, फ्लैट नंबर 101 में छापेमारी की।*

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** सदर थाना पुलिस ने सट्टा, ऑनलाइन गेमिंग और साइबर ठगी करने वाले छत्तीसगढ़ के एक गिरोह का खुलासा करते हुए चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार साइबर अपराधियों में छत्तीसगढ़ के अरमान नामदेव, करण नामदेव, ललित सोनी और प्रत्यूष श्रीवास्तव शामिल हैं। इनके पास से 25 एटीएम, एक लैपटॉप, सात चेक बुक, 24 पासबुक, दो आई फोन सहित 22 मोबाइल, सिम कार्ड, चार्जर सहित अन्य सामान बरामद किए गए है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि साइबर अपराधियों को लेकर गुप्त सूचना मिली थी। इसी आधार पर सिटी एसपी राजकुमार मेहता के निर्देशन में और सदर डीएसपी संजीव कुमार बेसरा के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने सदर थाना क्षेत्र के लीची बगान स्थित ईशा अपार्टमेंट, फ्लैट नंबर 101 में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान संदिग्ध अवस्था में चार व्यक्ति को लैपटॉप, एटीएम कार्ड, बैंक पासबुक, चेक बुक, मोबाईल एवं सीम कार्ड का उपयोग कर एनीडेस्क और अन्य एप्प के माध्यम से ऑनलाईन सट्टेबाजी कर ठगी करते पाया गया। टीम ने चारों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में पता चला है कि छत्तीसगढ़ के साथ-साथ वे झारखंड में भी ऑनलाइन गेमिंग और साइबर ठगी का धंधा फैलाना चाहते थे और इसी के तहत रांची में एक सेंटर खोला गया था।

शेष पेज 11 पर

**इंडिया**



**सुनील बादल**

**21 अक्टूबर 2010 को दिए भाषणों को लेकर कश्मीर के सामाजिक कार्यकर्ता सुशील पंडित ने 28 अक्टूबर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी।**

## क्या लेखिका या प्रोफेसर तय करेंगे कश्मीर किसका?

मोदी सरकार और देश की बड़ी आबादी का मानना है कि दशकों से कश्मीर को लेकर सुरक्षा और सैन्य कार्रवाई में अरबों की बबार्दी और हजारों की जान भविष्य में न जाए इसके लिए पाकिस्तान द्वारा कब्जाए कश्मीर (पीओके) को भारत में मिला लिया जाए पर कुछ कथित लेखक और बुद्धिजीवी इसके उलट कश्मीर विवाद को और हवा देते रहे हैं । नीरा राडिया टेप कांड में यह बात सामने आई थी कि कश्मीर मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उछालने के लिए भारत विरोधी देशों ने पैसे और सुविधाएं दी थी । कई कथित बुद्धिजीवी और पत्रकार जो तब लाइम लाइट में थे नेपथ्य में भेज दिए गए । अब मोदी सरकार अपना चुनावी वादा मोदी की गारंटी के रूप में कर पाएगी या नहीं इसकी चर्चा के बीच दिल्ली के उप राज्यपाल वीके सक्सेना ने 14 जून को लेखिका अरुंधति रॉय और कश्मीर केंद्रीय विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय कानून के पूर्व प्रोफेसर डॉ शेख शौकत हुसैन के खिलाफ यूएपीए कानून के तहत केस चलाने की मंजूरी देकर एक बड़ी शुरूआत कर दी है । दोनों के विरुद्ध 2010 में कश्मीरी सुशील पंडित ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी।अरुंधति रॉय और हुसैन पर 21 अक्टूबर 2010 को दिल्ली के कोपरनिकस रोड पर मौजूद एल्टीजी ऑडिटोरियम में 'आजादी - द ओनली वे' के बैनर तले आयोजित एक सम्मेलन में भड़काऊ भाषण देने का आरोप है। सम्मेलन में 'कश्मीर को भारत से अलग करने' का प्रचार किया गया था। भाषण देने वालों में सैयद अली शाह गिलानी, एसएआर गिलानी (सम्मेलन के एंकर और संसद हमले के मामले में मुख्य आरोपी) अरुंधति रॉय, डॉ शेख शौकत हुसैन और माओवादी समर्थक वरवर राव शामिल थे। 21 अक्टूबर 2010 को दिए भाषणों को लेकर कश्मीर के सामाजिक कार्यकर्ता सुशील पंडित ने 28 अक्टूबर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद दिल्ली के मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट के आदेश के बाद रॉय और हुसैन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। अक्टूबर 2023 में दिल्ली के उपराज्यपाल ने भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं 153 ए (धर्म, जाति, जन्म स्थान, निवास, भाषा आदि के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना और सद्भाव बनाए रखने के लिए हानिकारक कार्य करना), 153 बी (राष्ट्रीय-एकीकरण के लिए हानिकारक आरोप, दावे) और 505 (सार्वजनिक शरारत को बढ़ावा देने वाले बयान) के तहत तहत रॉय और हुसैन पर केस चलाने की अनुमति दी थी।1997 में लेखिका अरुंधति राय की किताब 'द गॉड ऑफ स्मॉल थिंग्स'को बुकर प्राइज मिला चुका है। यह उनका पहला उपन्यास था। इस पाने वालीं वे पहली भारतीय महिला हैं। नोबेल पुरस्कार के बाद बुकर प्राइज को दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा पुरस्कार माना जाता है।



यह दुनियाभर में साहित्य जगत के प्रमुख पुरस्कारों में से एक है।2014 में रॉय को दुनिया के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों की टाइम 100 की सूची में शामिल किया गया था। अरुंधति लेखन की दुनिया में आने से पहले सिनेमा में भी काम कर चुकी हैं। जैसा अपेक्षित था कुछ राजनीतिक दलों से प्रतिक्रियाएं आ रही हैं ।पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, 'अरुंधति रॉय विश्व प्रसिद्ध लेखिका और एक बहादुर महिला हैं जो फासीवाद के खिलाफ एक शक्तिशाली आवाज के रूप में उभरी हैं, उन पर कठोर यूएपीए के तहत मामला दर्ज किया गया है। भारत सरकार मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करते हुए अपनी क्रूरता जारी रखे हुए है। कश्मीर के एक पूर्व लॉ प्रोफेसर पर मामला दर्ज करना भी हताशा का काम है।'टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने पोस्ट करते हुए कहा, 'अगर अरुंधति रॉय पर यूएपीए के तहत मुकदमा चलाकर बीजेपी यह साबित करने की कोशिश कर रही है कि वे वापस आ गए हैं, तो ऐसा नहीं है और वे कभी भी उसी तरह वापस नहीं आएंगे जैसे वे पहले थे इस तरह के फासीवाद के खिलाफ भारतीयों ने वोट दिया है। कांग्रेस नेता बीके हरिप्रसाद ने एक्स पर लिखा, 'मैं अरुंधति रॉय पर मुकदमा चलाने के लिए एलजी की मंजूरी की कड़ी निंदा करता हूं। वह एक शानदार, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध लेखिका और एक अग्रणी बुद्धिजीवी हैं। फासीवाद असहमति को कुचलने पर पनपता है, खासकर बुद्धिजीवियों, कलाकारों, लेखकों, कवियों और कार्यकताओं से। बीजेपी असहमति जताने वालों को विचलित करने और उन्हें अपनी विफलताओं से ध्यान हटाने के लिए प्रतिदिन संकट पैदा करती है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक मूल्यों पर यह हमला अस्वीकार्य है।'अब सवाल यह उठता है कि कोई लेखक या प्रोफेसर यह कैसे तय कर सकता है कि कश्मीर कभी भारत का था ही नहीं जबकि कश्मीर के राजा हरि सिंह भारत में विलय और सेना भेजने के लिए दिल्ली से गुहार लगा रहे थे जिसमें देर होने के बाद प्रथम परमवीर चक्र विजेता मेजर सोमनाथ शर्मा ने प्राणों की बाजी लगाकर कश्मीर को कबाइलियों से बचाया था ।अरुंधती के समर्थक यह मानते हैं कि उन्होंने विचार व्यक्त किया है देशद्रोह नहीं । अब मामला कोर्ट में जाएगा और राजनीति गर्माएगी ।

## सोना चांदी व्यवसायी संघ ने सभी व्यावसायिक संघों के साथ की बैठक, दी चेतावनी

# अपराधी नहीं पकड़े गये तो 72 घंटे के बाद चरणबद्ध आंदोलन

**अमित कुमार**

**रांची।** जैसे-जैसे टेक्नोलॉजी का विस्तार हो रहा है, लोग इसके सहारे अपने को सुरक्षित करने में लगे हैं। लेकिन, सोना-चांदी का कारोबार टेक्नोलॉजी में उन्नति के बावजूद अब भी काफी जोखिम भरा है। कारोबारी सीसीटीवी कैमरा लगाते हैं, फिर भी असुरक्षित हैं। पिछले दिनों न्यू पंचवटी ज्वेलर्स में हुई जेवरात की लूट के बाद अपराधी अब तक पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। जबकि, इसमें सीसीटीवी कैमरे से लिया गया अपराधी का फुटेज पुलिस को सौंपा गया है। घटना विगत गुरुवार को दिन के 12:20 बजे का है। अपराधी लूट के बाद कटहल मोड़ की ओर भागे थे। इस बीच कई ऐसे दुकान और कॉम्प्लेक्स हैं, जहां पर सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं।

**पुलिस नहीं कर पाई है इन लूटकांडों का खुलासा**

**गोल्ड प्लाजा में लूट की कोशिश :** दीपाटोली स्थित गोल्ड प्लाजा में 3 महीने पहले दिनदहाड़े दुकान में घुसकर लूटने का प्रयास किया गया। दुकानदार के विरोध के बाद अपराधी भागने में सफल रहे, लेकिन उनका मोटरसाइकिल पकड़ा गया। अपराधी अब भी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं।

**देवी मंडप लूट कांड :** आदर्श ज्वेलर्स के संचालक देवी मंडप स्थित अपने आवास जा रहे थे। इसी क्रम में अपराधियों रिवाल्वर लगाकर उनसे सारा सोना छिन लिया था। घटना एक वर्ष पहले का है। घटना स्थल पर कई दुकानों में सीसीटीवी कैमरे भी लगे थे।

**काठीटांड़ जेवर लूटकांड :** रातू स्थित काठीटांड़ में 2 वर्ष पहले सोने-चांदी के व्यवसायी के साथ बीच रोड पर छिनतई की गई थी। छिनतई के बाद बीच सड़क पर गोली भी मार दी गई थी।

**बांग्ला स्कूल लूटकांड :** बांग्ला स्कूल के बगल में राजेश पाल के साथ दिनदहाड़े सोने-चांदी के समान का लूट करते हुए गोली मार दी गई थी। घटना दो वर्ष पहले की है। इसमें अपराधियों का चेहरा स्पष्ट देखा गया है।

**थड़पखना जेवर कांड :** थड़पखना में 2 वर्ष पहले जेवर की दुकान में लूट हुई थी और संचालक को जान से मार दिया गया था। इस घटना के बाद काफी बवाल हुआ, लेकिन आज तक अपराधी पुलिस के पकड़ से बाहर हैं।

**लालपुर जेवर लूटकांड :** लालपुर आइसीआइसीआइ बैंक के सामने डेढ़ वर्ष पहले जेवर की दुकान में दिनदहाड़े लूट हुई थी, जिसमें अपराधी ने बंदूक की नोंक पर सारा सामान लूट लिया था।





मेरा अनुभव बताता है कि सोने की लूट पर पुलिस को काफी कम सफलता मिली है। जिसका माल लूट गया, उसकी वापसी संभव नहीं है। ऐसे में पुलिस को अपनी व्यवस्था दुरुस्त रखने की जरूरत है। साथ ही, ऐसे नियम की आवश्यकता भी महसूस हो रही है, जिसमें कोई भी अपना सोना किसी को बेचता है, तो उसकी पूरी जानकारी एक फॉर्म में पहले भरा जाना चाहिए।

विजय वर्मन, पूर्व अध्यक्ष, सोना चांदी व्यवसायी संघ।



सोना-चांदी का धंधा अब जोखिम भरा हो गया है। सुरक्षा के बाद भी लूट की घटना का सिलसिला जारी है। पूर्व में भी कई घटनाएं हुईं, लेकिन आज तक पुलिस इस संबंध में खुलासा नहीं कर पाई है। सोने-चांदी के व्यवसाय को सुरक्षा देना सरकार की जिम्मेदारी है। सरकार इसमें अब तक असफल रही है। सोने-चांदी के व्यवसायी टैक्सपेयर के साथ जीएसटी टाइम पर भरते हैं। बावजूद इसके, उनकी सुरक्षा में सरकार काफी पीछे है।

आदित्य मल्होत्रा, उपाध्यक्ष, एफजेसीसीआई।

### चोरी के सोने की खरीद पर कानून बनाने से रुकेगा अपराध



उमेश सोनी, चैंबर के सदस्य तथा रूपा ज्वेलर्स के संचालक बताते हैं कि सोना एक लिक्विड फॉर्म में परिवर्तित हो जाता है। इस वजह से चोरी के बाद अपराधी इसे गला कर बेच देते हैं। आज कई ऐसे दुकानदार हैं, जो पुराना सोना लाइए और कैश ले जाइए धारणा पर काम करते हैं। ऐसे में अपराधी उसे लूट के सोने को गला कर उन दुकानदारों को बेच देते हैं। यह जांच की विषय है कि व्यवसायी किससे सोना खरीद रहा है। अगर इस पर सरकार नियम कानून बनाए, तो सोने-चांदी की लूट पर अंकुश लगेगा।

### पुलिस अपराधी को पकड़ने में नाकामयाब हुई तो काला कपड़ा बांध कर काम करेंगे



न्यू पंचवटी ज्वेलर्स में हुई घटना के बाद सोना चांदी व्यवसायी संघ के पूर्व उपाध्यक्ष संतोष सोनी सभी व्यावसायिक संघ के साथ बैठक कर निर्णय लिया कि घटना के 72 घंटे के बाद यदि पुलिस अपराधी को पकड़ने में असफल रही, तो सभी व्यवसायी चरणबद्ध आंदोलन शुरू करते हुए अपने दुकान के बाहर काला कपड़ा लगा कर तथा स्वयं बांधकर विरोध करते हुए काम करेंगे। इसके बाद एसपी कार्यालय में धरना दिया जाएगा। इाके बाद भी अपराधी पकड़ में नहीं आए, तो सारे दुकानदार अपने दुकान की चाभी एसएसपी को सौंप देंगे।

## एक नजर

### मुर्गी पालन व टू व्हीलर मैकेनिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ उद्घाटन

**सिल्ली।** श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में 30 दिवसीय टू व्हीलर मैकेनिक और 10 दिवसीय मुर्गी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का उदघाटन समारोह दीप प्रज्वलित कर, मुख्य अतिथि श्री अनिल कुमार राज्य नोडल पदाधिकारी आरसेटी झारखंड, निदेशक संजीत कुमार,अमित धान रांची , के द्वारा संपन्न किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्य के विभिन प्रखंड से आए 45 प्रशिक्षणाथीर्यों ने भाग लिया। मुख्य अथिति ने यह संदेश दिया की आप सभी लोग संस्थान में रहकर प्रशिक्षण प्राप्त करे तो ज्यादा से ज्यादा फायदा मिलेगा क्योंकि सुबह में योगा और संध्या में भी प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रशिक्षण के बाद अपना खुद का मुर्गी फार्म लगाए और मैकेनिक सीखकर सर्विस सेंटर और गैरेज खोले।

### मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने जरूरतमंद परिवार को दिया सहयोग

**खलारी।** मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने प्रखंड के अम्बाटोंगरी निवासी मुनिया देवी के स्वजनों से मिलकर उन्हें सहयोग किया। मुनिया देवी की बीमारी के कारण मृत्यु हो गई थी। सूचना पाकर अब्दुल्ला अंसारी मृतका के घर जाकर संवेदना प्रकट किए तथा उनके स्वजनों को खाद्य सामग्री देकर सहयोग किया। इस दौरान अब्दुल्ला ने कहा कि गरीब की सेवा से बढ़ कर कोई धर्म नहीं होता है। उन्होने इस परिवार को आगे भी हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।

### रांची में गोल इंस्टीट्यूट के सम्मान समारोह में नीट टॉपर्स का लगा मेला

**रांची।** गोल इन्स्टीट्यूट द्वारा नीट 2024 में सफल छात्रओं के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें गोल के झारखंड से सफल छात्रों को मेडल, एप्रोन एवं स्टेथोस्कोप देकर सम्मानित किया गया। इस प्रोग्राम में सफल छात्रों के साथ साथ सैंकड़ों गोल इन्स्टीट्यूट में तैयारी कर रहे छात्रों ने भाग लिया। इस प्रोग्राम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रांची के डी. आई. जो नौशाद आलम (कार्मिक) ने गोल संस्थान का पृक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए कहा यह गौरव की बात है।

### केन्द्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ का सिल्ली विधानसभा दौरा 17 जून को

**सिल्ली।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ चार दिवसीय दौरे पर शुक्रवार को रांची पहुंचे। उनके रांची पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया।अपने रांची प्रवास के दौरान वे 17 जून को सिल्ली विधानसभा का दौरा कर विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। उक्त कार्यक्रम की जानकारी देते हुए भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज ने कहा कि मोदी सरकार के मंत्रीमंडल में शामिल होने तथा पदभार ग्रहण के बाद उनका यह पहला दौरा कार्यक्रम है।

### डीसीए डीपी और टेली कोर्स की सत्रांत परीक्षा संपन्न

**सिल्ली।** राजकीय मध्य विद्यालय बड़ा मुरी में झारखंड जनकल्याण संस्था रांची द्वारा संचालित ग्रामीण कंप्यूटर साक्षरता योजना के तहत डीसीए डीपी और टेली कोर्स की सत्रांत परीक्षा संपन्न। परीक्षा में अधिकृत केंद्र बीके मल्टीमीडिया एंड कंप्यूटर्स कांशीडीह के छात्र-छात्राएं ने हिस्सा लिया। इस मौके पर संस्थान के निर्देशक भीम कोइरी ने बताया की वर्तमान के इस दौर में एक टैली एक्सपर्ट आसानी से अपने करियर को ऊंचाइयों पर पहुंचा सकता है। इस क्षेत्र में सुनहरे करियर के कई अवसर हैं, बशर्ते आपने इसमें महारत हासिल की हो। यदि आप टैली में एक बिगिनर हैं तो भी आप विभिन्न टैली कंप्यूटर कोर्सेज का ज्ञान प्राप्त कर अपने करियर को नया आयाम दे सकते हैं।

### खूंटी में कार ने बाइक को मारी टक्कर, आईआरबी जवान की मौत

**खूंटी।** जरियागढ़ थाना क्षेत्र के तोरपा-कर्रा मुख्य पथ के बाला डुमारी गांव के समीप शनिवार को कार और मोटरसाइकिल की हुई भिड़ंत में बाइक सवार युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान ऑस्कर हेमरोम (36) के रूप में की गई। वह तोरपा थाना के बारकुली रायटोली का रहने वाला था और इंडिया रिजर्व बटालियन धुर्वा में पदस्थापित था। जानकारी के अनुसार ऑस्कर हेमरोम बारकुली राय टोली स्थित घर से मोटरसाइकिल (जेएच01 बीके 5738) से रांची जा रहा था। इसी दौरान बाला डुमारी गांव के पास तेज गति आ रही एक कार ने अनियंत्रित होकर बाइक को टक्कर मार दी। इससे ऑस्कर गिर गया और वहीं उसकी मौत हो गई।

### 8वें अंतरराष्ट्रीय मलखंब दिवस पर खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन

**रांची।** 8वे अंतरराष्ट्रीय मलखंब दिवस पर झारखंड मलखंब अकादमी रांची के बंगीय सांस्कृतिक परिषद विधालय, सेक्टर-2, धुर्वा, रांची के मलखंब केन्द्र पर अकादमी के खिलाड़ियों द्वारा पोल मलखंब, रोप मलखंब, हैंगिग मलखंब एक से एक कौशल्य का प्रदर्शन एवं बालक - बालिका द्वारा अलग-अलग पिरामिड का निर्माण कर सभी दर्शकों को अचंभित कर दिया।

## प्रेमी युवकों ने माफी मांगी, हस्ताक्षर के बाद दो गांवों के बीच संघर्ष की स्थिति टली

**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

दो युवकों के कथित अय्याशी के कारण बेड़ो थाना क्षेत्र के नगड़ी टोंका टोली और जराटोली के ग्रामीणों के बीच संभावित संघर्ष की स्थिति टल गई। दोनों गांव के ग्रामीणों के सूझबूझ तथा बेड़ो थाना पुलिस प्रशासन के पहल पर आरोपी युवकों ने समाज से माफी मांगी और बांड भरा। इसी के साथ दोनों गांव के लोगों के बीच तीन दिनों से चल रहा संघर्ष की स्थिति समाप्त हो गई। उल्लेखनीय है कि दो जराटोली के दो युवक पिछले 13 जून की रात दो युवतियों को लेकर अलग-अलग बाइकों पर सवार होकर नगड़ी टोंका टोली, नीचे टोली एवं जंगल की गलत इरादे से प्रवेश किया था। दोनों युवक बाइक में सवार होकर युवतियों को लेकर जंगल में प्रवेश किया। ग्रामीणों के द्वारा रोके जाने पर वे रुके नहीं। आगे जाकर बाइक को जंगल किनारे छोड़कर जंगल में अंदर प्रवेश कर गए। टोका टोली के ग्रामीणों ने रात में आए युवक युवतियों को पकड़ने के लिए पहल किया। तभी उन्होंने बाइक को जंगल के किनारे देखा। ग्रामीणों ने पुलिस को फोन मामले की जानकारी दी। तभी बेड़ो के थाना प्रभारी नकुल शाह पुलिस के पदाधिकारियों के साथ पहुंचे और युवकों की तलाश की। नहीं मिलने पर उन्होंने बाइक को जब्त कर लिया। तभी नगड़ी टोंका टोली के ग्रामीणों को आशंका हुई कि देर रात में जरा टोली की ओर से 50-60 लोग टार्च की सहायता से नगड़ी टोंका टोली की ओर आ रहे हैं। ऐसी स्थिति से ग्रामीण अलर्ट हो गए और तीर-कमान लेकर पोजिशन बना लिया। ग्रामीणों ने दहशत में आकर पुलिस प्रशासन को दोबारा फोन कर हमले की आशंका जताई। बेड़ो पुलिस दोबारा पहुंची लेकिन जराटोली की ओर से आए कथित हमलावर बगैर हमला किए लौट गए। लेकिन ग्रामीणों में दहशत बनी रही। इसके बाद लगातार दो दिनों तक ग्रामीणों ने थाना में आकर बैठक की।



## महिलाओं ने बारिश के लिए की मड़ई वनपूजा

**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**

भीषण गर्मी से निजात पाने और वर्षा न होने को लेकर जिंतुपीड़ी एवं आसरी गांव के महिलाओं ने आपस में मिलकर शनिवार के दिन मड़ई एवं वनपूजा किया। पूजा पूरे विधि विधान के साथ संपन्न किया गया। महिलाओं ने वन देवता और जंगल के देवता को नमन किया और शीघ्र बारिश होने के लिए प्रार्थना भी किया और बताया कि हम लोग यह पूजा भीषण गर्मी से निजात पाने के लिए एवं शीघ्र ही बारिश की शुरूआत होने के लिए किया। चुकी समय से बारिश नहीं होने के कारण हम लोगों को खेती करने में काफी कठिनाइयां उत्पन्न होती है और हम लोग खेती पर ही निर्भर रहते हैं। खेती ही हम लोगों का जीवन यापन करने का मुख्य स्त्रोत है। बारिश का समय होने के बावजूद बारिश नहीं होने से हम लोग काफी निराश हो गए हैं। जनकल्याण हेतु हम लोग सभी महिलाएं आपस में मिलकर वन देवता का पूजा किए ताकि हर घर में हरियाली और खुशियाली आए। अंत में सभी महिलाओं ने आपस में अबीर खेल कर एक दूसरे को शुभकामनाएं दी।



### कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने सीसीएल सीएमडी से मुलाकात कर सौंपा ज्ञापन

## एनके एरिया के कमांड क्षेत्र खलारी प्रखंड में सीसीएल करे जनहित के कार्य : राजन सिंह

**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**

झारखंड प्रदेश कांग्रेस लेबर सेल के प्रदेश महासचिव राजनसिंह राजा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को सीसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक निलेन्दुकुमार सिंह से मुलाकात कर एनके एरिया के कमांड क्षेत्र खलारी प्रखंड क्षेत्र में जनहित के रचनात्मक कार्यों से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा। राजनसिंह राजा ने कहा कि खलारी प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीण सहित सामाजिक संगठन, राजनीतिक सगंठन व रैयत विस्थापित प्रभावित संगठन से जुड़े लोगों की ओर से निवेदन है कि सीसीएल एक मिनी रत्न कंपनी है। फिर भी मानवीय भूल व आर्टस आफ प्लानिंग तथा साइंस आफ टीमवर्क के अभाव के कारण खलारी प्रखंड क्षेत्र में विभिन्न समस्याएं व्याप्त है। हम सभी को मिलकर सामूहिक रूप से प्रयास कर व्याप्त समस्याओं का निदान करना है। ज्ञापन के माध्यम से विभिन्न समस्याओं को रखा गया। जिनमें हुटाप पंचायत व मायापुर पंचायत के बीच भैसादोन में चेकडेम का निर्माण कर मछली पालन और कृशि को बढ़ावा देने, प्रखंड के बुकबुका, खलारी, हुटाप, दक्षिणी चुरी, मध्य चुरी सहित अन्य पंचायतों में पेयजल की विकट समस्याआ को दूर करने के लिए बुकबुका महावीरनगर स्थित पत्थर तालाब के पानी को फिल्टर करा कर पेयजल के संकट को दूर करने, वर्शों से बंद पड़े सेन्ट्रल स्कूल डकरा को पंचायत, राजनीतिक व श्रमिक प्रतिनिधियों का एक टीम बनाकर डीएमएफटी फंड से पुन आरंभ करने, एनके एरिया अंतर्गत विस्थापितों को रोजगार सृजन के लिए आईटीआई प्रशिक्षण केन्द्र खोलने तथा उन्हें प्रशिक्षित कर प्राइवेट कोल कंपनियों में रोजगार उपलब्ध कराने, रैयत विस्थापितों के शिक्षित युवक-युवतियों के लिए नर्सिंग प्रशिक्षण केन्द्र खोलने, विस्थापित प्रभावितों को पहचान पत्र देने, एनके एरिया के जिन खदानों से कोयला निकाल लिया गया है उसमें मिट्टी भरकर समतल कर फलदार वृक्ष के पौधे लगाने तथा कृशि कार्य के लिए खेत तैयार करने, एनके एरिया में प्रदूषण रोकने के लिए व्यापक योजना बनाने, महिला स्वयं सहायता समूह को रोजगार से जोड़ने, विश्रामपुर व तुमांग पंचायत में खदान विस्तारीकरण में वहां के लोगो को उचित मुआवजा देकर पुनर्वास करने, केडी बाजार व बैंक चौक खलारी में सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराने तथा एनके एरिया में अधिकारियों की कमी को पूरा करने की मांग रखी गई। सीएमडी निलेन्दुकुमार सिंह ने सभी मांगों पर सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में तनवीर आलम, गोपाल सिंह, श्यामजी महतो, फिरोज अंसारी, अभिमन्यु गोप शामिल थे।

### कोडरमा में अन्तरराज्यीय चोर गिरोह का खुलासा, वैशाली से चार बदमाश गिरफ्तार

**रांची / कोडरमा।** कोडरमा थाना क्षेत्र में गिरिडीह रोड स्थित विधायक आवास के समीप से विगत 11 जून को स्कॉर्पियो चोरी मामले का खुलासा पुलिस ने कर लिया है। कोडरमा पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने शनिवार को बताया कि चोरी गए स्कॉर्पियो की बरामदगी को लेकर कोडरमा एसडीपीओ के नेतृत्व में गठित टीम ने अन्तर्राज्यीय चोर गिरोह का खुलासा किया है। एसपी ने बताया कि 11 जून को स्कॉर्पियो संख्या (जेएच 12 एल 9248) की चोरी के बाद कोडरमा थाना में प्राथमिक की दर्ज हुई थी।

### महाधिवक्ता राजीव रंजन बने खूंटी जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष

## खूंटी में क्रिकेट के विकास के लिए होगा काम : राजीव रंजन

खूंटी। झारखंड के महाधिवक्ता राजीव रंजन खूंटी जिला क्रिकेट एसोसिएशन के नये अध्यक्ष बनाये गये हैं। खूंटी जिला क्रिकेट एसोसिएशन की शनिवार को विशेष आमसभा बसंत कॉम्प्लेक्स में हुई, जिसमें एसोसिएशन के सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से अध्यक्ष के रूप में राजीव रंजन के नाम पर मुहर लगायी।उल्लेखनीय है कि निवर्तमान अध्यक्ष एसबी सिंह ने व्यस्तता के कारण अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। इस अवसर पर राजीव रंजन ने कहा कि खूंटी जिले में क्रिकेट का विकास तेजी हो तथा यहां के खिलाड़ी हर फॉर्मेट राज्य एवं देश का प्रतिनिधित्व करें। इसके लिए समिति के पदाधिकारियों के साथ मिलकर योजनाबद्ध तरीके से काम करेंगे। उन्होंने कहा कि जिले में प्रतिभा की कमी नहीं है, उसे पहचान कर तरासने का काम किया जायेगा। उन्होंने कहा कि खूंटी में जेएससीए की एकेडमी स्थापित करने के लिए क्रिकेट मैदान बनाया जायेगा। मैदान के लिए जमीन का चयन किया जा रहा है।


सिकल सेल एनीमिया जागरूकता दिवस

सभी सरकारी अस्पताल में निःशुल्क जाँच कराएं

सिकल सेल रोग क्या है?
- सिकल सेल अनुवांशिक रोग होता है.
- जब तक खून की जाँच नहीं करायी जाए रोग का पता नहीं चलता.
- परिवार के वैसे सदस्य, जिनकी उम्र शून्य से 40 वर्ष हो, सिकल सेल जाँच अवश्य कराएं.
- जाँच जरूरी है, नहीं तो मरीज को अन्य शारीरिक जटिलताओं का सामना करना पड़ सकता है.
- परिवार में किसी को सिकल सेल एनीमिया हो, तो परिवार के सभी सदस्य सिकल सेल जाँच जरूर कराएं.

सिकल सेल एनीमिया के लक्षण
- एनीमिया/पीलापन दिखाई देना.
- बार-बार संक्रमण/बीमार होना.
- थकान, बुखार एवं सूजन तथा कमजोरी महसूस करना.
- रोग प्रतिरोधक क्षमता घट जाना.
- जोड़ों में दर्द या सूजन.
- छाती में दर्द, साँस फूलना, पीठ/पेट में दर्द.

रोगी क्या नहीं करें :-
- ज्यादा गर्मी या धूप में बाहर नहीं निकलें.
- ज्यादा ऊँचाई वाले पहाड़ों, हिल स्टेशन पर न जाएँ.
- ज्यादा ठण्ढ में बाहर जाने से बचें.
- समय-समय पर डॉक्टर की सलाह लें.

बच्चों की देखभाल :-
- बच्चे को सिकल सेल एनीमिया हो, तो स्कूल के प्रिंसिपल/प्राचार्य तथा कक्षा शिक्षक को इसकी जानकारी दें.
- स्कूल में शारीरिक श्रम/व्यायाम या भारी काम न करवाने की जानकारी शिक्षक को दें.
- कक्षा में पीड़ित बच्चे को बार-बार पेशाब आने पर शिक्षक शौच जाने की अनुमति दें.
- शिक्षक को आपातकालीन लक्षणों की जानकारी दें.

आकस्मिक स्थिति में किसी भी मरीज़ को एम्बुलेंस द्वारा स्वास्थ्य केंद्र पर पहुँचाने हेतु निःशुल्क राज्य हेल्पलाईन नंबर 108 (टॉल फ्री) पर कॉल करें

आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन-आरोग्य योजना की जानकारी हेतु निःशुल्क डायल करें (टॉल फ्री) नम्बर-14555/10883456540

स्वास्थ्य संबंधी किसी भी जानकारी/शिकायत हेतु 24/7 निःशुल्क राज्य हेल्पलाईन नंबर 104 (टॉल फ्री) पर कॉल करें

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार

PR No. 326601 (Health Med Edu and Family Welfare) 2024-25

# बच्चों को भविष्य के लिए तैयार करता है हाइब्रिड लर्निंग नोड क्लासरूम : डॉ गोपाल पाठक

*रांची के सरला बिरला पब्लिक स्कूल में क्लासरूम्स का हुआ उद्घाटन*




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
सीबीएसई, माइक्रोसॉफ्ट और टेक अवांट-गार्ड के सहयोग से, सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची ने अपने परिसर में कार्ट ब्लांच हाइब्रिड लर्निंग नोड क्लासरूम्स का उद्घाटन किया। इस हाइब्रिड लर्निंग क्लासरूम का उद्घाटन मुख्य अतिथि, प्रो (डॉ) गोपाल पाठक, कुलपति, सरला बिरला विश्वविद्यालय और परमजीत कौर, प्राचार्या, सरला बिरला पब्लिक स्कूल ने रिबन काटकर किया। इसके बाद गायत्री मंत्र के उच्चारण के साथ दीप प्रज्वलित किया गया। इस मौके पर छात्र, उनके माता-पिता और शिक्षक उपस्थित थे।

कार्ट ब्लांच हाइब्रिड लर्निंग नोड क्लासरूम एक अभिनव शैक्षणिक पहल है, जो सीबीएसई के प्रतिष्ठित पायलट प्रोजेक्ट के तहत डिजाइन की गई है। इसका उद्देश्य पारंपरिक शिक्षा प्रणाली को उन्नत डिजिटल उपकरणों और सहयोगी शिक्षण प्लेटफार्मों के साथ एकीकृत करके क्रांतिकारी बदलाव लाना है। इस पायलट प्रोजेक्ट का लक्ष्य पारंपरिक कक्षा और विकसित हो रहे डिजिटल परिदृश्य के बीच की खाई को पाटना है, जिससे छात्रों के लिए एक संलग्न और समावेशी शिक्षण अनुभव सुनिश्चित हो सके। अभिभावकगण इस कार्यक्रम का हिस्सा बनकर प्रसन्न थे। उन्होंने स्कूल को शिक्षा प्रणाली में इस उन्नति को शामिल करने के लिए बधाई दी। इस परियोजना का ऑनलाइन उद्घाटन भी किया गया।
मुख्य अतिथि डॉ. गोपाल पाठक ने कार्ट ब्लांच हाइब्रिड लर्निंग नोड क्लासरूम्स के उद्घाटन पर स्कूल को बधाई दी। उन्होंने इस क्रांति को बच्चों को भविष्य के लिए तैयार करने में सहायक बताया। उन्होंने छात्रों से आत्मानुशासित और आत्म-प्रेरित होने का आग्रह किया। प्राचार्या परमजीत कौर ने कहा कि यह पहल स्कूल के आदर्श वाक्य 'तमसो मां ज्योतिर्गमय' से मेल खाती है, जिसका अर्थ है 'अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ना।' कार्ट ब्लांच हाइब्रिड लर्निंग नोड क्लासरूम्स परियोजना तकनीक को शिक्षा में एकीकृत करता है, ताकि छात्र तेजी से विकसित हो रहे डिजिटल युग में भविष्य के लिए तैयार हो सकें। यह सुनिश्चित करते हुए कि छात्र इस तेजी से उन्नत हो रहे डिजिटल युग में भविष्य के लिए तैयार हैं। उन्होंने आगे कहा कि आज की दुनिया तेजी से तकनीकी प्रगति द्वारा संचालित हो रही है, और छात्रों को इस तकनीकी वातावरण में मार्गदर्शन करने और सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक कौशल से सुसज्जित करना स्कूल की जिम्मेदारी है।

## सीसीएल गांधीनगर अस्पताल में हृदय रोग चिकित्सा शिविर 21 को

**रांची।** सीसीएल के केंद्रीय अस्पताल, गांधीनगर, कांके रोड, रांची में आगामी 21 जून को दिन में 9:00 बजे से निःशुल्क हृदय रोग संबंधी चिकित्सा शिविर (कार्डियक क्लिनिक) का आयोजन किया जाएगा। इस चिकित्सीय शिविर में मैक्स सुपर स्पेशियलिटी, अस्पताल, नई दिल्ली के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ राजीव राठी (सीनियर इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट) हृदय रोग से ग्रसित मरीजों की जांच एवं चिकित्सीय सलाह देंगे। प्रबंधन ने बताया कि निःशुल्क हृदय संबंधित चिकित्सीय सलाह का सभी झारखंडवासी लाभ उठा सकते हैं। मरीज के पास यदि पुराने इलाज की रिपोर्ट/जांच के पेपर हों, तो उसे अवश्य अपने साथ लाएं।

## मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा ने लगाया रक्तदान शिविर




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा ने शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया। यह शिविर कोकर स्थित फ्रेंड्स मोटर्स (यामाहा शोरूम) में आयोजित किया गया था। यह कार्यक्रम सेवा सदन ब्लड बैंक के सहयोग से संपन्न हुआ। रक्तदान शिविर में 15 लोगों ने रक्तदान कर कार्यक्रम को सफल बनाने मे अपना सहयोग दिया। कार्यक्रम के संयोजक मंच के रक्तदान प्रभारी विष्णु अग्रवाल एवं प्रवीण अग्रवाल थे। मंच के प्रवक्ता राघव जालान ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंच के अध्यक्ष आशीष अग्रवाल, यश गुप्ता एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## अपना घर आश्रम का उद्घाटन आज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
परमहंस स्वामी श्री सदानंद जी महाराज अपने सेवा कार्य का विस्तार करते हुए भगवान बिरसा मुंडा की भूमि झारखंड की राजधानी रांची के पुंदाग स्थित श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम दिव्यांग आश्रम के प्रांगण में स्थापित सत्य प्रेम सभागार में सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम का शुभारंभ करेंगे। इस कार्य में सहयोगी संस्था अपना घर भरतपुर एवं सत्यनारायण पोद्दार चैरिटेबल ट्रस्ट रांची होगी। इस आश्रम का उद्घाटन गंगा दशहरा के अवसर पर 16 जून को होगा।
स्वामी सदानंद जी महाराज के सानिध्य में प्रारंभ होने वाला यह झारखंड का प्रथम तथा देश का 9वां आश्रम होगा। आश्रम में प्रारंभिक दौर में ऐसे पुरुष जो अपने जीवनकाल में अपने रिश्तेदारों, परिवारजनों से बिछुड गए हों एवं अस्पतालों, सड़क किनारे, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशनों के आसपास असहाय एवं लाचार स्थिति में पड़े रहते हैं, उनको स्थानीय प्रशासन और समाज के प्रबुद्धजनों के सहयोग से एक अच्छा जीवन देने की कोशिश की जाएगी।

# सभी अल्ट्रासाउंड क्लीनिक का सख्ती से निरीक्षण करें : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने शनिवार को समाहरणालय में जिला सलाहकार समिति पीसी एंड पीएनडीटी की बैठक की। उपायुक्त ने वैसे क्लीनिक जो अनिबंधित हैं और कोई अप्रशिक्षित व्यक्ति अल्ट्रासाउंड का कार्य कर रहा है, उस पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सभी अल्ट्रासाउंड संस्थान का सख्ती से निरीक्षण करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों दिया। उन्होंने कहा कि लिंग निर्धारण करने वाले क्लीनिक पर पीसी एंड पीएनडीटी (गर्भधारण पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीक) प्रावधान के तहत कार्रवाई करें, जिसमें पांच वर्ष जेल एवं 50 हजार रुपये दंड का भी प्रावधान है।
बैठक में सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार, उपाधीक्षक सदर अस्पताल डॉ एके खैतान, लीगल एडवाइजर झारखंड उच्च न्यायलय भास्कर त्रिवेदी, सहायक नोडल पदाधिकारी पीसी एंड पीएनडीटी रांची, पीसी एंड पीएनडीटी डॉ. अभिषेक, डॉ. बासुकी, डॉ ए सिन्हा, पीसी एंड पीएनडीटी कोर्डिनेटर राकेश कुमार राय सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।



**बैठक में लिये गए निर्णय**

- नए निबंधन के लिए 13 अल्ट्रासाउंड क्लीनिक की स्वीकृति दी गई।
- नवीकरण के लिए चार अल्ट्रासाउंड क्लीनिक को स्वीकृति दी गई।
- पांच डॉक्टरों के पदस्थापन की स्वीकृति दी गई।
- छह यूएसजी मशीन खरीद की स्वीकृति दी गई।

## आयुष्मान पखवाड़ा में ई-केवाईसी के माध्यम से 29 जून तक बनेगा कार्ड

**रांची।** रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने शनिवार को समाहरणालय में अपने कार्यालय कक्ष में राज्य में आयुष्मान भारत-मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत अच्छादित लाभुकों का ई-केवाईसी के माध्यम से आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए 15 जून से 29 जून 2024 तक आयुष्मान पखवाड़ा को लेकर बैठक की। बैठक में सिविल सर्जन (सदर) रांची, डॉ प्रभात कुमार, उपाधीक्षक सदर अस्पताल राँची, डॉ एके खेतान एवं संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। रांची उपायुक्त ने 15 जून से 29 जून 2024 तक आयुष्मान पखवाड़ा को लेकर बैठक करते हुए संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया कि सभी प्रखंडों एवं नगर निगम के क्षेत्र में प्रत्येक दिन लगातार कैंप का आयोजन होगा। जो परिवार गुलाबी/पीला/हरा राशन कार्डधारी होंगे, वे परिवार आयुष्मान भारत अंतर्गत आयुष्मान कार्ड के लिए योग्य होंगे। लाभुक के निबंधन के लिए प्रज्ञा केंद्र में आधार कार्ड, राशन कार्ड एवं मोबाइल नंबर के साथ उपस्थित होना आवश्यक होगा। साथ ही, सभी प्रज्ञा केंद्रों को प्रतिदिन कम से कम 50 योग्य परिवारों का लक्ष्य निर्धारित किया जाए। उक्त लक्ष्य को हर हाल में पूर्ण करने का निर्देश सीएससी प्रबंधक को दिया गया। सहिया हाउस टू हाउस सर्वे करें एवं लाभार्थियों की सूची तैयार करें।

# कुवैत अग्निकांड में मृत अली हुसैन का शव लाया गया रांची



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
कुवैत अग्निकांड में मृत मोहम्मद अली हुसैन का शव शनिवार को रांची एयरपोर्ट पर लाया गया। शोक संतप्त परिजनों के साथ उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा भी एयरपोर्ट पर मौजूद रहे। उन्होंने मोहम्मद अली हुसैन के परिजनों से बातचीत की और उन्हें ढांढस बंधाते हुए कहा कि दुख की इस घड़ी में पूरा प्रशासन आप सभी के साथ है। कुवैत में मृत मोहम्मद अली हुसैन के परिजनों को पांच लाख रुपये की अनुदान राशि का चेक सौंपा गया। मुख्यमंत्री झारखंड अंतरराष्ट्रीय प्रवासी श्रमिक अनुदान योजना अंतर्गत उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने मृतक के भाई मोहम्मद आसिफ को चेक सौंपा। उल्लेखनीय है कि कुवैत में हुए अग्निकांड में रांची के रहने वाले एक युवक की भी मौत हो गई थी। मृतक मो अली हुसैन मुबारक हुसैन का पुत्र था। वह रांची के हिंदपीढ़ी का रहने वाला था। मो अली 18 दिन पहले ही नौकरी के लिए कुवैत गया था।


# बहुद्देशीय परीक्षा भवन का निर्माण करवाए रांची विश्वविद्यालय : आजसू



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को रांची विश्वविद्यालय के छात्र आजसू अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला के नेतृत्व में रांची विवि के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने रांची विश्वविद्यालय अंतर्गत 10,000 विद्यार्थियों के बैठने वाला एक बहुउद्देशीय परीक्षा भवन एवं मोरहाबादी स्थित सेंट्रल लाइब्रेरी में पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग को लेकर कुलपति का ज्ञापन सौंपा। मौके पर मौजूद रांची विश्वविद्यालय के कुलपति ने कहा कि जल्द ही सभी समस्याओं का समाधान कर दिया जाएगा। सेंट्रल लाइब्रेरी में वॉटर प्यूरीफायर की समस्या का निदान 10 दिनों में कर दिया जाएगा। इससे पहले, कुलपति डॉ सिन्हा को ज्ञापन सौंपते हुए अभिषेक शुक्ला ने कहा कि आए दिन रांची विश्वविद्यालय में यूजी, पीजी एवं अन्य परीक्षाएं करवाई जाती हैं। जब भी ऐसी परीक्षाएं होती हैं, उनका अधिसंख्य परीक्षा केंद्र रांची विश्वविद्यालय के महाविद्यालय को बनाया जाता है। इससे कक्षाएं संचालित नहीं हो पाती हैं और इसका सीधा असर विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं पर पड़ता है। ऐसे में विश्वविद्यालय द्वारा लगभग 10,000 छात्र छात्राओं के बैठने की क्षमता वाला एक बहुउद्देशीय परीक्षा भवन का निर्माण कराया जाए। उन्होंने रांची विवि के कुलपति डॉ सिन्हा से कहा के मोरहाबादी स्थित सेंट्रल लाइब्रेरी में पिछले दो वर्षों से वॉटर प्यूरीफायर खराब है। इसके चलते वहां विद्यार्थियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध नहीं हो पाता है। सेंट्रल लाइब्रेरी में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के लिए उचित पेयजल की व्यवस्था की जाए। छात्र आजसू के सदस्यों ने कहा कि जल्द इन समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, वे तालाबंदी के लिए बाध्य होंगे।
प्रतिनिधिमंडल में छात्र आजसू की रांची विश्वविद्यालय इकाई के वरीय उपाध्यक्ष रोहित चौधरी, बिपिन कुमार यादव, प्रियांशु शर्मा, अकाश नयन, विशाल कुमार यादव, मनजीत, आशीष यादव सिमरन यादव, अनमोल कुमार, के अलावा कई अन्य सदस्य मौजूद थे।

# विद्यार्थी जीवन में अनुशासन एवं कर्तव्यनिष्ठ होना जरूरी : मिश्रा

*डीएवी हेहल में 11वीं के विद्यार्थियों ने इंडक्शन कार्यक्रम में पढ़ा नैतिकता व नवाचार का पाठ*



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राजधानी रांची के हेहल स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों के लिए सत्र प्रारंभ होने से पहले शनिवार की सुबह में 8:00 बजे स्वागत सह परिचय (इंडक्शन) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सबसे पहले महाहवन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें वैदिक मंत्रोच्चार एवं मंगलाचरण के साथ अभिभावकों, विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने हवन कुंड में आहुतियां प्रदान करते हुए 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' की मंगल कामना की। बता दें कि आगामी 20 जून से डीएवी हेहल में कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों का सत्र प्रारंभ हो जाएगा और विधिवत कक्षाएं संचालित होंगी। शनिवार को कक्षा 9वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों ने स्वागत गान एवं नृत्य अभिनय के साथ कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों का स्वागत किया। एसके मिश्रा, प्राचार्य सह सहायक क्षेत्रीय अधिकारी झारखंड जोन-जे ने अभिभावकों एवं बच्चों को संबोधित करते हुए स्कूल की गतिविधियों, नियमों के संदर्भ में विस्तृत रूप से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन में अनुशासन एवं कर्तव्यनिष्ठा का होना बहुत जरूरी है। प्राचार्य मिश्रा ने डीएवी स्कूल की विशेषता बताते हुए कहा कि यह एक ऐसी शिक्षण संस्था है, जहां मानवता की नींव रखी जाती है। ईश्वर तो मनुष्य बनाता है, पर उसमें मानवता रूपी गुण डीएवी संस्था अपने वैदिक विचारों, नैतिक मूल्यों एवं शिक्षकों के माध्यम से प्रदान करती है।
प्राचार्य ने कहा कि आज के बच्चे बहुत ही होनहार एवं समझदार हैं। उन्हें केवल तराशने और उचित मार्गदर्शन देने की जरूरत है। यह पुनीत कार्य हम शिक्षक-अभिभावकों के संयुक्त प्रयास से ही संभव हो पाएगा। उन्होंने अभिभावकों से कहा, मेरा आपसे अनुरोध है कि आप अपने बच्चों की दैनिक गतिविधियों एवं उनके स्वास्थ्य, स्वभाव पर हमेशा ध्यान रखें और समय-समय पर विद्यालय आकर शिक्षकों से मिलकर अपने बच्चों के अध्ययन एवं उनकी गतिविधियों की जानकारी लेते रहें, जिससे बच्चों में सतर्कता बनी रहे। उन्होंने बच्चों से कहा, हम माता-पिता का ऋण कभी नहीं चुका सकते।

# रोल मॉडल बनें एनसीसी कैडेट्स : एसके मिश्रा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
हेहल स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल की एनसीसी 3 झारखंड गर्ल्स बटालियन की 22 कैडेट्स शनिवार को खेलगांव, रांची में सीएटीसी-3, एनसीसी कैंप में भाग लेने के लिए विद्यालय से रवाना हुईं। विद्यालय के प्राचार्य सह-सहायक क्षेत्रीय अधिकारी एसके मिश्रा ने कैडेट्स को रोल मॉडल बनने के लिए सलाह दी। उन्होंने कैडेट्स को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने और पूरे जोश के साथ प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि एनसीसी युवाओं में देश के प्रति कर्तव्य और समर्पण की भावना पैदा करता है। प्राचार्य मिश्रा ने बटालियन की दो कैडेट्स - 'ट्विंकल वर्मा एवं श्रेयसी बाखला' को अखिल भारतीय थल सैनिक कैंप में फायरिंग के लिए चुने जाने पर बधाई दी। एएनओ अनुराधा सिंह ने बताया कि दोनों कैडेट्स को आगामी एनसीसी कैंप में फायरिंग का विधिवत प्रशिक्षण मिलेगा।

## न्यूज बॉक्स

### गंगा दशहरा आज, श्रद्धालु नदियों में करेंगे स्नान



**रांची।** इस वर्ष गंगा दशहरा रविवार को है। इस दिन श्रद्धालु गंगा या अन्य नदियों में स्नान करेंगे। फिर दान-पुण्य करेंगे। ज्ञात हो कि गंगा दशहरा पर्व ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को मनाया जाता है। माना जाता है कि इस दिन मां गंगा अवतरण हुआ था। रांची में मंदिरों और जलाशयों में कई कार्याक्रमों का आयोजन होगा।

### ग्लोबल विलेज के पौधरोपण कार्यक्रम में शामिल हुए रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ



**रांची।** सामाजिक संगठन ग्लोबल विलेज परिवार के पौधरोपण सह पौधा वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ शनिवार को रांची के सांसद एवं रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने लोगों के बीच पौधे का वितरण कर किया। कार्यक्रम का आयोजन ग्लोबल विलेज परिवार के सतीश मिश्रा, रमेंद्र कुमार, रंजन कुमार, जगदीश सिंह जग्गू एवं राणा मिश्रा के नेतृत्व में किया गया था। ग्लोबल विलेज के 18 हजार सदस्यों के संगठन ने पूरे क्षेत्र में पेड़ लगाने और पेड़ सरक्षण के इस महाअभियान के दौरान 11 हजार की संख्या में पौधरोपण करने का संकल्प लिया है। पौधरोपण नामकुम, अनगड़ा, ओरमांझी, रातू से लेकर हजारीबाग तक के सदस्यों द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम में सतीश मिश्र, रमेंद्र कुमार, जगदीश जग्गू, डॉ अभय रंजन श्रीवास्तव, संजय कुमार, मनोज कुमार किंकर, रंजीत महतो, अंबरीश सिंह, नकुल तिर्की, प्रदीप टोप्पो, सत्य गोपाल राय, सपन चक्रवर्ती, धनंजय कुमार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बीआरपी सीआरपी संघ ने विभागीय सचिव को सौंपा ज्ञापन

**रांची ।** बीआरपी सीआरपी एसएस संघ झारखंड प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को विभागीय सचिव को ज्ञापन सौंपा और उनसे मांग की कि आगामी कैबिनेट में बीआरपी सीआरपी की सेवा शर्त नियमावली पास कराई जाए। कहा कि 19 साल की सेवा के उपरांत भी बीआरपी सीआरपी को बुनियादी सुविधा यथा भविष्य निधि कटौती, ग्रुप बीमा से वंचित रखना विभाग के लिए प्रश्न चिह्न की तरह है। संघ द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, सचिव महोदय ने संघ को आश्वस्त किया कि आप लोगों का कार्य पूर्ण हो गया है। जल्द आप सबों को खुशखबरी दी जाएगी। इधर, संघ का कहना है कि इस प्रकार के आश्वासन संघ के प्रतिनिधि को कई माह से मिल रहा है, किंतु फलाफल सकारात्मक नहीं मिलने से सभी बीआरपी सीआरपी में निराशा और हताशा व्याप्त हो गया है। संघ सरकार से अविलंब सेवा शर्त नियमावली लागू करने की मांग करते हुए बीआरपी सीआरपी को उचित मानदेय एवं परियोजनाकर्मी को देय सभी बुनियदि सुविधा की मांग विभागीय सचिव के समक्ष रखी है। प्रतिनिधि मंडल में केंद्रीय अध्यक्ष कृष्णा प्रसाद के साथ संतोष कुमार, राजीव चौधरी, रवींद्र कुमार ठाकुर, कुमार सिकंदर, कुमार रोहित, जनक मुंडा सहित कई लोग उपस्थित थे।



### महाराजा अग्रसेन भवन में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ का सम्मान समारोह आज

**रांची ।** 'नई दिशा' के तत्वावधान में आगामी 16 जून को दिन में 12:15 से 1:15 बजे तक रांची के महाराजा अग्रसेन भवन में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया जाएगा। इसकी सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यह जानकारी 'नई दिशा' के कार्यक्रम संयोजक मुकेश काबरा एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने दी। उन्होंने बताया कि रक्षा राज्य मंत्री बनने के बाद पहली बार रांची आए संजय सेठ के सम्मान समारोह में विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं को आमंत्रित किया गया है। इसमें 55 से भी अधिक संस्थाएं तथा प्रबुद्धजन रक्षा राज्य मंत्री का स्वागत एवं अभिनंदन कर सम्मान करेंगे। उन्होंने कहा कि रांची के सांसद को रक्षा राज्य मंत्री का विशिष्ट स्थान मिलना पूरे झारखंड के लिए गौरव की बात है। उन्होंने सर्व समाज के सभी प्रतिनिधियों से आग्रह किया है कि सम्मान समारोह कार्यक्रम में समय पर पधारें। बताया कि सम्मान समारोह कार्यक्रम की तैयारियों में 'नई दिशा' के मुकेश काबरा, मनीष लोधा, अमित चौधरी, अपना पूर्ण योगदान दे रहे हैं।

### सीसीएल में पॉश अधिनियम पर कार्यशाला का आयोजन



**रांची ।** सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र के मार्गदर्शन में मानव संसाधन विकास विभाग ने प्रकाश हॉल में शनिवार को यौन उत्पीड़न निवारण (पीओएसएच) अधिनियम पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ताओं द्वारा इंटरैक्टिव सत्र में विस्तार से पॉश (पीओएसएच) पर चर्चा की गई। इसमें सीसीएल के मुख्यालय और क्षेत्रों सहित कुल 31 अधिकारियों ने भाग लिया। महाप्रबंधक (एचआरडी) आरके पांडेय ने सभी प्रतिभागियों और संकाय सदस्यों का स्वागत किया। पहले सत्र में सीसीएल की सीएमएस डॉ सुमन सिंह ने पॉश अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों एवं एक महिला कर्मचारी के अधिकारों से प्रतिभागियों को अवगत कराया गया। उन्होंने आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) की भूमिकाओं, जिम्मेदारियों और प्रक्रियाओं के बारे में भी विस्तार से बताया। दूसरे सत्र में सुचिंद्रा ने पीओएसएच अधिनियम के तहत अधिकारों और जिम्मेदारियों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने अधिनियम के तहत कर्मचारियों और नियोक्ताओं दोनों के अधिकारों और जिम्मेदारियों को रेखांकित किया। 'कार्यस्थल पर रोकथाम और व्यवहार' विषय पर सत्र को रश्मि साहा ने संबोधित किया। साहा एक फ्रीलांसर और एनजीओ प्रमुख एवं विषय विशेषज्ञ भी हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में एचआरडी विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सीसीएल के इस आयोजन को सभी महिला कर्मियों ने सराहना की।

# विदेशी एजेंसियों और विरोधियों के दुष्प्रचार से भ्रमित हुए मतदाता : रवींद्र

### खूंटी संसदीय सीट पर हुई हार पर भाजपा नेताओं ने किया मंथन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची/खूंटी**
संसदीय चुनाव के दौरान खूंटी लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी रहे पूर्व सांसद रवींद्र राय ने कहा कि विदेशी एजेंसियां भारत में हो रहे सांस्कृतिक परिवर्तन से चिंतित हैं। यही कारण है कि भाजपा उम्मीदवार को परास्त करने के लिए उन्होंने संविधान बदलने, आरक्षण खत्म करने जैसा दुष्प्रचार किया और इस क्षेत्र के भोले-भाले ग्रामीण उनके भ्रमजाल में आ गये। विरोधी खासकर कांग्रेस और झामुमो दुष्प्रचार करने में सफल रहे। यही कारण है कि झारखंड की सुरक्षित सभी पांच सीटों पर भाजपा उम्मीदवारों को पराजय का सामना करना पड़ा। रविंद्र राय शनिवार को तोरपा के विधायक कोचे मुंडा के ममरला स्थित आवासीय परिसर में आयोजित खूंटी लोकसभा स्तरीय समीक्षा बैठक के दौरान पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विदेशी एजेंसियों द्वारा महीनों से आादिवासियों के बीच पर्चा बांटा गया, जिसमें कहा कि मोदी सरकार ने धारा 370 को जिस प्रकार खत्म कर दिया, उसी प्रकार झारखंड की अनुसूची पांच और छह में मिले आदिवासियों के अधिकार को भाजपा सरकार समाप्त कर देगी और संविधान को भी खत्म कर देगी। राय ने कहा कि विदेशी एजेंसियां महीनों से इस दुष्प्रचार में लगी थी। उन्होंने कहा कि गांव के भोले-भाले लोगों को बरगलाया गया। विदेशी शक्तियों के साथ मिलकर कांग्रेस और झामुमो ने दुष्प्रचार किया। ऐसी शक्तियों द्वारा समाज को भ्रमित करने का काम किया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा की यह परिपाटी रही है कि हार हो जीत, चुनाव परिणााम की समीक्षा की जाती है और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की राय ली जाती है। साथ ही कहा कि बैठक के दौरान हार की समीक्षा की जा रही है और उसमें सुधार किया जायेगा। राय ने कहा कि अभी हमें बहुत जल्द विधानसभा चुनाव में जाना है। इसको लेकर तैयारी की जा रही है। चुनाव के दौरान संगठन की निष्क्रियता से इनकार करते हुए रवींद्र राय ने कहा कि जो भी वोट मिले हैं, वे समर्पित कार्यकर्ताओं की बदौलत ही मिले हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा राष्ट्रीय पुनर्निर्माण के कार्य में लगी है और हम निरंतर प्रस्तुति और परिस्थिति की समीक्षा करते हैं। इस मौके पर भाजपा के संगठन महामंत्री कमवीर सिंह, राज्यसभा सदस्य प्रदीप वर्मा, पूर्व मंत्री भानु प्रताप शाही, विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, विधायक कोचे मुंडा, पूर्व मंत्री बिमला प्रधान, विधायक प्रतिनिधि काशीनाथ महतो, अरुण चंद्र गुप्ता, चंद्रशेखर गुप्ता, भगीरथ राय, शशांक शेखर राय, विनोद भगत, रामानंद साहू, लक्ष्मण बड़ाईक, पुरेन्द्र मांझी, रामध्यान सिंह, श्रद्धानंद बेसरा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## 'एससी से मंत्री बना कर उनकी हिस्सेदारी सुनिश्चित करें सीएम'

**रांची।** संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विजय शंकर नायक ने शनिवार को झारखंड में संभावित मंत्रिमंडल विस्तार पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए अनुसूचित जाति से मंत्री बनाने की मांग की है। उन्होंने कहा की हेमंत सोरेन मंत्रिमंडल में भी अनुसूचित जाति समाज को मंत्री नहीं बनाया गया था और उन्हें हिस्सेदारी , भागीदारी से वंचित रखा गया था जो की संविधान का खुला-खुलम उल्लंघन था। नायक ने आगे कहा कि अब चुकी हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री नहीं रहे अब मुख्यमंत्री चंपई सोरेन हैं और ऐसी संभावना व्यक्त की जा रही है कि आने वाले दिनों में जो दो रिक्त मंत्रिमंडल के पद हैं उसका विस्तार किया जाना है । ऐसे में 14 % अनुसूचित जाति समाज आशान्वित है कि चंपाई सोरेन जी के मंत्रिमंडल विस्तार में अनुसूचित जाति समाज को भी इस बार भागीदारी मिलेगा और इस वंचित समाज से मंत्री बनाकर उन्हें हिस्सेदारी मिलेगी जो उनका संवैधानिक अधिकार है जिससे अब वंचित नहीं किया जा सकता है।

# 2500 से ज्यादा भक्तों ने ग्रहण किया श्री श्याम भंडारे का प्रसाद

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में शनिवार को 116वां श्री श्याम भंडारा भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। 2500 से ज्यादा भक्तजनों ने भंडारे का महाप्रसाद प्राप्त किया।



ज्ञात हो कि श्री श्याम मित्र मंडल प्रत्येक शनिवार को यहां भंडारे का आयोजन करता है।
श्री श्याम मित्र मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया एवं उपमंत्री अनिल नारनोली के नेतृत्व में पुष्पा देवी पोद्दार, स्नेह पोद्दार, स्नेहा पोद्दार ने श्री श्याम मंदिर में विराजमान खाटूनरेश, रिद्धि-सिद्धि, शिव परिवार, बजरंगबली, लड्डू गोपाल, शालिग्रामजी, गरुड़जी व गुरुजनों को भंडारे का प्रसाद अर्पित किया। भोग लगे प्रसाद को पोद्दार परिवार ने विशाल वृहद भंडारे में मिश्रित करके सर्वप्रथम मंदिर के आचार्यों को प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद श्री गणेश जी महाराज के जयकारों के साथ मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में यजमान परिवार ने श्री श्याम भंडारे का प्रसाद का वितरण किया। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, श्रवण ढानढनिया, प्रदीप राजगढ़िया, श्याम सुंदर शर्मा, राजीव रंजन मित्तल, पुष्पा देवी पोद्दार, स्नेह पोद्दार, स्नेहा पोद्दार, जगदीश ढानढनिया, सुलोचना पोद्दार, अमित पोद्दार, आशीष डालमिया, अनुज मोदी, अमित सरावगी, पवन शर्मा, कमलेश सावा, मनोज खेतावत, उपेंद्र पांडे, मनीष वर्मा सहित 50 से ज्यादा स्वयंसेवकों ने भंडारा वितरण में सहयोग किया।

### निर्जला एकादशी कल

**हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में आगामी 17 जून को रात्रि 9:30 बजे से एकादशी कीर्तन भव्य रूप से किया जाएगा। कोलकाता, बेंगलुरु से मंगाए जा रहे फूलों से विशेष शृंगार किया जाएगा। नवीन बागा पहनाकर बाबा श्याम को सजाकर भक्तों द्वारा भजनों का कार्यक्रम देर रात्रि तक होगा।**

### सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा पाठ 18 को

**हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को 106वां श्री सुंदरकांड एवं श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन दोपहर 4:30 बजे से होगा। यह जानकारी मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।**

# रांची में छिनतई गिरोह के दो शातिर अपराधी और एक दुकानदार गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
लोअर बाजार थाना की पुलिस ने छिनतई गिरोह के दो शातिर अपराधियों सहित एक दुकानदार को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में चोरी के जेवर खरीदने वाले दुकानदार अश्विनी प्रकाश गुप्ता, मोहम्मद उमर और मोहम्मद प्रिंस शामिल हैं। इनके पास से गलाया हुआ सोना 16.40 ग्राम, सोना चेक करने वाला पत्थर, 11 हजार नकदी, कपड़ा और बाइक बरामद किया गया है।



एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गत पांच जून को रातू रोड निवासी मनोज कुमार सिंह की पत्नी गीता सिंह सेंटेविटा अस्पताल के पीछे से जा रही थी। इसी दौरान बाइक सवार दो अपराधियों ने इनके गले से सोने का चेन छीन कर भाग गए। अनुसंधान के कम में सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों की पहचान की गई।
अनुसंधान के दौरान यह बात प्रकाश में आई कि अपराधियों ने घटना को अंजाम देने के लिए जिस बाइक का उपयोग किया है, वह बाइक पथलकुदवा से चोरी हुई थी। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। दोनों से पूछताछ के आधार सोने की चेन खरीदने वाले अश्विनी प्रकाश गुप्ता के फिरायालाल चौक स्थित दुकान से गलाया हुआ सोना बरामद किया गया। दुकानदार ने भी स्वीकारोक्ति में चेन खरीदने की बात को स्वीकार की। एसएसपी ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी मोहम्मद उमर और मोहम्मद प्रिंस के खिलाफ पूर्व से कई मामले दर्ज हैं।

# अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट को ले चरणबद्ध आंदोलन होगा : महतो

### अखिल झारखंड अधिवक्ता संघ की हुई बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
आजसू पार्टी की अनुषंगी इकाई अखिल झारखंड अधिवक्ता संघ राज्य में अधिवक्ताओं पर हो रहे हमलों को लेकर काफी गंभीर है और राज्य में अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने को लेकर राज्य सरकार पर दबाव बनाने के लिए आंदोलन का मूड बना रहा है। शनिवार को रांची जिला बार एसोसिएशन के प्रथम तल पर अखिल झारखंड अधिवक्ता संघ की हुई एक बैठक में आंदोलन की की रूप रेखा पर विचार विमर्श किया गया।
मौके पर अखिल झारखंड अधिवक्ता संघ के प्रधान महासचिव भरत चंद्र महतो ने कहा कि झारखंड में अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग काफी अरसे से की जा रही है, लेकिन झारखंड सरकार इस दिशा में कोई पहल नहीं कर रही है। बीसी महतो ने कहा कि राजस्थान, मध्य प्रदेश और कर्नाटक में अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि अखिल झारखंड अधिवक्ता संघ राज्य सरकार को ज्ञापन सौंप कर झारखंड में भी अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग करेगी। इसके बाद भी यदि राज्य सरकार इस मामले पर कोई पहल नहीं करती है, तो अखिल झारखंड अधिवक्ता संघ चरणबद्ध ढंग से आंदोलन शुरू करेगी। इसके साथ ही महतो ने अधिवक्ताओं को टोल टैक्स से मुक्त रखने, अधिवक्ताओं को आयुष्मान कार्ड योजना से जोड़ने और सभी अधिवक्ताओं का राज्य सरकार की ओर से पांच-पांच लाख रुपये का सामूहिक बीमा करने की भी मांग की। बैठक में संघ की उपाध्यक्ष रेखा वर्मा, अजहर अहमद खान, आशीर्वाद बेदिया, निरंजन राम, मृत्युंजय प्रसाद, शिव कुमार यादव, सतेंद्र सिंह, विजय कुमार गुप्ता, नीतीश कुमार नाग, मेघा नैया, अर्चना वर्मा, बिपिन बिहारी देवरत्न, अमित कुमार समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित थे।

# ईडी के समन की अवहेलना मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कोर्ट में नहीं हुए पेश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



ईडी के समन की अवहेलना मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शनिवार को भी एमपी-एमएलए के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी सार्थक शर्मा की कोर्ट में पेश नहीं हुए। इस मामले में हेमंत सोरेन की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए ईडी ने कोर्ट में एक आवेदन दिया है। ईडी के इस आवेदन पर अदालत 28 जून को सुनवाई करेगा। आवेदन में ईडी ने अनुरोध किया है कि आरोपित हेमंत सोरेन अभी जेल में हैं। उनकी इस मामले में उपस्थिति दर्ज कराई जाए। इस आवेदन के आलोक में बिरसा मुंडा जेल अधीक्षक के पास पत्र लिखा गया है। इससे पूर्व तीन जून को सीजेएम कृष्ण कांत मिश्रा ने यह मामला एमपी-एमएलए कोर्ट में स्थानांतरित कर दिया था। पूर्व में सीजेएम कोर्ट द्वारा मामले में संज्ञान लिए जाने के बावजूद भी हेमंत सोरेन की उपस्थिति चौथी बार सीजेएम कोर्ट में नहीं हुई थी। मामले में हेमंत सोरेन की ओर से सीजेएम कोर्ट के समन आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती दी गई है।

### क्या है मामला

ईडी ने समन की अवहेलना करने के मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ सीजेएम कोर्ट में ईडी ने 19 फरवरी को शिकायत वाद दर्ज कराया था। इस पर गत चार मार्च को सीजेएम कोर्ट ने सुनवाई करते हुए संज्ञान लिया था और मुकदमा चलाने का निर्देश दिया था। सुनवाई के दौरान ईडी ने अदालत को बताया था कि जमीन की खरीद-बिक्री मामले में ईडी ने हेमंत सोरेन को दस बार समन जारी किया गया था। आठवें समन पर 20 जनवरी और दसवें समन पर 31 जनवरी को ईडी के समक्ष उपस्थित हुए थे।

## पूर्व मंत्री आलमगीर आलम सहित नौ आरोपियों की न्यायिक हिरासत अवधि 29 तक बढ़ी



**रांची।** टेंडर कमीशन घोटाला मामले में मंत्री आलमगीर आलम सहित नौ आरोपियों की न्यायिक हिरासत अवधि 14 दिनों के लिए बढ़ा दी गई है। सभी आरोपियों की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में शनिवार को हुई। अब इनकी अगली पेशी 29 जून को होगी। आरोपितों में पूर्व मंत्री आलमगीर आलम, संजीव लाल, जहांगीर आलम, ग्रामीण कार्य विभाग के पूर्व मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम, उनका भतीजा आलोक रंजन, हरीश यादव, नीरज मित्तल, रामप्रकाश भाटिया और तारा चंद शामिल हैं। टेंडर घोटाला मामले में ईडी ने पहली कार्रवाई 21 फरवरी, 2023 को की थी। इस समय ग्रामीण विकास विभाग के पूर्व मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम के कई ठिकानों पर ईडी ने छापेमारी की थी। इसके बाद 23 फरवरी को ईडी ने वीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया था। मामले में वीरेंद्र राम के करीबी और सहयोगियों को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। वीरेंद्र राम को रिमांड पर लेकर हुई ईडी की पूछताछ में टेंडर कमीशन में कई लोगों के शामिल होने की जानकारी ईडी को मिली थी। उल्लेखनीय है कि ईडी ने बीते पांच मई को टेंडर कमीशन घोटाले में मंत्री आलमगीर के पीएस संजीव लाल और उसके नौकर जहांगीर सहित अन्य लोगों के ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान ईडी ने संजीव लाल के नौकर जहांगीर और बिल्डर मुन्ना सिंह के ठिकानों से कुल 35.23 करोड़ रुपये नकदी बरामद किये थे। इस मामले में ईडी ने पांच मई की देर रात आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल और उसके नौकर जहांगीर आलम को गिरफ्तार कर लिया था।

### एफजेसीसीआई की चार उपसमितियों की हुई बैठक

# बिजली की कटौती से हो रही समस्या : जसविंदर सिंह

### टेली कम्युनिकेशन उपसमिति ने की प्राइवेट ऑपरेटर्स की मनमानी पर चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (एफजेसीसीआई) के टेली कम्युनिकेशन, स्टील फैब्रिकेशन, स्वच्छ भारत व पौधरोपण तथा फिल्म, कला एवं संस्कृति उप समिति की संयुक्त बैठक शनिवार को चैंबर भवन में हुई। बैठक की अध्यक्षता चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने की। इसमें टेली कम्युनिकेशन के क्षेत्र में प्राइवेट ऑपरेटर्स की मनमानी पर चर्चा की गई। उप समिति चेयरमैन अनिश सिंह ने कहा कि हमें शिकायतें मिल रही हैं कि पोस्टपेड ग्राहकों को मनमाना बिल थमाया जा रहा है, जिसपर पत्राचार का निर्णय लिया गया है। राज्य में पावरकट की समस्या पर सदस्यों ने चिंता जताई। स्टील फैब्रिकेशन उप समिति के चेयरमैन जसविंदर सिंह ने कहा कि बिजली की कटौती के कारण उत्पादन में समस्या हो रही है, जिससे व्यापारियों को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है। वृक्षों की अंधाधुंध कटाई से पर्यावरणीय संकट उत्पन्न होने पर स्वच्छ भारत पौधरोपण उप समिति ने चिंता जताते हुए पौधरोपण के महत्व पर चर्चा की। उप समिति चेयरमैन किशन अग्रवाल ने आग्रह किया कि चैंबर सदस्य जिनके पास पर्याप्त भूमि हो, वे आगे आएं, हमारी उप समिति उसमें पौधरोपण की पहल करेगी। फिल्म कला संस्कृति की बैठक में उप समिति चेयरमैन आनंद जालान ने अवगत कराया कि सोमवार 17 जून को चैंबर भवन में प्रसिद्ध बॉलीवुड कलाकार राजपाल यादव और मुबिन सौदागर को चैंबर सम्मानित करेगा। चैंबर उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा ने उप समितियों की बैठकों को व्यापार और उद्योग जगत के अनुकूल बताते हुए, अन्य सभी उप समितियों से अपनी कमिटी की बैठकों का आयोजन करने की अपील की। बैठक में चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री, उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, कोषाध्यक्ष ज्योति कुमारी, उप समिति चेयरमैन अनिश सिंह, सदस्य जसविंदर सिंह, किशन अग्रवाल, परमजीत सिंह चाना, साबिर हुसैन सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

# माहेश्वरी वंशोत्पति दिवस पर निकली शोभायात्रा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
5157वें माहेश्वरी वंशोत्पति दिवस पर शनिवार को प्रातः 7:00 बजे माहेश्वरी भवन से प्रभातफेरी शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा लक्ष्मी नारायण मंदिर से प्रारंभ होकर कार्ट सराय रोड, गाड़ी खाना, हरमू रोड, नॉर्थ मार्केट रोड, जे जे रोड, बड़ा लाल स्ट्रीट होते हुए वापस श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर पहुंची। पूरे रास्ते मुकेश काबरा, मनोज काबरा, मनोज कल्याणी, विभोर डागा, मोहित सोमानी आदि भजन गायकों ने अपने मधुर भजनों से सबको भाव विभोर कर दिया। शोभायात्रा में ट्रैक्टर में विराजमान भगवान महेश की विशाल प्रतिमा की आरती पूजन किया गया।
शोभायात्रा में बहुत बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। समाज के ओम महेश्वरी अपनी पत्नी संगीता महेश्वरी और पूरे परिवार के साथ समाज द्वारा स्थापित श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर स्थित शिवालय में भगवान महेश का रुद्राभिषेक एवं हवन किया। शोभायात्रा के बाद प्रसाद स्वरूप अल्पाहार की व्यवस्था प्रभात साबू एवं अजय शंकर साबू के सहयोग से की गई थी। शोभायात्रा एवं रुद्राभिषेक कार्यक्रम के संयोजक अजय शंकर साबू, उमाशंकर पेड़ीवाल, कुमुद लखोटिया एवं भावना काबरा थीं। शोभायात्रा में प्रदेश अध्यक्ष राज कुमार मारु, प्रदेश कोषाध्यक्ष शिव शंकर साबू, प्रदेश सहमंत्री अनिल कुमार साबू, प्रदेश ट्रस्ट अध्यक्ष अशोक साबू, प्रदेश महिला समिति सचिव संगीता चितलांगिया, आदि मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स



मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से शनिवार को मोरहाबादी स्थित आवास में जैप की कमांडेंट सरोजिनी लकड़ा ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।



स्वयंसेवी संगठन विकास भारती के रांची केंद्र पर महिला एवं बाल विकास मंत्री, भारत सरकार अन्नपूर्णा देवी का स्वागत करते संगठन के सचिव अशोक भगत व विकास भारती रांची के सदस्य।



शनिवार को कल्पना सोरेन से विभिन्न जगहों से आए हुए पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मुलाकात की और उन्हें गांडेय विधानसभा उपचुनाव में निर्वाचित होने की बधाई व शुभकामनाएं दीं।



रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रांची पहुंचने पर एयरपोर्ट के बाहर अपनी कर्मभूमि झारखंड को झुक कर प्रणाम किया।

### विधानसभा चुनाव को लेकर जदयू की हुई बैठक

**रांची।** लोकसभा चुनाव परिणाम में जदयू के बेहतर प्रदर्शन से पार्टी कार्यकर्ता खासे उत्साहित हैं। प्रदेश जदयू ने लोकसभा चुनाव परिणाम के ठीक बाद झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारी और बैठकें आरंभ कर दी है। प्रदेश जदयू अध्यक्ष सह राज्यसभा सदस्य खीरू महतो की अध्यक्षता में जदयू के विधानसभा उम्मीदवारों, पूर्व विधायक एवं प्रमुख लोगों की शनिवार को प्रदेश कार्यालय में बैठक हुई। खीरू महतो ने सभी को विधानसभा क्षेत्र में सदस्यता अभियान तेज करने, विधानसभा सम्मेलन करने एवं मतदाताओं को पार्टी के कार्यक्रमों से जोड़ने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पंद्रह हजार सदस्य वाले विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव लड़ने पर पार्टी जोर देगी। बैठक में पूर्व मंत्री सुधा चौधरी, पूर्व विधायक कामेश्वर दास, डॉ आफताब जमिल, त्रिवेणी वर्मा, श्रवण कुमार, भगवान सिंह, संजय सिंह, सागर कुमार, पिंटू सिंह, उपेंद्र सिंह, संतोष सोनी, सुनील सिन्हा, रमाकान्त मण्डल, दीप नारायण सिंह, विश्राम मुण्डा, रामाशीष डांगी, केदार भुईयां, प्रदीप महतो, मनोज सिंह, मनोज सिन्हा सहित अन्य मौजूद थे।

### जमीन घोटाला मामले में राजकुमार पाहन की अग्रिम जमानत पर सुनवाई छह जुलाई को

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े जमीन घोटाला मामले में जमीन के मूल रैयत राजकुमार पाहन की अग्रिम जमानत याचिका पर शनिवार को सुनवाई हुई। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई की तिथि छह जुलाई निर्धारित की है। पूर्व में दोनों पक्षों की ओर से बहस हुई थी। ईडी ने इस मामले में राजकुमार पाहन को भी आरोपित बनाते हुए उसके खिलाफ आरोप पत्र (चार्जशीट) दाखिल कर चुकी है। ईडी के चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए कोर्ट ने समन जारी किया है। इसके बाद से उस पर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है। गिरफ्तारी से बचने के लिए राजकुमार पाहन ने एक मई को पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में अग्रिम जमानत याचिका दायर की थी। यह मामला बड़गाई अंचल के अधीन 8.86 एकड़ जमीन फजीर्वाड़ा से जुड़ा है। इस मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी ने 31 जनवरी को गिरफ्तार किया था। मामले में 30 मार्च को ईडी ने हेमंत सोरेन सहित पांच के खिलाफ कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया था। चार्जशीट में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बड़गाई अंचल के निलंबित उप राजस्व कर्मी भानु प्रताप प्रसाद, जमीन के मूल रैयत राजकुमार पाहन, आर्किटेक्ट बिनोद सिंह और हिलेरियस कच्छप के नाम शामिल हैं।

### आजसू केंद्रीय समिति की बैठक आज रांची में

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो की अध्यक्षता में 16 जून को रांची में केंद्रीय समिति की बैठक होगी। बैठक में पार्टी के केंद्रीय पदाधिकारी, केंद्रीय सदस्य, विधानसभा क्षेत्र प्रभारी, जिला प्रभारी, जिलाध्यक्ष एवं सचिव, जिला परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्य, प्रमुख एवं उपप्रमुख, महानगर अध्यक्ष एवं सचिव भाग लेंगे। इनके अलावा सभी अनुषांगिक इकाइयों (अखिल झारखंड महिला संघ, अखिल झारखंड छात्र संघ, युवा आजसू, आजसू बुद्धिजीवी मंच, अखिल झारखंड श्रमिक संघ, अखिल झारखंड किसान संघ, अखिल झारखंड अधिवक्ता संघ, अखिल झारखंड उद्योग एवं व्यापार संघ, अखिल झारखंड पिछड़ा वर्ग महासभा, अखिल झारखंड अल्पसंख्यक महासभा, अखिल झारखंड अनुसूचित जनजाति महासभा, अखिल झारखंड अनुसूचित जाति महासभा एवं आजसू पार्टी कला-संस्कृति प्रकोष्ट) के केंद्रीय अध्यक्ष एवं महासचिव उपस्थित रहेंगे।

## एक नजर

### खतियानी परिवार की हुई बैठक

**हजारीबाग।** खतियानी परिवार की बैठक हजारीबाग धरना स्थल के समीप अशोक राम की अध्यक्षता में हुई। बैठक में झारखंड आन्दोलनकारी रफत हसन के अचानक मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया गया।वो अपने पीछे पत्नी और एक बच्ची को छोड़ गये।घरेलू हालत पहले से काफी खराब थी।बैठक में सरकार से उनकी बच्ची को सरकारी नौकरी देने एवं उनकी पत्नी को आन्दोलनकारी पेन्शन हस्तांतरित करने की मांग की गई। बैठक में सईद अहमद,बोधी साव,सुबोध कुमार,शम्भू ठाकुर,बिन्दू देवी,दुलारी देवी,महेश विश्वकर्मा,बाबु भाई विद्रोही समेत अन्य साथी उपस्थित थे।

### अतिक्रमण की समस्या पर एसडीओ और फुटपाथ दुकानदार संघ की हुई बैठक

**हजारीबाग।** शनिवार को गरीब फुटपाथ दुकानदार संघ के साथ एक बैठक एसडीओ ऑफिस में एसडीओ शैलेश कुमार के साथ हुई। श्री कुमार ने अतिक्रमण हटाओ अभियान की जानकारी संघ को दी।फुटपाथ दुकानदारों ने जहां ट्रैफिक की समस्या है वहा से अतिक्रमण हटाने का आग्रह किया।बैठक की अध्यक्षता एसडीओ शैलेश कुमार ने की।बैठक में गरीब फुटपाथ दुकानदार संघ के अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता,विजय कुमार गुप्ता,रविंद्र महतो, शहादत अंसारी,मो सलीम भाई समेत संघ के कई अन्य सदस्य उपस्थित हुए।

### सासंद से मिले सहारा इंडिया के कार्यकर्ता

**हजारीबाग।** शनिवार को नव निर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल से सहारा इंडिया परिवार के कार्यकर्ताओं ने मुलाकात कर उन्हें जीत की बधाई दी।कार्यकताओं ने उन्हे सेबी और सहारा इंडिया के बीच लंबित विवाद के निपटारे के लिए प्रधानमंत्री के नाम लिखा एक पत्र भी सौंपा।उक्त मुलाकात में सोनी, मनोज, राकेश, राजू, महावीर, जैन एवं सुरेश ठाकुर सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे।

### बिनोद विश्वकर्मा ने उपायुक्त से मिलकर पेयजल समस्या को दूर करने की मांग की

**बरही ।** झामुमो पूर्व प्रत्याशी बरही विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय नेता बिनोद विश्वकर्मा हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय से मिले। इस दौरान श्री विश्वकर्मा ने बताया की बरही व चौपारण प्रखण्ड में पिछले लगभग दस वर्षों से क्षेत्र की जनता पेयजल आपूर्ति ठप रहने के कारण पेयजल ही नहीं अपने दैनिक क्रियाओं के लिए भी पानी खरीदकर उपयोग करने के लिए मजबूर हैं। आज भीषण गर्मी के कारण जल स्तर नीचे चले जाने के कारण अधिकांशतः बोरिंग चापकल कुआं सूख चुका है। पूरे क्षेत्र की जनता पानी के लिए त्राहिमाम कर रही है। ग्रामीणों के द्वारा सैकड़ो हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन विभागीय मंत्री मिथिलेश ठाकुर के नाम सौंपा। वही उपायुक्त नैन्सी सहाय ने इस गंभीर समस्या को लेकर विभागीय पदाधिकारी के साथ शीघ्र बैठक कर समस्या का समाधान करने का प्रयास करने की बात कही।

---

**पीड़िता ने 28 मार्च को थाने में यौन उत्पीड़न का मामला कराया था दर्ज, आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर**

# कस्तूरबा स्कूल की नाबालिग गर्भवती छात्रा ने प्रसव के दौरान तोड़ा दम



**शादी का झांसा देकर प्रेमी ने किया था कई बार यौन शोषण, बाद में शादी करने से कर दिया इनकार**

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बरकट्ठा की यौन शोषित नाबालिग गर्भवती छात्रा की शुक्रवार को प्रसव के दौरान मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार छात्रा वर्ग दशम में अध्ययनरत थी। छात्रा को फेसबुक के माध्यम से बरही थाना क्षेत्र के तिलोकरी निवासी रूपेश राम, पिता महादेव राम से प्यार हो गया। पठन पाठन के दौरान ही प्रेमी द्वारा कई बार नाबालिग छात्रा को शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने और नाबालिग छात्रा को गर्भवती कर प्रेमी द्वारा शादी से इंकार करने का मामला पूर्व में प्रकाश में आया था। इस बाबत नाबालिग छात्रा ने 28 मार्च 2024 को आरोपी प्रेमी के विरुद्ध शादी का झांसा देकर यौन शोषण व गर्भवती कर शादी से इंकार करने का मामला बरकट्ठा थाना में दर्ज कराई थी। जहां प्राथमिकी के बाद से आरोपी प्रेमी पुलिस की गिरफ्त से बाहर चल रहा है। इधर गर्भवती छात्रा को प्रसव की पीड़ा होती है जहां परिजनों ने उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कर प्रसव कराई। जहां प्रसव के दौरान जच्चा और बच्चा की मौत हो गई। छात्रा की मौत के बाद बरकट्ठा पुलिस की नाकामी और घटना के तीन माह बाद भी आरोपी की गिरफ्तार नहीं करने के बाद लोगों में आक्रोश है। घटना के बाद जब पुलिस शव को लाने पीड़िता के घर गये , वहां भी पुलिस प्रशासन के प्रति लोगों का गुस्सा फुट पड़ा। वहीं पुलिस ने लोगों को समझा बुझाकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया है।

**क्या कहते हैं थाना प्रभारी :** घटना के बाद बरकट्ठा थाना प्रभारी राजेश कुमार भोक्ता ने बताया कि आरोपी रूपेश राम की गिरफ्तारी के लिए कई बार प्रयास किया गया लेकिन वह अभी तक पुलिस की गिरफ्त में नहीं आया है। वह कहीं भाग जाये उसे पुलिस जरूर अपने गिरफ्त में करेंगी।

**क्या कहती हैं विद्यालय की वार्डन**

घटना के बाद विद्यालय की वार्डन सिंपल कुमारी ने बताया कि मेरे अनुपस्थिति में विद्यालय से छात्रा उक्त लड़के को अपना भाई बताकर विद्यालय से बाहर जाया करती थी। सूचना मिलने पर हमने उसे काफी डांट लगाई थी। छात्रा ने इस संबंध में कभी भी किसी को नहीं बताया और इस मामले में फंसती गयी।

**क्या कहती है स्थानीय जिला परिषद सदस्य**

घटना को लेकर स्थानीय जिला परिषद सदस्या प्रेरणा प्रिया ने बताया कि कस्तूरबा गाँधी आवासीय विद्यालय की वार्डेन एवं गार्ड की लापरवाही एवं अनुशासनहीनता के कारण ऐसी शर्मनाक घटना घटी है। उन्होंने बताया कि विद्यालय भ्रमण के दौरान कई छात्राओं ने बताया कि वार्डन के द्वारा हमेशा विद्यार्थियों को टॉर्चर किया जाता है। वहीं छात्राओं को पौष्टिक व मेन्यू के अनुसार गुणवत्तापूर्ण भोजन भी नहीं दिया जाता है। उन्होंने विद्यालय के दोषियों पर अविलम्ब कार्रवाई करने की मांग की है। प्रेरणा प्रिया ने कहा कि स्कूल में इस तरह की घटना घट जाती है और वार्डेन इस पर ध्यान नहीं देती हैं। यह काफी गंभीर मामला है। इस तरह की घटना होती रही तो अभिभावक बच्चों को स्कूल जाना बंद करवा देंगे। उन्होंने प्रशासन से अनुरोध किया है कि आरोपी की गिरफ्तार कर उसपर संख्त से सख्त कार्रवाई की जाये ताकि लोगों का विश्वास बना रहे।

---

**आईसेक्ट विवि में म्यूजिक व डांस की कक्षाएं 21 जून से**

# नि:शुल्क रजिस्ट्रेशन कराकर विद्यार्थी कक्षाओं में हो सकते हैं शामिल : कुलसचिव



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
आईसेक्ट विश्वविद्यालय म्युजिक और डांस में रूचि रखने वाले विद्यार्थियों के लिए सुनहरा मौका लेकर आया है। दरअसल संध्याकालीन म्यूजिक एवं डांस की कक्षाएं शुरू की जा रही है, जिसकी शुरूआत आगामी 21 जून से होगी। उक्त जानकारी आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने दी और बताया कि सप्ताह में शनिवार और रविवार दो दिन शाम 3 बजे से 6 बजे तक कक्षाएं संचालित होगी, जिसमें निः शुल्क रजिस्ट्रेशन कराकर विद्यार्थी कक्षाओं में शामिल हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि म्युजिक और डांस में रूचि रखने वाले विद्यार्थियों के लिए यह सुनहरा मौका होगा। उन्होंने बताया कि फिलहाल क्लासिकल म्यूजिक, लाइट म्यूजिक, बॉलीवुड सॉन्ग, क्लासिकल डांस, सेमी क्लासिकल डांस व बॉलीवुड डांस का प्रशिक्षण विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की प्राध्यापिका कुमारी सीमा के माध्यम से दिया जाएगा। वहीं प्राध्यापिका कुमारी सीमा ने कहा कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से विद्याथीर्यों को डांस और म्यूजिक की बारीकियों से अवगत तो कराया जाएगा ही, साथ ही उचित प्लेटफार्म प्रदान कर इनके प्रतिभा को निखारने की भी पूरी कोशिश होगी। इच्छुक विद्यार्थी मटवारी, गांधी मैदान स्थित आईसेक्ट विश्वविद्यालय के सिटी कार्यालय में आकर इस बाबत विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### रंगदारी मामले में पुलिस ने एक अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

**रामगढ़।** गत 9 जून को पतरातू थाना निवासी प्रेम पाण्डेय, पिता राम कुमार पाण्डेय, सा०-जयनगर, थाना-पतरातू, जिला-रामगढ़ को विकास तिवारी गिरोह के सदस्य द्वारा फोन पर रंगदारी की मांग की गई। इस संदर्भ में पतरातू थाना काण्ड सं0-158/2024, दिनांक-14.06. 2024, धारा-385/387 भादवि अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज किया गया। उक्त काण्ड के उदभेदन एवं आवश्यक कार्रवाई को लेकर पुलिस अधीक्षक रामगढ़ द्वारा अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी पतरातू के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस अधीक्षक के दिशा-निर्देशन में उक्त टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए काण्ड के उद्भदन हेतु तमाम तकनीकी साक्ष्य का अवलोकनपरांत काण्ड के अभियुक्त सुरज साव उम्र करीब 23 वर्ष, पे०-विनोद साव, सा०-दिगवार, थाना-माण्डू (कुज्जू), जिला-रामगढ़ को गिरफ्तार किया गया। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक डॉ बिमल कुमार ने शनिवार को प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ के क्रम इनके द्वारा अपराध स्वीकार किया गया। घटना में प्रयुक्त किया गया 2 पीस मोबाईल बरामद किया गया।

---

**शांति पूर्ण बकरीद मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक**

## असमाजिक तत्वों पर पुलिस की होगी पैनी नजर नमाज के दौरान तैनात रहेगी पुलिस : इंस्पेक्टर



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में बकरीद संपन्न करवाने को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई. जिसकी अध्यक्षता सीओ रामनारायण खलको एवं संचालन इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार ने किया. बैठक में कई राजनीतिक और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए. सबों ने अपने विचार और सुझाव दिए. सामाजिक कार्यकर्ता मो कयूम अंसारी ने कहा कि उनके क्षेत्र में सौहार्दपूर्ण त्योहार मनाया जाता रहा है, बाबजूद बकरीद के नमाज के दौरान पुलिस की गश्ती आवश्यक है. बेंदगी मुखिया सिकंदर कुमार राणा ने भीं शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए असमाजिक तत्वों पर नकेल कसने की सलाह दिया. 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा ने भी लोगो से प्रतिबंधित पशुओं की कुबार्नी नही करने की अपील किया. डीलर संघ के प्रदेश अध्यक्ष ने लोगो से शांति और सौहार्द वातावरण में त्योहार मनाने की बात कही. जिप सदस्या प्रीति कुमारी ने अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और सोशल मीडिया पर अनावश्यक पोस्ट करने से बचने की सुझाव दिया. सीओ ने लोगो से शांति और सौहार्द वातावरण में त्योहार मनाने की अपील किया. उन्होंने कहा कि नमाज के दौरान दंडाधिकारी और पुलिस बल प्रतिनियुक्त रहेंगे. सीओ ने प्रतिबंधित पशुओं की कुबार्नी नही करने और कुबार्नी के पश्चात अवशिष्ट पदार्थों को सुरक्षित स्थान पर फेंकने की बात कही. जिससे किसी भी समुदाय या व्यक्ति विशेष को कोई परेशानी नही हो. इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी ने बताया कि बरही पुलिस शांति पूर्ण त्योहार के लिए संकल्पित है. असमाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी. पुलिस की गश्तियां बढ़ाई जायेगी. उन्होंने दो टूक शब्दों ने कहा कि शांति के साथ समझौता नहीं किया जा सकता है।

---

**जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया के पहल पर शिलाडीह में लगा ट्रांसफार्मर**

# कस्तूरबा विद्यालय में हुई डीप बोरिंग



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
जिला परिषद सदस्य प्रेरणा प्रिया के पहल पर प्रखंड के शिलाडीह पंचायत अंतर्गत अंबा सिंगा टोला में गत शुक्रवार को 63 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाया गया। ग्रामीणों ने बताया कि करीब सप्ताह पूर्व ट्रांसफार्मर खराब हो गई थी और लोग अंधेरे में रहने में विवश थे। साथ ही भीषण गर्मी में बिजली के अभाव में लोगों को कूलर और पंखे का हवा नसीब नहीं हो पा रही थी। वहीं बच्चों की पढ़ाई पर भी असर पड़ा रहा था। ट्रांसफार्मर खराब होने की सूचना ग्रामीण रामबच्चन पाण्डेय एवं अन्य के द्वारा जिप सदस्य को मिली। सूचना मिलते ही उन्होंने बिजली विभाग के वरीय अधिकारियों से बात कर अविलंब 63 केवीए का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया। ट्रांसफार्मर मिलने के बाद ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है। वहीं इस भीषण गर्मी में शुद्ध पेय जल को लेकर हो रही किल्लत को देखते हुए जिप सदस्य के प्रयास से कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय बरकट्ठा में डीप बोरिंग किया गया, जिससे विद्यालय के बच्चों में हर्ष व्याप्त है। जिप प्रतिनिधि सीके पाण्डेय ने बताया कि विद्यालय भ्रमण के दौरान ही आवासीय विद्यालय में रह रहे छात्राओं द्वारा एक डीप बोरिंग की मांग की गई थी।

इस नेक पहल के लिए विद्यालय के शिक्षक/ शिक्षिकिओं व छात्राओं ने जिप सदस्य व जिप प्रतिनिधि सीके पाण्डेय का आभार व्यक्त किया।

---

**विद्युत व्यवस्था को लेकर सांसद ने अधिकरियों संग की बैठक, कहा**

# बिजली समस्या का जल्द समाधान करे विभाग



**क्षेत्र में ट्रांसफार्मर को अपग्रेड करने जैसी समस्याओं पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए इसे गंभीरता से लेकर पहल करने का दिशा-निर्देश दिया**

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
लोकसभा क्षेत्र में प्रचण्ड गर्मी के बावजूद व्याप्त बिजली की आंख-मिचौली और अव्यवस्था को लेकर हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल ने जनहित में पहल करते हुए शनिवार को लोकसभा क्षेत्र के हजारीबाग और रामगढ़ के बिजली विभाग के वरीय अधिकारियों के साथ अपने हजारीबाग स्थित सांसद सेवा कार्यालय सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक कर क्षेत्र में बिजली कटौती की समस्या और बिजली से संबंधित अव्यवस्था के त्वरित समाधान का दिशा-निर्देश दिया । उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों से संपूर्ण हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में लगातार बिजली कटौती, शहरी क्षेत्र में लो वोल्टेज, विद्युत व्यवस्था के सुधार हेतु अतिरिक्त ग्रीड निर्माण की दिशा में पहल करने, विभिन्न क्षेत्र में जले हुए ट्रांसफार्मर को अविलंब बदले जाने, नए बस्तियों में तत्काल विद्युतीकरण कराने, आवश्यकता अथवा उपभोक्ता की व्यवस्था के अनुसार क्षेत्र में ट्रांसफार्मर को अपग्रेड करने जैसी समस्याओं पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए इसे गंभीरता से लेकर पहल करने का दिशा- निर्देश दिया। मनीष जायसवाल ने बताया कि बिजली कटौती और लो वोल्टेज के साथ बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की मनमानी की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है जिसे लेकर रामगढ़ और हजारीबाग जिले के संबंधित अधिकारियों के साथ एक बैठक आयोजित कर जनहित में कई सुझाव दिए गए हैं अगर जल्द स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो आगे की रणनीति बनाकर कार्य करेंगे। मौके पर बिजली विभाग के जीएम दिनेश कुमार सिंह, इएसई हजारीबाग अशोक कुमार उपाध्याय, इएसई रामगढ़ संतोष कुमार सिन्हा, ईई हजारीबाग अंगेश कुमार, ईई रामगढ़ देश राज, ईई कुजू नवलेश कुमार, एसडीओ हजारीबाग सौरभ लिंडा, एसडीओ रूरल अरविंद कुमार, एसडीओ महेश प्रजापति सहित कई अधिकारी शामिल हुए ।

---

# पेट्रोल पंप पर गोलीबारी में शामिल आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार




**गिरफ्तार व्यक्ति का नाम**

◆चांद खान उम्र करीब 21 वर्ष, पे०-जमीर खान, सा०-रोचाप, थाना-पतरातू जिला-रामगढ़।
**बरामद समान :** मोटरसाईकिल सं० जेएच 24 सी 3143 शामिल है। छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पतरातू बिरेन्द्र कुमार राम, पुनि योगेन्द्र कुमार, पतरातू अंचल, पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल कुमार गुप्ता, पुअनि प्रदीप कुमार रजक एवं पतरातू थाना सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
गत 6 जून को शाम 7:50 बजे पतरातू थाना अंतर्गत तालांटाड़ स्थित पेट्रोल पम्प पर फायरिंग की घटना को अज्ञात अपराधकर्मियों द्वारा अंजाम दिया गया था। उक्त काण्ड के उदभेदन एवं आवश्यक कार्रवाई को लेकर पुलिस अधीक्षक द्वारा अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी पतरातू के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस अधीक्षक के दिशा-निर्देशन में उक्त टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए कांड के उद्भेदन के लिए तमाम तकनीकी एवं घटनास्थल के आस पास लगे सीसीटीवी कैमरा का अवलोकन किया गया। यह जानकारी 15 जून को पुलिस अधीक्षक डॉ बिमल कुमार ने प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ के क्रम में इनके द्वारा अपराध स्वीकार किया गया तथा घटना में प्रयुक्त पल्सर मोटरसाईकिल सं० जेएच24 सी 3143 बरामद किया गया। इस काण्ड में फरार चल रहे अन्य 03 अभियुक्त के विरूद्ध सतत रूप से छापामारी अभियान जारी है।

---

# भुवनेश्वर से गांव पहुंचा प्रवासी मजदूर का शव, छाया मातम

**शव लाने के लिए विधायक अमित कुमार यादव ने की आर्थिक मदद**



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में इन दिनों प्रवासी मजदूरों की मौत का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में प्रखंड अंतर्गत कपका पंचायत के ग्राम मासीपीढ़ी के प्रवासी मजदूर दौलत प्रसाद 35 वर्ष पिता भीखारी महतो का भुवनेश्वर के शास्त्री नगर में मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही मृतक के घर समेत पूरे क्षेत्र में मातम पसरा गया। जानकारी के अनुसार मृतक शास्त्री नगर में किराए के मकान में रहकर राजमिस्त्री का कार्य करता था। परिजनों के मुताबिक तीन माह पूर्व ही वह रोजी-रोटी की तलाश में भुनेश्वर (उड़ीसा) गया था जहां शनिवार को राजमिस्त्री का कार्य करने दौरान महज दो महले के भाड़े पर से गिरने के कारण उसकी मौत हो गई। मृतक विवाहित था एवं कोई बच्चा नहीं है। परिजनों के मुताबिक वह घर का इकलौता कमाऊ व्यक्ति था। घटना के बाद बुढ़े माता-पिता व पत्नी का रो रोकर बुरा हाल है। वहीं घटना की सूचना विधायक अमित कुमार यादव को मिलते ही शव लाने हेतु आर्थिक सहयोग कर हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

---

## न्यूज बॉक्स

### मंत्री अन्नपूर्णा से मिले भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद



**हजारीबाग।** समाज सेवी एवं भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद ने शनिवार को केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी से शिष्टाचार मुलाकात कर उन्हें मंत्री बनाए जाने पर बधाई दिया।श्री प्रसाद नें कहा कि उनका राजनीतिक मार्गदर्शन भी प्राप्त हुआ। उन्होंने श्रीमती देवी को पौधारोपण कार्यक्रम मे भी आमंत्रित किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि पौधारोपण मुहिम में वे जरूर शामिल होगीं।

**मवेशियों की मौत को लेकर अधिकारियों से मिली जिप सदस्य**

### बिजली विभाग से मुआवजा देने की मांग



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
प्रखंड अंतर्गत ग्राम मासीपीढ़ी में बीते दिनों बिजली विभाग की घोर लापरवाही के कारण 11 हजार तार के चपेट आने से हुई सात मवेशियों की हुई दर्दनाक मौत के बाद स्थानीय जिला परिषद सदस्या कुमकुम देवी ने मृत मवेशियों के मुआवजे को लेकर बिजली विभाग के एग्जिक्यूटिव इंजीनियर से उनके कार्यालय में मिलीं और सभी पशु पालकों/ किसानों का आधार कार्ड, मृत जानवरों का पोस्टमार्टम रिपोर्ट सहित आवेदन उपलब्ध कराया और मौके पर पशुपालकों के नाम से ऑनलाइन आवेदन किया। उन्होंने बताया कि बहुत ही जल्द मुआवजे की राशि बिजली विभाग से मिलने की संभावना है। विदित हो कि मृत मवेशियों को जमीन में दफन करने के लिए जिप सदस्य द्वारा निजी राशि खर्च की गई। वहीं इस नेक पहल और गरीबों के प्रति संवेदनशीलता के लिए लोगों ने आभार व्यक्त किया और निरंतर इसी उर्जा के साथ कार्य करने के लिए लोगों ने उन्हें उत्साहित किया।

### प्रदेश महामंत्री व अमर बाउरी का सांसद ने किया स्वागत



**हजारीबाग।** लोकसभा चुनाव संपन्न होने के पश्चात भाजपा द्वारा आयोजित लोकसभा स्तरीय समीक्षात्मक बैठक के निमित हजारीबाग पंहुचे झारखंड प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष सह चंदनकियरी विधायक अमर कुमार बाउरी और भाजपा के प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल ने पैराडाइस रिसॉर्ट सभागार में मुलाकात की और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में उनका स्वागत किया। झारखंड प्रदेश के भाजपा विधायक दल के नेता अमर कुमार बाउरी और भाजपा के प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने मनीष जायसवाल के प्रचंड जीत पर उन्हें बधाई दिया और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के समस्त एनडीए कार्यकताओं और मतदाताओं के प्रति आभार जताया।

**सिलवार कला क्रिकेट नाइट टूर्नामेंट का आयोजन 16 से**

### ऐसे टूर्नामेंट से खिलाड़ियों में खेल के प्रति काफी ऊर्जा संचारित होती है : हर्ष अजमेरा




**हजारीबाग।** खेल को प्रोत्साहित करने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है इसी प्रयास के बीच सेवा सहयोग समिति के अध्यक्ष व युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा के विशेष सहयोग से सिलवर कला क्रिकेट नाइट टूर्नामेंट के तत्वाधान में नॉकआउट क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य आयोजन 16 जून रविवार से किया जा रहा है इस आयोजन में विजेता टीम में प्रथम पुरस्कार 21 हजार एवं द्वितीय पुरस्कार 11 हजार निर्धारित किया गया है, टूर्नामेंट के आयोजन को लेकर स्थानीय खिलाड़ियों में काफी उत्साह और उमंग देखा जा रहा है। खेल आठ-आठ ओवर का होगा इस टूर्नामेंट में खेलने वाले प्रत्येक टीम के लिए एक जूता एवं जर्सी अनिवार्य रखा गया है। मौके पर हर्ष अजमेरा ने कहा कि ऐसे टूर्नामेंट आयोजित होने से खिलाड़ियों में खेल के प्रति काफी ऊर्जा संचालित होती है, ऐसी टूर्नामेंट हमेशा आयोजित होते रहनी चाहिए ताकि खिलाड़ियों का सपना पूरा हो सकें और उनके पीछे छिपी कला सभी के सामने आ सकें। आयोजक मंडली ने का बताया कि टूर्नामेंट को लेकर पूरी तैयारी कर ली गई है आठ ओवर का मैच निर्धारित किया गया है टूनामेंट को लेकर आसपास के क्षेत्र के लोग एवं खिलाड़ियों में काफी ऊर्जा और उत्साह देखने को मिल रही है इस टूर्नामेंट को देखने के लिए हजारीबाग वासी सादर आमंत्रित हैं।

### दुर्घटना के शिकार रमेश बेदिया की मदद के लिए आगे आए भाजपा नेता धनंजय कुमार पुटूस



**रामगढ़।** रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के फुलसराय निवासी रमेश बेदिया का दो महीना पहले एक्सीडेंट हो गया था। जिसमें उन्हें काफी चोट आई थी और उनका पैर टूट गया था। आर्थिक स्थिति ठीक नही रहने के कारण वह अपना इलाज सही से नही करा पा रहे थे और चल फिर नही रहे थे। रमेश बेदिया की इस तकलीफ को समाजसेवी मुकेश तिवारी ने रामगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी धनंजय कुमार पुटूस को बताया एवम सहयोग का आग्रह किया। इस विषय को गंभीरता से लेते हुए शनिवार की सुबह धनंजय कुमार पुटूस ने सामाजिक संगठन रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति के सदस्यों अजय राम जी, अमर बोदरा जी, कमल महतो, पंकज सिंह आदि के साथ रमेश बेदिया के आवास पहुंच कर उनका हाल चाल लिया एवं उनके चलने के लिए बैसाखी व अन्य मदद की। धनंजय कुमार पुटूस ने कहा की जरूरतमंदों की सेवा करना ही सबसे बड़ी सेवा है आगे भी रमेश बेदिया के इलाज में भी हमलोग हर संभव मदद करेंगे।

## एक नजर

### बकरीद के मद्देनजर डीसी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन

**रामगढ़।** आगामी बकरीद पर्व के मद्देनजर शनिवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक डॉ बिमल कुमार की उपस्थिति में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक सभी प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों से पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन तथा इस दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखने के मद्देनजर की गई तैयारियों की जानकारी ली। जिसके उपरांत उन्होंने सभी को पर्व के दौरान सतर्क रहकर अपने अपने क्षेत्रों में हर गतिविधि पर पैनी नजर रखने का निर्देश दिया। मौके पर उन्होंने पीसीआर एवं पैंथर की टीम को संवेदनशील क्षेत्रों का नियमित रूप से निरीक्षण करने एवं किसी भी प्रकार की अफवाह सामने आने पर त्वरित इसकी जानकारी कंट्रोल रूम को देने एवं अफवाहों को दूर करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

### इंटरनेशनल फुटबॉल प्रतियोगिता का होगा आयोजन

**बरही।** राज्य परियोजना निदेशक रांची झारखण्ड के निदेशानुसार 63वीं सुब्रतो कप इंटरनेशनल फुटबॉल प्रतियोगिता 2024-25 में भाग लेने के लिए प्रखण्ड बरही अन्तर्गत 19 जून से 20 जून तक प्रखण्ड स्तरीय खेल का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रखण्ड स्तरीय खेलकुद (सुब्रतो मुखर्जी) 19 जून से प्रातः 05 बजे से दोनो दिन प्रखण्ड मैदान बरही में खेला जाएगा। प्रखंड संसाधन केंद्र बरही द्वारा निर्गत पत्र के अनुसार सभी उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापकों को अपने विद्यालय के चयनित खिलाड़ियों का विहित प्रपत्र में सूचना बीआरसी बरही में दिनांक 18 जून को 12 बजे अपराह्न तक हर हाल में जमा करेंगे तथा प्रत्येक फॉर्म में प्रधानाध्यापक का हस्ताक्षर एवं मुहर होना अनिवार्य है। सभी प्रधानाध्यापक अपने खिलाडियों के साथ विद्यालय के शिक्षक की सुरक्षा में भेजेंगे।

### 30 जून तक स्कूलों में पौधरोपण करने का निर्देश

**सिमडेगा।** डीसी अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीसी ने मध्यान भोजन, पेयजल की व्यवस्था, शौचालय, नामांकन, सीएम ऑफ एक्सीलेंस स्कूल संचालन, स्कूली बच्चों का जाति आय प्रमाण पत्र निर्गत करने सहित आदि मामलों की समीक्षा की। डीसी ने विद्यालय में बच्चों की नामांकन प्रतिशत की समीक्षा किया। बताया गया कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष सरकारी विद्यालयों में नामांकन में गिरावट पाया गया। जिसको देख डीसी ने नामांकन प्रतिशत को बढ़ाने की बात कही। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विद्यालयों में वृक्षारोपण करने का निर्देश दिया। डीसी ने 30 जून तक जिले के सभी विद्यालयों में शत प्रतिशत पौधरोपण सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया।

### नीति आयोग की ओर से निर्धारित विभागों के परफॉर्मेंस इंडिकेटर की हुई समीक्षा

# सभी संबंधित विभाग अपना शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करें : उपायुक्त

**संवाददाता। बांसजोर**

उपायुक्त अजय कुमार सिंह ने शनिवार को आकांक्षी प्रखंड बांसजोर, जिला सिमडेगा के नीति आयोग द्वारा निर्धारित सभी संबंधित विभागों के परफॉर्मेंस इंडिकेटर की समीक्षा बांसजोर प्रखंड सभागार की। समीक्षा में स्वास्थ्य एवं पोषण के सभी 14 इंडिकेटरों की बारी -बारी समीक्षाकरते हुए लक्ष्य शत प्रतिशत प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। मुख्य रूप से स्वास्थ्य विभाग को प्रथम त्रैमासिक ए एन सी की पहचान एवम उसकी इंट्री समय पर करने पर बल देने का निर्देश दिया। उसी प्रकार समाज कल्याण विभाग के आंगनवाड़ी से जुड़ी समस्याओं को भी एक एक करके लक्ष्य प्राप्ति हेतु उचित दिशा निर्देश दिया गया। शिक्षा विभाग के सभी ग्यारह इंडिकेटरों पर



आवश्यक निदेश देते हुए लक्ष्य प्राप्त करने पर बल दिया गया। कृषि एवं संलग्न विभागों के पांच इंडिकेटरों को शत प्रतिशतपूर्ण करने का निर्देश दिया गया। आधारभूत संरचना के पांच इंडिकेटरों को शत प्रतिशत पूरा करने का निर्देश दिया गया। वित्तीय समायोजन एवं कौशल विकास अंतर्गत आने वाले पांच इंडिकेटरों में लक्ष्य प्राप्ति करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया। डिजिटल साक्षरता एवं ग्रामीण आजीविका पर लोकल फॉर वोकल के लिए एक प्रखंड एक उत्पाद पर त्वरित कार्य करने का निर्देश दिया गया। इस प्रकार आकांक्षी प्रखंड के 6 विभागों के कुल 40 इंडिकेटरों की समीक्षा की गई मुख्य रूप से नब्बे दिनों में प्रथम ए एन सी, जनसंख्या के अनुपात में डायबिटिक एवं हाइपरटेंशन की जांच, किसानों के मृदा स्वास्थ्य कार्ड,स्वयं सहायता समूहों को चक्रीय निधि तथा गर्भवती माताओ को पूरक पोषाहार का लक्ष्य संतृप्त करने का निर्देश दिया गया।

### बांसजोर प्रखंड कार्यालय का किया निरीक्षण

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह ने प्रखण्ड –सह– अंचल कार्यालय, बांसजोर का निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने प्रखंड एवं अंचल कार्यालय अंतर्गत संधारित सभी पंजीयों का जांच किया। उन्होंने प्रखण्ड –सह– अंचल कार्यालय के रोकड़ पंजी, आगत निर्गत, सेवा पुस्त, आकस्मिक अवकाश, लोकसभा/ विधानसभा प्रश्नोत्तर, भंडार पंजी, अंकक्षेण पंजी, मनरेगा, 15 वे वित्त सहित अन्य पंजी संधारण से संबंधित कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। मौके पर उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, प्रखंड प्रमुख, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी उपस्थित थें।

### उपायुक्त ने योजनाओं की समीक्षा की

**सिमडेगा।** समाहरणालय के सभागार में उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास, पंचायती राज एवं जेएसएलपीएस. विभाग के तहत संचालित योजनाओं की अद्यतन समीक्षा की गई। बैठक में उपायुक्त ने ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन, वीर शहीद फोटो हो खेल योजना, मुख्यमंत्री पशुधन, मानव दिवस सृजन, आधार, लेबर इंगेज, आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण, सहित अबूआ आवास योजना की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित सभी योजनाओं का पात्र लाभुकों को लाभान्वित करने एवं समस्याओं का यथाशीघ्र निष्पादन करते हुए लक्ष्य के अनुरुप योजनाओं को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आपसी सहयोग एवं समन्वय के साथ कार्य कर ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत सभी योजनाओं को धरातल पर यथाशीघ्र कियान्वयन करने का निर्देश दिया।

## ट्रेलर की चपेट में आने से दो युवकों की मौके पर मौत, एक युवक गंभीर

**संवाददाता। कोलेबिरा**

थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 143 नावाटोली बगीचा स्थित माँ गायत्री पेट्रोल पंप के समीप शनिवार को टेलर के चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार दो युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया ।प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह अजय बागे लायकेरा निवासी, चामू सोरेंग डाँड़टोली निवासी तथा टुइयां पहान कोलेबिरा गलायटोली में अपने रिश्तेदार के यहाँ अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए मोटरसाइकिल JH01CH7378 से जा रहे थे। इसी दरमियान मोटरसाईकिल सवार ने कोलेबिरा नवाटोली स्थित पेट्रोल पंप में पेट्रोल भराने के लिए सड़क के दूसरी ओर जैसे ही पंहुचा वैसे ही सिमडेगा की ओर से रांची की ओर तीव्र गति से जा रही टेलर NL01AH3692 ने मोटरसाइकिल में सवार तीनों व्यक्तियों को अपने चपेट में ले लिया और तीनों को रौंदते हुए भागने लगा। इस घटना में चामू सोरेंग और अजय बागे की मौके पर ही



दर्दनाक मौत हो गयी वहीँ टुइया प्रधान गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के तुरंत बाद ग्रामीणों के द्वारा कोलेबिरा पुलिस को सूचना दिया गया साथ ही भाग रहे टेलर को पुलिस और ग्रामीणों के मदद से पकड़ लिया गया।

### बाईक सवार को ट्रेलर ने मारी ठोकर, घायल

**कोलेबिरा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत गोंदलटोली स्थित साहू पेट्रोल पंप के समीप सड़क किनारे एक खड़ी टेलर को मोटरसाइकिल सवार युवक ने पीछे से मारी ठोकर, पीछे से ठोकर मार कर हुआ गंभीर रूप से घायल। घटना की सूचना मिलते ही कोलेबिरा थाना के सब इंस्पेक्टर शिवाजी मंडल दल बल के साथ घटनास्थल पहुंचे और घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोलेबिरा पहुंचा। घायल युवक की पहचान अविनाश महतो उम्र 27 वर्ष पिता शंकर महतो सुंदरपुर कुम्हार टोली सिमडेगा के रूप में हुई है।

### चोरी करने वाले अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रामगढ़।** पुलिस द्वारा गत 9 और 10 जून कि रात्रि रजरप्पा थाना क्षेत्र के मायल में 3 घर और स्कूल में में हुई चोरी कि घटना का उदभेदन कर लिया गया है। चोरी कि घटना को लेकर एक चोर और उसके नाबालिग साथी को गिरफ्तार किया गया है। जबकि चोर के बयान के आधार पर चोरी का सामान खरीदने वाले एक व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया गया है। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने तीन घरों से चोरी किए गए सामान बरामद कर लिया है। यह जानकारी 15 जून को प्रेस वार्ता में पुलिस अधीक्षक डॉ बिमल कुमार ने दी । उन्होंने बताया कि 9 जून कि रात्रि मायल के तीन घरों में वेंटीलेटर के माध्यम से चोरों द्वारा चोरी कि घटना को अंजाम दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि चोरों द्वारा पीतल के बर्तन एवं पूजा के समान तथा मोबाईल की चोरी कर ली गई थी। उक्त घटना को लेकर रजरप्पा थाना कांड संख्या-109/2024,धारा-457/380 भादवि के अंतर्गत अज्ञात चोरों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कि गई थी।

## नमन कोंगाड़ी ने विधायक मद से निर्मित शेड का किया उद्घाटन



**संवाददाता। ठेठईटांगर**

प्रखंड के कोरोंजो पारिस मैदान में विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी के विधायक मद से निर्मित शेड का उद्घाटन किया गया। इस दौरान क्षेत्र के विधायक विक्सल कोनगाड़ी के द्वारा फीता काटकर शेड ग्रामीणों के सुपुर्द किया गया। इस अवसर पर हॉकी प्रतियोगिता पुरूष वर्ग का भी आयोजन किया गया, जिसमे क्षेत्र के कुल 8 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का फाईनल मुकाबले में डोंगाडूबा की टीम ने बीजाडीह को 2-0 से पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया। विजेता व उपविजेता टीम को खस्सी देकर सम्मानित किया गया। वही सभी प्रतिभागी टीम को जर्सी प्रदान किया गया। इस दौरान पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित करते हुए विधायक विक्सल कोनगाड़ी ने कहा कि खेल मानव जीवन के मनोरंजन का एक बहुत अच्छा और सुलभ साधन है, जिसके माध्यम से मनोरंजन के साथ-साथ स्वस्थ भी बेहतर रहता है। वर्तमान समय मे गठबंधन की राज्य सरकार खेल और खिलाड़ियों के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण योजना चला रही है। मौके पर मौजूद जिला विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, ठेठईटांगर प्रखंड अध्यक्ष अशफाक आलम,ठेठईटांगर प्रमुख विपिन पंकज मिंज, विधायक प्रतिनिधि जॉनसन डांग, मोहम्मद कारू आदि उपस्थित थे।

## बीडीओ की अध्यक्षता में कुरडेग थाना में हुई बकरीद शांति समिति की बैठक

**संवाददाता। कुरडेग**

कुरडेग थाना परिषर में शनिवार को बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता बीडीओ ठाकुर गौरी शंकर शर्मा तथा संचालन थाना प्रभारी विनायक कुमार पाण्डेय ने किया। त्योहार शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने को लेकर गणमान्य लोगों से विचार लिया गया। इस दौरान जामा मस्जिद अंजुमन के सदर मो शब्बानी ने बताया कि क्षेत्र में शांतिपूर्वक वकरीद का त्योहार मनाते आ रहें हैं सोमवार 17 जुन को सुबह 7:30 बजे स्थानिय मस्जिद में बकरीद की नमाज अदा की जाएगी इसके बाद कुबार्नी की रस्म अदा होगी बैठक में बीडीओ गौरी शंकर शर्मा सीओ किरण डांग संयुक्त रूप से कहा कि 17 जुन को क्षेत्र में बकरीद का त्योहार मनाया जाएगा। उन्होने उपस्थित लोगों से कहा कि सौहार्द्धपूर्ण वातावरण में बकरीद का त्योहार मनायें यह त्योहार त्याग और बलिदान का पर्व है ,किसी तरह की कोई अफवाह होने पर इसकी सुचना तत्काल स्थानिय प्रशासन को दें ताकि



समय रहते पुलिस उसपर कार्रवाई करे।जिला परिषद उपाध्यक्ष सोनी कुमारी पैंकरा ने कहा कि कुरडेग का इतिहास रहा है यहाँ सभी धर्मो के लोग आपस में मिलजुल कर त्योहार मनाते आए हैं मैं आशा करती हूं यहाँ के लोग इस परंपरा को बनाए रखेंगे। वहीं थाना प्रभारी बिनायक कुमार पाण्डेय ने कहा कि त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की आशंका होतो तत्काल पुलिस को सुचित करें पुलिस हमेशा आपके साथ है, त्योहार के दिन पुलिस चौक चौराहों पर तैनात रहेगी आपसी भाईचारा कायम रखें शांतिपूर्ण व सदभावपूर्ण ढंग से त्योहार मनायें सोशल मिडिया पर किसी तरह के आपत्तिजनक पोस्ट न करें और न ही फॉरवर्ड करें किसी भी तरह की समस्या होने पर तत्काल अवगत करायें ।पर्व के दौरान गड़वड़ी करने बालो को कतई बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस गड़बड़ी करने वालों के साथ सख्ती से निपटेगी अन्त में सभी लोगों को पर्व की अग्रीम बधाई देते हुए बैठक समाप्त की गई मौके पर भाजपा मण्डल अध्यक्ष कृष्ण कान्त सिंह, द्वारिका जयसवाल, सफार अली, देवनीस खलखो, मो० ह्यूम, मनोज मिश्रा, पुलिस पदाधिकारी एवं कुरडेग के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## न्यूज बॉक्स

### लचरागढ़ में आंधी-तूफान और बारिश ने जमकर मचाई तबाही



**कोलेबिरा।** प्रखंड अंतर्गत लचरागढ़ में शनिवार आई आंधी तूफान और तेज बारिश से कई जगहों पर गिरे पेड़, वहीं लचरागढ़ बाजार में अचानक बारिश और तूफान होने से मची अफरा तफरी, लचरागढ़ बाजार के पास पवन अग्रवाल के दुकान के ऊपर पेड़ की डाली गिरने से समान हुआ क्षतिग्रस्त, वहीं नीचे चौक लचरागढ़ मेन रोड और जलडेगा मोड़, चर्च रोड सहित कई चौक चौराहों में पेड़ गिरने से कुछ देर के लिए आवागमन ठप रहा। स्थानीय लोगों के सहयोग से सड़क पर गिरे पेड़ को रास्ते से हटाया गया जिसके बाद आवागमन को सुचारू किया गया।

### पर्यावरण दिवस पखवाड़ा के तहत नगर परिषद की सफाई एजेंसी ने किया पौधरोपण




**सिमडेगा।** विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर सिमडेगा नगर परिषद की ओर से पर्यावरण दिवस पखवाड़ा चलाया जिसके तहत लगातार कई कार्यक्रम चल रहे हैं इसी के निमित प्रशासक नगर परिषद सिमडेगा के निदेर्शानुसार सफाई एजेंसी श्रीश्याम एस डब्लू एम सिमडेगा प्रा०ली के बाजार टांड़ स्तिथ कार्यालय एवं टापुडेगा प्रांगण में शनिवार पर्यावरण पखवाड़ा अंतर्गत 101 विभिन्न प्रकार के फलदार पौधे लगाए गए ।कार्यक्रम में उपस्थित नगर प्रबंधक आकाश डेविड सिंह, निशांत जोशी तिर्की, सहायक अभियंता काली केशव, एजेंसी के रवि चौधरी के साथ साथ एजेंसी तथा नगर परिषद के कर्मियों के द्वारा पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में अपना सहयोग करने का प्रण लिया गया।

### उपायुक्त ने की मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरूकता अभियान की समीक्षा



**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ की अध्यक्षता में मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाने से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने मादक पदार्थों के विरुद्ध दिनांक 19 जून से 26 जून तक प्रस्तावित जागरूकता कार्यक्रम आयोजन हेतु संबंधित विभाग के पदाधिकारी से कार्य योजना तैयार करने संबंधी आवश्यक विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने बताया कि मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरूकता अभियान होगी।उपायुक्त ने मादक पदार्थों के विरुद्ध दिनांक 19 जून को व्यापक जागरूकता अभियान का लॉन्चिंग करने एवं जिला जन-संपर्क विभाग को प्रेस ब्रीफिंग आयोजन करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्लोगन तथा टैगलाइन, जिंगल शॉर्ट फिल्म आदि तैयार कर व्यापक प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया।

### अलग-अलग घटनाओं में चार लोगों ने कीटनाशक पीकर किया आत्महत्या का प्रयास



**सिमडेगा।** सिमडेगा में इन दोनों छोटी-छोटी बात पर आत्महत्या करने का मामला तूल पकड़ रहा है, लगातार लोग मानसिक रूप से गुस्सा होकर घर में आत्महत्या का प्रयास करते हैं ।शनिवार को भी चार अलग-अलग जगह में घरेलू विवाद में तंग आकर तीन लोगों ने आत्महत्या करने का प्रयास किया पहला मामला तामड़ा के डांडगुरडा गांव की है। जहां पर सुरेश पातर नामक व्यक्ति ने अपनी पत्नी से किसी बात को लेकर झगड़ा में घर में रखे कीटनाशक का सेवन कर लिया और बाद में उसकी तबीयत बिगड़ने लगी तब उसे सिमडेगा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## करियर

### डीसी के निर्देश पर जिला शिक्षा व प्रशिक्षण संस्थान में कार्यक्रम

# विद्यार्थियों के लिए करियर काउंसलिंग का आयोजन

**संवाददाता। सिमडेगा**

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान सिमडेगा में उपायुक्त सिमडेगा के निदेर्शानुसार 10वी. एवं 12वी. पास विद्यार्थियों के लिए कैरियर गाइडेंस एवं काउंसलिंग का जिला नियोजन कार्यालय के सहयोग से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक सिमडेगा, सम्मानित अतिथि के रूप में जिला नियोजन पदाधिकारी सिमडेगा, सिमडेगा कॉलेज के प्रोफेसर देवराज प्रसाद, पॉलीटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर संदीप, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी सिमडेगा एवं



अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी सह - प्राचार्य डायट सिमडेगा श्री बादल राज उपस्थित थे ।कार्यक्रम की शुरूआत दीपप्रज्वलित कर किया गया। सर्वप्रथम प्राचार्य डायट बादल राज के द्वारा स्वागत भाषण के द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया तथा इस कार्यक्रम के आयोजन का विस्तृत विवरण दिया गया तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक सिमडेगा सौरभ के द्वारा बताया गया कि बच्चों के लिए इस तरह का आयोजन बहुत ही अच्छा पहल है क्योंकि जिनके अभिभावक उतने जागरूक या पढ़े - लिखें नहीं हैं उनके लिए इस प्रकार का आयोजन से बच्चों को आगे की भविष्य के लिए उच्च शिक्षा का चयन करने में काफी सहयोग प्रदान करेगा जिससे उनको अच्छी रोजगार मिल सके। सिमडेगा कॉलेज के प्रोफेसर देवराज प्रसाद के द्वारा शिक्षा एवं वाणिज्य से संबंधित क्षेत्रों में कैरियर किस प्रकार बना सकते है की जानकारी साझा की गई साथ ही बच्चों के कैरियर से संबंधित प्रश्नों का उत्तर भी दिए।

### ग्रामीणों ने सहायक विद्युत अभियंता को सौंपा ज्ञापन

**बरही।** प्रखंड अंतर्गत पंचमाधव कोलंगा में खेतो के ऊपर से जर्जर तार को हटाने को लेकर ग्रामीणों ने सहायक विद्युत अभियंता बरही को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से बताया कि पंचमाधव (कोलंगा) एचपी पेट्रोल पंप के समीप खेतों के ऊपर से 11 हजार का विद्युत तार जर्जर अवस्था में झुला हुआ है। वह तार कभी भी खेती करने वालें किसानों पर गिर सकती है। जिससें जान और माल की हानी होने की संभवना बनी है। बताया कि कुछ दिनों के बाद खेती का कार्य भी शुरू होने वाला है जिससे खतरा की संभावना बढ़ सकती है। ग्रामीणों ने जर्जर तार को बदलावाकर किसानों कि जान और माल कि रक्षा करने का आग्रह किया।

### जेएमएम सिमडेगा जिला समिति की परिषद भवन में हुई समीक्षा बैठक

## विस चुनाव में सिमडेगा से झारखंड मुक्ति मोर्चा लड़ेगी चुनाव : अनिल कण्डुलना

**संवाददाता। सिमडेगा**

सिमडेगा परिषदन भवन सिमडेगा में जिला अध्यक्ष अनिल कांडुलना की अध्यक्षता में झामुमो सिमडेगा की एक आवश्यक बैठक हुई। जिसमें सिमडेगा जिला के सभी प्रखंडो के प्रखण्ड समिति के पदाधिकारी गण, सभी वर्ग संगठनों के पदाधिकारी गण, नगर समिति सिमडेगा के पदाधिकारी गण जिला समिति के पदाधिकारी गण, जिला के केंद्रीय समिति सदस्य गण एवम झामुमो के सक्रिय एवम वरिष्ठ कार्यकर्त्ता उपस्थित हुए । बैठक में लोकसभा चुनाव में कालीचरण मुंडा को विजय बनाने में झामुमो सिमडेगा जिला की योगदान पर समीक्षा करते



हुए आगामी विधान सभा चुनाव के लिए रणनीति बनाई गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष अनिल कांडुलना ने कहा कि जिस तरह लोकसभा चुनाव में गठबंधन के प्रत्यासी को जिताने के लिए आप सभी झामुमो कार्यकताओं ने अपनी सारी शक्ति झोंक दी थी ।उसी तरह आगामी विधान सभा चुनाव की तैयारी में दोगुनी शक्ति से आप सभी झामुमो कार्यकर्ता एवम पदाधिकारी अभी से ही लग जाएं, विधान सभा चुनाव की तैयारी में कोई कोर कसर बाकी नहीं रहनी चाहिए।

## एक नजर

### भक्तों ने दिखाई शिव के प्रति आस्था

**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के चिंगड़ा पंचायत अंतर्गत भांडारसोल स्थित बाबा भूतेश्वर गाजन पर्व कमेटी द्वारा गाजन पर्व का आयोजन किया गया। इसमें भांडारसोल स्थित तालाब से मंदिर प्रांगण तक गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। वहीं शिव भक्तों ने जलते अंगारे पर नंगे पांव चल कर शिव के प्रति आस्था दिखायी। इस पर्व को लेकर भांडारसोल, पुटलियासोल, तिलो, कादोकोठा, डोमबाहुटिया आदि गांव के लोग अपने-अपने दायित्व का निर्वहन करने में जुटे हुए थे। इस बार पर्व के अवसर पर रात्रि छऊ नृत्य आयोजन भी किया गया है। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में मेले का आयोजन भी किया गया है, जिसमें आसपास के ग्रामीणों की भीड़ उमड़ी। वहीं गाजन कमिटी के सदस्य उत्सव को सफल बनाने में जुटे थे।

### गुड़ाबांदा थाना क्षेत्र से अज्ञात शव बरामद

**गुड़ाबांदा।** थाना क्षेत्र के अर्जुनबेड़ा में एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। गुड़ाबांदा पुलिस ने शनिवार शाम को शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव दो से तीन दिन पुराना है और सड़ने लगा है। शव के चेहरे को कपड़े से बांधा गया है। औंधे मुंह पड़ा मिला। गांव से कुछ दूर स्थित झाड़ियों के पास बरामद किया गया। पुलिस ने शव के संबंध में आसपास के ग्रामीणों से जानकारी ली। शव की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने किसी अन्य स्थान पर हत्या के बाद शव को ठिकाने लगाने के लिए फेंक दिए जाने की आशंका जताई है। पुलिस इस मामले में छानबीन कर रही है।

### सेवानिवृत्त शिक्षिका सुनैना कुमारी का हृदय गति रुकने से निधन

**घाटशिला।**काशिदा एलआईसी कॉलोनी निवासी सेवानिवृत्त शिक्षिका सुनैना कुमारी का शुक्रवार की देर रात हृदय गति रुकने से निधन हो गया। शनिवार शाम को घाटशिला मुक्तिधाम में उनका विधि विधान से अंतिम संस्कार किया गया। शुक्रवार रात अचानक उनकी तबियत बिगड़ने पर उन्हें उपचार के लिए अनुमंडल अस्पताल ले जाया गया। उपचार के क्रम में चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। स्व सुनैना कुमारी लंबे समय तक मारवाड़ी हिंदी मध्य विद्यालय घाटशिला में शिक्षिका के रूप में सेवा देने के उपरांत दामपड़ा सिरिसबनी मध्य विद्यालय से सेवानिवृत्त हुई थी। वे अपने पीछे दो पुत्र चंदन कुमार, कुंदन कुमार समेत भरापूरा परिवार छोड़ गई हैं। उनके निधन की सूचना से क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। उनके निधन पर काफी संख्या में पूर्व शिक्षकों तथा अन्य शुभचिंतकों ने उनके आवास पहुंच परिजनों से मिल शोक संवेदना व्यक्त की।

### आंधी बारिश से भरनिया पंचायत में आधा दर्जन से अधिक घरों की उड़ीं छतें

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर प्रखंड मुख्यालय से लगभग 20 किमी दूर भरनिया पंचायत के कई गांवों में शनिवार को आधा दर्जन से अधिक घरों के छतें उड़ गईं। वहीं सड़कों पर जगह-जगह पेड़ गिरने से कई गांवों में आवाजाही भी बाधित हो गई। शनिवार दिन भर तेज धूप रहने के बाद शाम लगभग चार बजे भरनिया, नलिता, टोकलो, केनके व आसपास क्षेत्र में तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई। तेज आंधी के कारण भरनिया पंचायत के गुंजा व डुकरी गांव में कई लोगों के घर के एस्बेस्टस उड़ गये। वहीं नलिता-भरनिया सड़क व अन्य कई गांवों में पेड़ गिर जाने के कारण रास्ता अवरुद्ध हो गया। जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। नलिता गांव में मासंत पर्व पर लगे मेले में भी काफी नुकसान पहुंचा। इधर ग्रामीण क्षेत्र में एक ओर शनिवार शाम तेज आंधी के साथ बारिश हुई तो शहरी क्षेत्र में गर्मी का कहर बदस्तूर जारी है।

## 29 जुलाई से 3 अगस्त तक विशेष लोक अदालत का होगा आयोजन

# इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाकर अपने मामलों का निष्पादन करवाएं : न्यायाधीश

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

देश के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 29 जुलाई से 3 अगस्त 2024 तक विशेष लोक अदालत सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान आपसी सहमति व समझौते के आधार पर मामलों का निष्पादन किया जाएगा।



कार्यक्रम को सफल बनाने एवं जन-जन तक इसका प्रचार-प्रसार करने के उद्देश्य से प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह मनोज प्रसाद, उपायुक्त सह उपाध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार नमन प्रियेश लकड़ा एवं पुलिस अधीक्षक सह सदस्य जिला विधिक सेवा प्राधिकार दीपक कुमार शर्मा ने संयुक्त प्रेस वार्ता के माध्यम से जन-जन तक इस महत्वपूर्ण दिवस के बारे में जानकारी प्रदान कर अधिक से अधिक इस अवसर का लाभ उठाने के लिए आम जनों को प्रेरित किया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष महोदय जिला विधिक सेवा गिरिडीह ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा आयोजित किए जाने वाले इस विशेष लोक अदालत में संबंधित पक्षकार सशरीर अथवा वर्चुअल तरीके से इसमें शामिल हो सकते हैं। उन्होंने संबंधित पक्षकारों अपील करते हुए कहा कि इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाकर अपने मामलों का निष्पादन करवायें। वहीं उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने कहा कि लोक अदालत की महत्ता से आज सभी लोग वाकिफ हैं।

सर्वोच्च न्यायालय से लेकर जिला व तालुका न्यायालय द्वारा इस प्रकार के कार्यक्रम निरंतर आयोजित किया जा रहे हैं जो इनकी व्यापक सफलता को प्रदर्शित करता है। आम लोगों को भी बढ़ चढ़कर इस प्रकार के अवसर का लाभ उठाना चाहिए एवं अपने मामलों का निष्पादन करवा कर शांतिपूर्ण समाज के निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए। एसपी दीपक कुमार शर्मा ने कहा कि गिरिडीह जिले का पुलिस प्रशासन माननीय न्यायपालिका द्वारा आयोजित किए जाने वाले इस प्रकार के कार्यक्रमों में निरंतर ही अपने दायित्वों का निर्वहन करते आ रही है।

## राशन चोरी की शिकायत को लेकर ग्रामीणों के साथ डीएसओ कार्यालय पहुंची माले की टीम



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

जिले भर में राशन चोरी की शिकायत को लेकर ग्रामीणों के साथ शनिवार को माले की टीम डीएसओ कार्यालय पहुंची । माले नेता राजेश यादव के साथ मौजूद माले नेता राजेश सिन्हा ने राशन चोरी को गंभीर मसला बताते हुए इसपर रोक लगाने की मांग की और इस संबंध में एक ज्ञापन भी सौंपा। उन्होंने राशन चोरी करने वाले डीलरों को बर्खास्त कर कार्ड धारकों की सुविधानुसार राशन वितरण की वैकल्पिक व्यवस्था की मांग की, अन्यथा भाकपा माले द्वारा आंदोलन करने की बात कही। माले नेता राजेश यादव ने कहा कि गिरिडीह सदर प्रखंड के एक डीलर का चावल की जगह ईंट का उपयोग करते हुए फोटो वायरल हुआ है। इससे समझा जा सकता है कि किस कदर गरीबों के राशन का गोलमाल किया जा रहा है। कहा कि कार्रवाई नहीं होने पर उनका मनोबल और भी बढ़ जाता है। मौके पर मनोज यादव, पंकज वर्मा, नुनुलाल महतो, समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## मादक द्रव्यों के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

सर.जे.सी बोस बालिका उच्च विद्यालय में शनिवार को मादक द्रव्यों के दुरुपयोग को समाप्त करने को लेकर जागरूकता अभियान के तहत जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा की गई।



उन्मुखीकरण कार्यक्रम में सभी सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी, सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सभी बीआरपी सीआरपी द्वारा भाग लिया गया। साथ ही लगभग 400 प्रधानाध्यापक ऑनलाइन मोड में जूम मीटिंग के माध्यम से उन्मुखीकरण में भाग लिए। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा मादक पदार्थ के दुष्प्रभाव के बारे में चर्चा करते हुए बताया गया कि जो बच्चे मादक एवं नशीली पदार्थ का शरीर तथा मन मस्तिष्क और ही बुरा प्रभाव पड़ता है और धीरे-धीरे एडिक्शन का रूप ले लेता है उनका सेंट्रल नर्वस सिस्टम को नष्ट करते हुए मोटर स्किल तथा कॉग्निटिव डेवलपमेंट को रोक देता है। इससे उसका पूरा परिवार एवं समुदाय सब प्रभावित होता है। इस दौरान सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी द्वारा पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से मादक द्रव्यों के प्रकार के बारे में बताया गया एवं उसके कुप्रभाव पर चर्चा की गई। बताया गया कि इसके रोकथाम के लिए हर विद्यालय में प्रहरी क्लब का गठन किया गया है' सभी छात्रों एवं समुदाय को जागरूक करने की आवश्यकता है। विद्यालय के 100 मीटर की परिधि में किसी भी प्रकार के मादक द्रव्यों का बेचना या खरीद जाना कानूनी अपराध है।

### घर से 300 मीटर की दूरी पर मिला लापता व्यक्ति का शव

**बिरसानगर।** टेल्को थाना क्षेत्र के बिरसानगर जोन नंबर 6 स्थित टूटी दीवार के पास झाड़ियों में एक व्यक्ति का शव पाया गया. मृतक की पहचान बस्ती के ही रहने वाले विनय (40) के रुप में की गई। विनय बीते तीन दिनों से लापता था। हालांकि इस संबंध में परिजनों ने थाना में लापता होने की सूचना नहीं दी थी। परिजनों ने बताया कि विनय तीन दिनों से लापता था। घर वालों ने कई जगह तलाश की पर उसकी कोई जानकारी नहीं मिली।

## गिरिडीह में ईद उल अजहा को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

ईद उल जुहा (बकरीद) पर्व को लेकर नया परिसदन भवन में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से उप नगर आयुक्त विशाल दिप खलखो,अनुमंडल पदाधिकारी, डुमरी, सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित अधिकारी व शांति समिति के सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में विधि व्यवस्था के संधारण को लेकर उचित दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही शांति समिति के सभी सदस्यों से सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व मनाने की अपील की गई। बैठक में उप नगर आयुक्त



विशालदीप खलखो ने कहा कि शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाया जाना चाहिए। इसका विशेष रूप से ध्यान रखा जाए। बकरीद की नमाज के लिए जिले के विभिन्न मस्जिदों में नमाज अदा करने की समय की भी जानकारी दी गई। उन्होंने बकरीद के दिन पूरे शहरी क्षेत्र में साफ-सफाई करने का निर्देश दिया। पेयजल विभाग को निर्देश दिया कि क्षेत्र में पेयजल की व्यवस्था समुचित रखेंगे। बिजली विभाग के अधिकारियों से कहा कि बिजली की व्यवस्था अच्छी रहे, ताकि बकरीद के दिन लोगों को परेशानी नहीं हो। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, डुमरी ने कहा कि सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की अफवाह फैलने पर संबंधित व्यक्ति/पेज / ग्रुप एडमिन पर कार्रवाई की जाएगी। बकरीद के दिन कुबार्नी खुले में ना दी जाए, इसपर विशेष निगरानी रखेंगे। साथ ही कुबार्नी के उपरांत अनुपयोगी चीजों का निपटारा समुचित ढंग से किया जाए।

### विजया गार्डन में गाड़ियों से बैटरी की हो रही चोरी

**बारीडीह।** बारीडीह स्थित विजया गार्डन में गाड़ियों से बैटरी की चोरी होने लगी है। इस घटना के बाद से फ्लैट वासियों में आक्रोश है। चोर ने दिनदहाड़े फ्लैट नंबर 42 के आतिश दीपंकर और 44 के रहने वाले एके झा की पार्किंग में खड़ी बुलेट मोटरसाइकिल की बैटरी चोरी कर ली। यह पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। इस घटना के बाद से एक बार फिर कॉलोनीवासी सुरक्षा को लेकर सवाल उठाने लगे हैं। वहीं भुक्तभोगियों का आरोप है कि बिरसानगर थाना में शिकायत दर्ज कराने जाने पर उनकी शिकायत ना लेकर सुरक्षा एजेंसी को बुलाकर समझौता करवा दिया गया।

## सिदगोड़ा फायरिंग मामले में हथियार के साथ तीन गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। सिदगोड़ा**

सिदगोड़ा थाना अंतर्गत कालू बगान में शुक्रवार रात मारपीट और फायरिंग के मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपियों में बिरसानगर जोन नंबर 7 निवासी परमजीत सिंह उर्फ निक्की, चरणजीत सिंह उर्फ चन्ने और गोलू उर्फ मंजीत सिंह शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक देसी पिस्टल, तीन जिंदा गोली, एक भुजाली बरामद किया है। घटना स्थल से एक बाइक, एक स्कूटी और तीन खोखा भी मिला है। इस संबंध में मंजीत सिंह के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। शनिवार को मामले का खुलासा करते हुए सिटी एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने बताया कि शुक्रवार रात कालू बगान के पास दो पक्षों में मारपीट हुई थी। इस बीच फायरिंग भी हुई जिसमें एक युवक भी घायल हुआ था। वहीं स्थानीय लोगों ने गोलू को पकड़कर पुलिस को सौंपा था जबकि परमजीत और चरणजीत को हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया।

सिटी एसपी ने बताया कि जनवरी 2024 में कालू बगान में जगदीप की हत्या कर दी गई थी। इसी मामले में जगदीप के परिजनों ने परमजीत के रिश्तेदार की पिटाई की थी। इसी को लेकर दोनों पक्षों में तनाव की स्थिति थी। शुक्रवार को परमजीत और गोलू कालू बगान की ओर गए थे। इसी दौरान मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें घेर लिया और मारपीट शुरू कर दी। मौके पर अन्य लोग पहुंचे और फायरिंग शुरू कर दी। सिटी एसपी ने बताया कि परमजीत पूर्व में आर्म्स एक्ट के मामले में जेल जा चुका है जबकि चरणजीत एनडीपीएस एक्ट के मामले में जेल जा चुका है।

## गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने जब्त की 306 बोतल अंग्रेजी शराब

**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी**

थाना इलाके में अवैध शराब लोड वाहन को पुलिस ने जब्त किया है। हालांकि कार्रवाई के दौरान धंधेबाज मौके से भाग खड़े हुए। शनिवार को तिसरी थाना में प्रेसवार्ता आयोजित कर एसडीपीओ नीरज कुमार सिंह ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एसपी दीपक कुमार शर्मा के द्वारा रात के करीब 2 बजे सूचना मिली कि अवैध रूप से चार पहिया वाहन में अंग्रेजी शराब को लोड कर तिसरी होते हुए बिहार ले जाया जा रहा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए तिसरी थाना प्रभारी संजय नायक दलबल के साथ खिजुरी नदी के पास पहुंचे तो देखा कि तेजी से वाहन आ रही है। इस दौरान वाहन को रोकने का प्रयास किया गया तो चालक वाहन का



रफ़्तार तेज कर भाग निकला। इसके बाद रात्रि गश्ती दल को सूचना दी गयी। इस दौरान थम्बाचक चेकनाका के पास गश्ती दल के द्वारा जांच किया जा रहा था। मौके पर जांच को देख तस्कर वाहन को मौके पर छोड़ अंधेरे का फायदा उठाकर जंगल की ओर भाग खड़े हुए। एसडीपीओ ने बताया कि जांच के क्रम में उक्त वाहन से 316 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब बरामद किया गया है। बताया कि वाहन




के नंबर से उसके मालिक और धंधेबाज का पता लगाया जा रहा है। जांच पड़ताल कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पवित्र तीर्थ नगरी मधुबन में शुरू हुई रामकथा

### अंतरराष्ट्रीय कथावाचक मोरारी बापू सुना रहे हैं रामकथा

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

जैनियों की पवित्र तीर्थ नगरी मधुबन में शनिवार से रामकथा का शुभारंभ हो गया। अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक मोरारी बापू द्वारा यहां रामकथा सुनाया जा रहा है। राम कथा सुनने के लिए हजारों की संख्या में राम भक्तों की भीड़ मधुबन पहुंची है। राम कथा सुनने के लिए देश-विदेश से भी सैकड़ों लोग मधुबन आए हुए हैं। मधुबन में इस तरह का पहला कार्यक्रम का आयोजन होने से लोगों में काफी उत्सुकता है। राम कथा सुनने पहुंचे लोगों ने कहा कि सौभाग्य की बात है कि जैनियों की तपोभूमि मधुबन में अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक मोरारी बापू भगवान राम का गुणगान करेंगे। श्रोताओं ने



कहा कि बापू को सुनने के लिए वह काफी दूर से आए हुए हैं। कहा कि मोरारी बापू के सानिध्य में रामकथा का श्रवण करने से आत्मा की शुद्धि होगी।

वहीं आयोजन समिति के सदस्य मुकेश जालान ने बताया कि राम कथा सुनने के लिए देश के कौने कौने से लोग मधुबन आए हुए हैं। इसके लिए यहां सभी तरह के व्यवस्था की गई है।



उन्होंने कहा कि राम कथा सुनने के लिए गिरिडीह डुमरी, इसरी समेत देश के विभिन्न कोने से लोगों का आगमन हो रहा है। उन्होंने बताया कि गिरिडीह से भी राम कथा सुनने आने वाले लोगों के लिए प्रातः 8 बजे बड़ा चौक से बस सेवा उपलब्ध करवाई गई है जो कथा समाप्त होने के बाद शाम 4 बजे वापस गिरिडीह लौटेगी।

## न्यूज बॉक्स

### योग कक्षा के 7 वर्ष पूरा होने पर किया गया यज्ञ हवन



**गिरिडीह।** श्री आर.के. महिला कॉलेज गिरिडीह में शनिवार को योग शिक्षिका पुष्पा शक्ति के द्वारा तीन कुंडिय यज्ञ कराया गया। इस बाबत उन्होंने बताया कि 15 जून 2017 से यहां पर पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के तत्वाधान में नियमित रूप से निःशुल्क योग कक्षा संचालित की जा रही है। जिसका आज 7 वर्ष पूरा हो गया। इसी उपलक्ष्य में आज यज्ञ हवन करके वार्षिक महोत्सव बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर हवन के माध्यम से संकल्प दिलाया गया कि नियमित रूप से गायत्री महामंत्र का जाप करेंगे तथा सभी योग करेंगे साथ ही दूसरों को योग के प्रति जागरूक करेंगे। स्वदेशी को आत्मसात करेंगे आयुर्वेद पद्धति को अपनाएंगे इसका प्रचार प्रसार करेंगे। योग शिक्षिका सपना राय ने कहा कि यह क्लास जब से संचालित हुई है तब से वह इस क्लास में नियमित रूप से आ रही है और आज स्वस्थ होकर के दूसरों को योग सीखा रही है। इसलिए सभी कोई यहाँ आये योग करें और स्वस्थ रहें। यज्ञ के सफल आयोजन में ममता कंधवे का सहयोग रहा। वहीं इस अवसर पर सहयोग शिक्षिका लक्ष्मी छाया, सीमा लाल, पुष्प लता त्रिवेदी, उमा वर्मा, रेखा तरवे, आशा चौरसिया प्रमिला सिन्हा, उषा देवी, आशा त्रिवेदी, आशा सिन्हा, वंदना सिंह, पम्मी कुमारी, उषा बरनवाल रूबी अग्रवाल, माला बनर्जी , विनीता देवी, कुमारी राधिका सिन्हा आदि उपस्थित थी ।

### प्यास से तड़प रहे जानवर को चापानल चलाकर युवक ने पिलाया पानी



**गिरिडीह।** जानवरों की बोली भले ही लोग समझ नहीं सकते, लेकिन जानवर अपने हावभाव से अपनी परेशानी को बयां कर देते हैं. ऐसे में बहुत से लोग उनके इन इशारों को नजरअंदाज कर देते हैं, लेकिन कुछ लोग उनकी इन भावभंगिमा को समझ जाते हैं और उनकी मदद करते हैं। ऐसे ही एक वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें एक शख्स कुत्ते को चापानल चलाकर पानी पिलाता नजर आ रहा है। वायरल वीडियो गिरिडीह जिले के बगोदर इलाके का है। जहां प्यास से व्याकुल कुत्ते को एक व्यक्ति चापाकल चलाकर पानी पिला रहे हैं। वहीं प्यास बुझते ही कुत्ता वहां से चला जाता है। बहरहाल बेतहाशा गर्मी से जहां आम आवाम परेशान है ही वहीं इस भीषण गर्मी से जानवर भी व्याकुल हैं और प्यास और खाने के लिए इधर उधर भटकते रहते हैं। ऐसे में पानी पिलाने का वीडियो वायरल हो रहा है। आप दर्शकों से भी यह अपील है कि अपने घरों के छत व बाहर पानी रखें, ताकि प्यासे पक्षी और जानवर अपनी प्यास बुझा सके।

### अवैध कोयला कारोबार के खिलाफ सीसीएल सुरक्षा विभाग ने चलाया अभियान



**गिरिडीह।** सीसीएल सुरक्षा विभाग के द्वारा सीसीएल इलाकों में जारी अवैध कोयला उत्खनन और परिवहन को लेकर अभियान चलाया गया। इस दौरान अवैध कोयला ले जा रहे दो पहिया वाहनों को रोक कर उसे जब्त कर लिया गया। हालांकि इस दौरान कोयला ले जा रहे लोग सीसीएल सुरक्षा विभाग के अधिकारियों को देखकर कोयला लदे दो पहिया वहान को छोड़ कर मौके से फरार हो गए। इस बाबत सीसीएल सुरक्षा विभाग के अधिकारी जयप्रकाश ने बताया कि महाप्रबंधक के दिशा निर्देश पर कोयला के अवैध उत्खनन और परिवहन को रोकने को लेकर अभियान चलाया जा रहा है और जो लोग भी इसमें संलिप्त पाए जाएंगे। उन पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### अधूरी सड़क के कारण कल्वर्ट में फंसी एंबुलेंस, मरीज तीन घंटे बाद पहुंचा अस्पताल




**चक्रधरपुर ।** पश्चिमी सिंहभूम जिला के चक्रधरपुर स्थित सुदूरवर्ती क्षेत्र कुलीतोड़ांग पंचायत के धनगांव से बाईपी पंचायत के कुपई तक बनने वाली सड़क का निर्माण पिछले दो महीने से बंद है. ऐसा सड़क निर्माण कार्य कराने वाली ठेका कंपनी वैष्णवी इन्फ्रा प्रोजेक्ट के ठेकेदार नीरज कुमार की लापरवाही से बरते जाने के कारण हो रहा है। गांव में सड़क निर्माण कार्य अधूरा रहने के कारण शनिवार को कुलीतोड़ांग पंचायत के तुईया गांव में एक मरीज को अस्पताल लाने गई एम्बुलेंस भी अधूरी सड़क के कल्वर्ट में फंस गई। काफी मशक्कत के बाद कल्वर्ट की धंसी मिट्टी से एम्बुलेंस को बाहर निकाला गया। इस कारण लगभग तीन घंटे बाद मरीज को अस्पताल पहुंचाया जा सका। ठेकेदार सड़क निर्माण धीमी गति से किया जा रहा है। इस कारण ग्रामीण कार्य विकास विभाग प्रमंडल द्वारा ठेकेदार नीरज कुमार को नोटिस भी जारी किया गया है। इसके बावजूद कार्य शुरू नहीं किया जा रहा है।

**402 कार्यालय:जिला ग्रामीण विकास अभिकरण,हजारीबाग**

–: मनरेगा अन्तर्गत ग्राम रोजगार सेवक के रिक्त पदों पर नियुक्ति संबंधी आवश्यक सूचना :–

जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, हजारीबाग मे मनरेगा अन्तर्गत संविदा आधारित ग्राम रोजगार सेवक के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु अवेदन आंमत्रित किये गये थे। अभ्यर्थियों से प्राप्त आवेदनो के आधार पर औपबंधिक अहर्त्ता रखने वाले तथा अहर्त्ता नही रखने वाले अभ्यर्थियों कि सूची जिला के वेबसाईट www.hazaribag.nic.in पर अपलोड कर दिया गया है। प्रकाशित सूची के संदर्भ मे किसी अभ्यर्थी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति दिनांक–20.06.2024 तक कार्यालय अवधि में साक्ष्य सहित सीधे जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, हजारीबाग के कार्यालय मे समर्पित कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात् अभ्यर्थियों के दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

उप विकास आयुक्त–सह–
अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक,हजारीबाग

PR 326655 Rural Development(24-25).D

राजनीति

# कायम हो शांति का उजाला


ललित गर्ग

**यह** आशंका सच साबित हो रही है कि भाजपा को पूर्ण बहुमत न मिलने पर कश्मीर में आतंकी घटनाएं बढ़ेंगी एवं पाकिस्तान पोषित आतंकवाद फिर से फन उठाने लगेगा। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 की समाप्ति के बाद हुए पहले लोकसभा चुनाव में रिकॉर्ड मतदान से पाकिस्तान बौखलाया है। इसी का परिणाम है लगातार हो रहे आतंकी हमलें। इन हमलों ने आंतरिक सुरक्षा के लिये नये सिरे से चुनौती पैदा की है। जम्मू में रियासी, कठुआ और डोडा में चार दिनों में चार आतंकी हमले चिन्ता का बड़ा कारण बने है। रविवार को रियासी में श्रद्धालुओं से भरी बस के चालक पर हुए हमले के बाद बस अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई थी। जिसमें नौ श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। फिर कठुआ व डोडा में हुए आतंकी हमलों में एक जवान और दो आतंकवादी मारे गए हैं। लम्बे समय की शांति, अमन-चैन एवं खुशहाली के बाद एक बार फिर कश्मीर में अशांति एवं आतंक के बादल मंडराये हैं। धरती के स्वर्ग की आभा पर लगे ग्रहण के बादल छंटने लगे थे कि एक बार फिर कश्मीर को अशांत करने की कोशिशें तीव्र होते हुए दिख रही है। केन्द्र में गठबंधन वाली मोदी सरकार के सामने यह एक बड़ी चुनौती है। इन आतंकी घटनाओं को केन्द्र सरकार ने गंभीरता से लिया है। कुछ गिरफ्तारियां भी हुई और हथियार भी बरामद हुए हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए गुरुवार को प्रधानमंत्री ने गृहमंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल व सुरक्षा एजेंसियों के साथ बैठक की है। इसमें आतंकवाद की नई चुनौती से मुकाबले की रणनीति पर विचार हुआ है। दरअसल, नई सरकार बनने की प्रक्रिया के दौरान हुए इन हमलों में पाक की भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता। लेकिन पाकिस्तान यह बड़ी भूल कर रहा है, क्योंकि मोदी सरकार की दृढ़ता एवं साहस को चुनौती देना इतना आसान नहीं है। फिर भी लगातार हुए आतंकी हमले चिंता तो बढ़ा ही रहे हैं। एलओसी से लगते जम्मू के इलाके में आतंकवादी घटनाओं का बढ़ना गंभीर हैं, चिन्ताजनक है। मारे गये दो आतंकवादियों के पास से पाकिस्तानी हथियार व सामान की बरामदगी बताती है कि पाकिस्तान सत्ता प्रतिष्ठानों की मदद से यह आतंक का खेल फिर शुरू कर रहा है। कहीं न कहीं दिल्ली में बनी गठबंधन सरकार को यह संदेश देने की कोशिश की जा रही है कि पाक पोषित आतंकवादी जम्मू-कश्मीर में शांति एवं अमन को कायम नहीं रहने देंगे। मैंने चुनाव से पूर्व अपनी एक सप्ताह की कश्मीर यात्रा में देखा कि केन्द्र सरकार ने कश्मीर में विकास कार्यों को तीव्रता से साकार किया है, न केवल विकास की बहुआयामी योजनाएं वहां चल रही है, बल्कि पिछले 10 सालों में कश्मीर में आतंकमुक्त करने में भी बड़ी सफलता मिली है। बीते साढ़े तीन दशक के दौरान कश्मीर का लोकतंत्र कुछ तथाकथित नेताओं का बंधुआ बनकर गया था, जिन्होंने अपने राजनीतिक स्वार्थों के लिये जो कश्मीर देश के माथे का ऐसा मुकुट था, जिसे सभी प्यार करते थे, उसे डर, हिंसा, आतंक एवं दहशत का मैदान बना दिया। लेकिन वहां विकास एवं शांति स्थापना का ही परिणाम रहा कि चुनाव में लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेकर लोकतंत्र में अपना विश्वास व्यक्त किया। कहा जा सकता है कि राज्य में लोकतंत्र को मजबूत होते देख बौखलाहट में ये आतंकवादी हमले किये जा रहे हैं। दरअसल, केंद्रशासित प्रदेश का शांति-सुकून की तरफ बढ़ना आतंकवादियों की हताशा को ही बढ़ाता है। हाल के दिनों में रिकॉर्ड संख्या में पर्यटकों का घाटी में आना और लोकसभा चुनाव में बंपर मतदान सीमा पार बैठे आतंकियों के आकाओं को रास नहीं आया है। जम्मू के इलाके में आतंकी घटनाओं में वृद्धि शासन-प्रशासन के लिये गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए। इन हमलों में पाकिस्तान की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता। उल्लेखनीय है कि रविवार को हुए हमले की जिम्मेदारी जहां लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी गुट टीआरएफ ने ली तो डोडा में हुए हमले की जिम्मेदारी पाक पोषित जैश-ए-मोहम्मद के एक गुट कश्मीर टाइगर्स नामक आतंकी संगठन ने ली है।

**(ये लेखक निजी विचार है।)**

# रचनात्मक राजनीति समय की जरूरत



सुरेश हिन्दुस्थानी



**भारत** एक लोकतांत्रिक देश है। इसका तात्पर्य यही है कि देश की जनता ही भारत की असली सरकार है। लोकसभा चुनाव के बाद अब देश में सरकार और विपक्ष की भूमिका भी तय हो गई है। जनता ने जहां नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए राजग को बहुमत दिया है, वहीं कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्ष को एक बार फिर से सत्ता से दूर कर दिया है। अब चुनाव हो चुके हैं, इसलिए लोकतांत्रिक देश होने के नाते आवश्यक है कि सत्ता पक्ष और विपक्ष को जनता की भावनाओं को ध्यान में रखकर ही काम करना चाहिए। क्योंकि चुनाव प्रचार के दौरान जिस प्रकार के बयान दिए गए, उससे यही लगता है कि इसकी प्रतिध्वनि आगे भी सुनाई देगी। आज के राजनीतिक हालातों का अध्ययन किया जाए तो यह कहना सर्वथा उचित ही होगा कि दलीय आधार की राजनीति करना केवल चुनाव तक ही सीमित रहना चाहिए। उसका असर अगर संसद की कार्यवाही में दिखाई देगा तो यह देश के साथ अन्याय ही होगा। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों को ही चाहिए कि वह अब देश हित की राजनीति करने वाले ही कदम उठाए। जहां तक राजनीतिक विश्लेषण की बात है तो यही कहा जाएगा कि भारत की जनता ने भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन को सत्ता सौंपी है और कांग्रेस नेतृत्व वाले गठबंधन को विपक्ष में बैठने का जनादेश दिया है। दोनों पक्ष की अलग भूमिका होती है। संसद के माध्यम से देश का संचालन किया जाता है। यह राजनीतिक जोर आजमाइश का मैदान नहीं है, इसलिए संसद की गरिमा का भी सभी राजनीतिक दल ध्यान रखें, ऐसी भूमिका सभी मिलकर तय करें। सरकार और विपक्ष दोनों को चाहिए कि वह रचनात्मक राजनीति करके देशहित पर ध्यान दें, क्योंकि लोकतंत्र में लड़ाई सिर्फ चुनाव तक ही सीमित रहना चाहिए। भारत की राजनीति का उद्देश्य भी यही है कि इसके माध्यम से जनसेवा की जाए। अगर दलीय आधार पर संसद में राजनीति की जाए तो फिर देश बनाने की आशा किससे की जाए। उल्लेखनीय है कि जनता की पसंद और नापसंद जानने के लिए ही देश में लोकतंत्र है। चुनाव के बाद निर्वाचित हुए प्रतिनिधि वास्तव में जनता के ही प्रतिनिधि हैं, इसलिए अब सभी को जनता के लिए ही जिम्मेदार होना चाहिए। चुनाव तक ही भाजपा और कांग्रेस की राजनीति रहती है, अब विपक्ष को भी चाहिए कि वह अच्छे कार्यों में सरकार का साथ दे, क्योंकि अब सरकार राजनीतिक दल की नहीं, बल्कि भारत की सरकार है। भारत की सरकार का आशय हम सबकी सरकार ही है। कहने को देश में लोकतंत्र है, लेकिन ऐसा लगता है कि राजनीतिक दलों के जो नेता जनप्रतिनिधि बनकर दिल्ली या प्रदेश की राजधानियों में बैठते हैं, उनको केवल अपने दल के अनुसार ही काम करना होता है। जिसमें लोक की भावनाओं का समावेश बिलकुल भी नहीं रहता। हमेशा यही देखा जाता है कि लोकतंत्र को कमजोर करने वाले हमारे राजनेता केवल विरोध करने के लिए ही विरोध करने की शैली को अपनाने के लिए ही बाध्य होते हैं। पिछली बार हम सबने देखा कि संसद की कार्यवाही को कई बार बाधित किया गया। लोकतंत्र की व्यवस्था के अनुसार विपक्ष का होना भी अत्यंत जरूरी है, लेकिन जो विपक्ष रचनात्मक भूमिका का पालन नहीं करता ऐसे विपक्ष से तो विपक्ष का न होना ही सही है। सत्ता पक्ष की निरंकुशता पर लगाम स्थापित करने के लिए ही विपक्ष का काम होता है, लेकिन भारत में प्रायः देखा जाता है कि सत्ता पक्ष के हर कार्य के लिए विपक्ष अपना विरोधी रुख अपनाता है। सरकार के हर कार्य का विरोध करना भी ठीक नहीं है। यह बात सही है कि इस बार लोकसभा में मजबूत विपक्ष है। इसलिए विपक्ष अपने आपको मजबूत ही दिखाएगा, यह स्वाभाविक ही है। पिछले समय जब विपक्ष बिखरा हुआ था, तब भी विपक्ष ने अपनी ताकत दिखाने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। लेकिन इस बार राजनीतिक स्थितियां बदली हुई हैं। सरकार की ताकत भी कम हुई है, गठबंधन के सहयोगी दल भी अपनी उपस्थिति का अहसास हमेशा कराते रहेंगे। ऐसे में सरकार जनता के किए गए कितने वादों पर अमल कर पाएगी, यह देखने वाली बात होगी। वहीं विपक्षी दलों की परेशानी यह है कि उसने जनता से जो वादे किए हैं, उसका क्या होगा, क्योंकि विपक्ष ने यह प्रचारित करके अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारने जैसा ही काम किया है कि उसने भाजपा की जीत के रथ को रोक दिया है, जबकि यथार्थ में ऐसा नहीं है। जनता के बीच विपक्ष ने अपनी जीत का ही संदेश दिया है, इससे जनता एक बार फिर से भ्रमित होती दिखाई दे रही है और इसीलिए ही कांग्रेस के कार्यालयों पर जनता की भीड़ उमड़ रही है। यह जनता कांग्रेस से अपने वादे पूरे करने की मांग कर रही है। क्योंकि उनके सामने यही संदेश दिया है कि कांग्रेस सहित विपक्ष की बड़ी जीत हुई है। वर्तमान स्थिति का राजनीतिक विश्लेषण किया जाए तो यही कहना उचित होगा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) आज भी जनता की पहली पसंद है। भाजपा को जितनी सीट मिली हैं, उसके आधे भी विपक्ष के किसी दल को नहीं मिली। प्रचार में पूरी ताकत झोंकने के बाद भी कांग्रेस 100 के आंकड़े को नहीं छू सकी, यह गहन चिंता का विषय है, लेकिन कांग्रेस इस सत्य को स्वीकार करने की मानसिकता नहीं बना पाई। राजनीति में सीटों की संख्या का महत्व होता है और सीटों के मामले में भाजपा बहुत आगे है। यह अलग बात है कि देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में भाजपा को अपेक्षित सफलता नहीं मिल पाई, लेकिन इस बार भाजपा ने दक्षिण के कुछ राज्यों में अपनी उपस्थिति का अहसास कराया है। यह भाजपा के लिए आनंद की ही बात है। जिस दक्षिण के लिए भाजपा अछूत मानी जाती थी, वहां भाजपा स्वीकार होने लगी है। एक खास बात यह भी है कि इस बार के आम चुनाव में जनता ने क्षेत्रीय दलों को भी बहुत अच्छा महत्व दिया है। क्षेत्रीय दलों के अस्तित्व में आने के बाद देश में गठबंधन की राजनीति का युग फिर से आ गया है। राष्ट्रीय राजनीतिक परिदृश्य में भाजपा और कांग्रेस की उपस्थिति देश के अधिकतर राज्यों में है। बाकी सभी दल राष्ट्रीय फलक पर प्रभाव दिखाने वाले नहीं हैं। इसके अलावा विपक्ष में अभी से बिखराव प्रारम्भ हो गया है। आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस से पूरी तरह से किनारा कर लिया है। ऐसे में विपक्षी गठबंधन पर फिर से सवाल उठने लगे हैं।

**(ये लेखक निजी विचार है।)**

# ‘खो-खो’ गुमनामी से अंतरराष्ट्रीय शिखर तक


सुधांशु मित्तल

**पीछा** करने के सदियों पुराने रोमांचक खेल ‘खो-खो’ की जड़ें भारतीय पौराणिक कथाओं में हैं और यह खेल प्राचीनकाल से प्राकृतिक घास या मैदान में नियमित रूप से पूरे भारत में खेला जाता है। ‘खो’ मराठी शब्द है जिसका अर्थ है जाओ और पीछा करो। भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों द्वारा खेले जाने वाला ‘खो खो’ प्राचीन भारत का पारंपरिक खेल माना जाता है और यह ग्रामीण क्षेत्रों में कबड्डी के बाद दूसरा रोमांचक टैग गेम है। ‘खो खो’ की उत्पत्ति भारत में मानी जाती है। इतिहास में इसका वर्णन मौर्य शासनकाल (चौथी ईसा पूर्व) में मिलता है। ‘खो खो’ खेल का वर्णन महाभारत काल में भी किया गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि महाभारत काल में ‘खो खो’ रथ पर खेला जाता था जहां प्रतिद्वंद्वी रथ पर सवार होकर एक-दूसरे का पीछा करते थे, जिसे ‘रथेरा’ कहा जाता था। कुछ इतिहासकारों का मानना है कि महाभारत युद्ध के 13वें दिन गुरु द्रोणाचार्य द्वारा बनाए गए चक्रव्यूह में प्रवेश करने के लिए अभिमन्यु ने ‘खो-खो’ में इस्तेमाल की जाने वाली रणनीति का उपयोग किया था और ‘खो-खो’ के कौशल का उपयोग करके कौरव वंश को भारी नुकसान पहुंचाया था। लोकमान्य तिलक द्वारा गठित डेक्कन जिमखाना पुणे ने पहली बार इस खेल के विधिवत नियम तय किए। वर्ष 1923-24 में इंटर स्कूल स्पोर्ट्स कम्पटीशन की स्थापना की गई जिसके माध्यम से ग्रामीण स्तर पर ‘खो-खो’ को लोकप्रिय करने के लिए कदम उठाए गए। वर्ष 1928 में भारत की पारंपरिक खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए गठित

**भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों द्वारा खेले जाने वाला ‘खो खो’ प्राचीन भारत का पारंपरिक खेल माना जाता है और यह ग्रामीण क्षेत्रों में कबड्डी के बाद दूसरा रोमांचक टैग गेम है। ‘खो खो’ की उत्पत्ति भारत में मानी जाती है। इतिहास में इसका वर्णन मौर्य शासनकाल (चौथी ईसा पूर्व) में मिलता है। ‘खो खो’ खेल का वर्णन महाभारत काल में भी किया गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि महाभारत काल में ‘खो खो’ रथ पर खेला जाता था जहां प्रतिद्वंद्वी रथ पर सवार होकर एक-दूसरे का पीछा करते थे, जिसे ‘रथेरा’ कहा जाता था।**

‘अखिल भारतीय शारीरिक शिक्षण मंडल’ द्वारा वर्ष 1935 में इस खेल के नियमों को पुस्तक के रूप में प्रकाशित किया गया। आधुनिक काल में ‘खो-खो’ खेल को महाराष्ट्र के अमरावती के हनुमान व्यायाम प्रसारक मंडल के तत्वाधान में सबसे पहले 1936 के बर्लिन ओलंपिक्स में प्रदर्शित किया गया था तथा इस खेल को अडोल्फ हिटलर ने जमकर सराहा। वर्ष 1938 में अखिल महाराष्ट्र शारीरिक शिक्षण मंडल ने ‘खो-खो’ खेल की दूसरी नियम पुस्तिका प्रकाशित की। इसी वर्ष अकोला में इंटर जोनल स्पोर्ट्स का आयोजन किया गया। आज ‘खो-खो’ भारत के सभी राज्यों में खेली जाती है तथा राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर ‘खो-खो’ की अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। आजादी के बाद भारतीय खेलों को प्रोत्साहन देने के अंतर्गत 1955-56 में ‘अखिल भारतीय खो-खो मंडल’ की स्थापना की गई। पुरुषों की पहली राष्ट्रीय खो-खो चैंपियनशिप का आयोजन 25 दिसंबर 1959 से 01 जनवरी 1960 को किया गया जबकि महिलाओं की पहली राष्ट्रीय खो-खो चैंपियनशिप महाराष्ट्र के कोल्हापुर में 13 से 16 अप्रैल 1961 को आयोजित की गई। वर्ष 1964 में इंदौर (मध्य प्रदेश) में आयोजित 5वीं नेशनल खो-खो चैंपियनशिप में व्यक्तिगत पुरस्कार शुरू किए गए। वर्ष 1966 में ‘खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया’ की स्थापना की गई तथा वर्ष 1970 में किशोर लड़कों की पहली नेशनल खो-खो चैंपियनशिप का आयोजन किया गया जबकि वर्ष 1974 में किशोर लड़कियों की पहली नेशनल खो-खो चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। 1982 में दिल्ली में आयोजित 9वें एशियाई खेलों में खो-खो का डेमोंस्ट्रेशन मैच आयोजित किया गया। वर्ष 1987 में कोलकाता में आयोजित तीसरी साउथ एशियाई खेलों में खो-खो खेल को प्रदर्शित किया गया। अंतरराष्ट्रीय खेलों में पहली बार वर्ष 1996 में ‘खो-खो’ की पहली एशियाई खो-खो चैंपियनशिप आयोजित की गई, जिससे ‘खो-खो’ को अंतरराष्ट्रीय खेल के रूप में लोकप्रियता मिली, जिससे आज यह खेल 36 से अधिक देशों में खेला जाता है। वर्ष 1998 में पहला नेताजी सुभाष गोल्ड कप इंटरनेशनल खो-खो टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। ‘खो-खो’ को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रोत्साहित करने के लिए जुलाई 2018 में ‘इंटरनेशनल खो-खो फेडरेशन’ का गठन किया गया जिसका मुख्यालय लंदन में है। लंदन में पहली इंटरनेशनल खो-खो चैंपियनशिप वर्ष 2018 में आयोजित की गई। आज ‘खो-खो’ भारत और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापक रूप से खेला जाने वाला खेल है। यह विभिन्न अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों का हिस्सा है जिसमें लगभग 20 देशों की राष्ट्रीय खो-खो टीमें हैं। ऐसे गौरवशाली इतिहास के साथ खो-खो की लोकप्रियता आने वाले वर्षों में भी बढ़ती रहेगी।

**(ये लेखक के निजी विचार है।)**

समस्या

# तनाव व चिंता का कारण बनती प्रश्नपत्र लीक होने की बढ़ती घटनाएं


प्रियंका सौरभ

**यह** दुर्भाग्य की बात है कि शिक्षा क्षेत्र की कई समस्याओं के समाधान की कोई राह नहीं दिख रही है। इन्हीं में से एक है प्रश्नपत्र लीक होने की समस्या। शायद ही कोई ऐसा राज्य हो, जहां किसी न किसी प्रतियोगी या नियमित परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक होने का मामला सुर्खियों में न रहता हो। प्रश्नपत्र लीक होने की निरंतर घटनाएं प्रतियोगी परीक्षाओं की वास्तविकता को कमजोर करती हैं और छात्रों के लिए काफी तनाव का कारण बनती हैं। इस मुद्दे को सुलझाने के लिए एक उत्कृष्ट दृष्टिकोण की आवश्यकता है, जिसमें बेहतर सुरक्षा प्रोटोकॉल, प्रौद्योगिकी का लाभ उठाना, सख्त कानूनी उपाय और प्रभावित छात्रों के लिए व्यापक समर्थन शामिल है। इन उपायों को लागू करके, हम परीक्षा प्रणाली में विश्वास बहाल कर सकते हैं और सभी छात्रों के लिए एक निष्पक्ष और उचित प्रक्रिया सुनिश्चित कर सकते हैं। जब किसी प्रतियोगी परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक होता है तो परीक्षार्थियों के साथ परिजनों के भी सपने भी चकनाचूर होते हैं। ऐसी घटनाओं से एक उन्नत, समृद्ध, सुशिक्षित एवं सशक्त राष्ट्र एवं समाज बनने-बनाने का हमारा सामूहिक स्वप्न और मनोबल टूटता है। इससे युवाओं के भीतर व्यवस्था के प्रति असंतोष एवं निराशा की स्थायी भावना घर करती है, शासन का प्रभाव कम होता है और व्यवस्था से आमजन का मोहभंग होता है। नौजवानों के लिए प्रतियोगी परीक्षाएं न केवल उज्ज्वल भविष्य का, अपितु कई बार अस्तित्व का भी प्रश्न बन जाती हैं। इसके साथ ही सरकार की विश्वसनीयता संकट में पड़ती है। प्रश्नपत्र लीक करवाने के मामले में कई बार बड़े-बड़े कोचिंग केंद्रों एवं संचालकों की भी संलिप्तता पाई जाती है। नकल आज एक देशव्यापी कारोबार बनता जा रहा है, जिसके कई लाभार्थी और अंशधारक हैं। राजनेता से लेकर अधिकारी तक, प्रश्नपत्र निर्माता से लेकर समन्वयक तक, परीक्षा आयोजित कराने वाली संस्थाओं और आयोगों से लेकर परीक्षा केंद्रों तक की संदिग्ध भूमिका या मिलीभगत से इंकार नहीं किया जा सकता। प्रश्नपत्र लीक की लगातार घटनाएं भारत की शिक्षा प्रणाली में एक महत्वपूर्ण चिंता का विषय बन गई हैं। उदाहरण के लिए, अकेले प्रश्नपत्र लीक के 70 से अधिक मामले 2023 में सामने आए, जिससे बीसीएस , मेडिकल प्रवेश परीक्षा और राज्य भर्ती परीक्षाओं सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाएं प्रभावित हुईं। इन लीक ने छात्रों में अत्यधिक तनाव और चिंता पैदा कर दी है, जिससे उनकी तैयारी और आत्मविश्वास का स्तर बाधित हुआ है। प्रश्नपत्र लीक होने में मैनुअल हैंडलिंग और सुरक्षा चूक प्रमुख कारण है। प्रश्नपत्रों की छपाई और वितरण की पारंपरिक विधि में कई टचपॉइंट शामिल होते हैं, जहां सुरक्षा से समझौता किया जा सकता है। उदाहरण के लिएः 2020 में, मैनुअल हैंडलिंग गलती के कारण बिहार लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं के दौरान एक महत्वपूर्ण गलती हुई। संगठित अपराध में संलिप्तता से आपराधिक गिरोह परीक्षा प्रणाली की कमजोरियों का लाभ बढ़ते आर्थिक लाभ कमाते हैं। उदाहरण के लिएः राजस्थान में, कई परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया गया, जिससे करोड़ों का अवैध राजस्व अर्जित हुआ। तकनीकी कमजोरियाँ बताती है कि खराब सुरक्षा वाले डिजिटल सिस्टम को हैक किया जा सकता है, जिससे इलेक्ट्रॉनिक लीक हो सकता है। उदाहरण के लिएः मेडिकल प्रवेश परीक्षा के प्रश्नपत्र हैक किए गए ईमेल पोस्ट के माध्यम से लीक हो गए, जिससे व्यापक वितरण हुआ। परीक्षा अधिकारी या कर्मचारी कभी-कभी वित्तीय लाभ के लिए पेपर लीक करने के लिए बाहरी पक्ष के साथ सहयोग करते हैं। उदाहरण के लिएः 2023 में राज्य भर्ती परीक्षाओं के लिए प्रश्नपत्र लीक करने में शामिल होने के लिए कई अधिकारियों को गिरफ्तार किया गया था। प्रश्नपत्र लीक रोकने के लिए आज हमें उन्नत सुरक्षा प्रोटोकॉल की महती आवश्यकता है।

**(ये लेखक के निजी विचार है।)**

# प्रकृति के सभी घटकों पर आधुनिक सभ्यता का आक्रमण


हृदयनारायण दीक्षित

**प्रकृति** का प्रत्येक अंश और अंग परस्परावलम्बन में है। सब एक-दूसरे पर आश्रित हैं। न जल स्वतंत्र है और न ही हवा। वनस्पतियां और औषधियां भी स्वतंत्र नहीं हैं। लाखों जीव हैं, वह भी प्रकृति की शक्तियों पर निर्भर हैं। पिछले कुछ समय से प्रकृति के सभी घटकों पर आधुनिक सभ्यता का आक्रमण है। पृथ्वी का ताप बढ़ा है। संभवतः पहली बार भारत के बड़े क्षेत्र में तापमान लगभग 50 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा। अनेक जीव, पशु और पक्षी इस ताप को सह नहीं पाए। अनेक मनुष्यों की भी इस ताप के कारण मृत्यु हुई। भूमण्डलीय ताप में लगातार वृद्धि का कारण हमारी जीवनशैली है। इसका केन्द्र आधुनिक औद्योगिक सभ्यता है। इस विषय पर कई अंतरराष्ट्रीय बैठकें भी हो चुकी हैं। लेकिन कोई लाभ नहीं हुआ। यही स्थिति जल प्रदूषण की है। नदियां सूख रही हैं। ऋतु चक्र गड़बड़ाया है। प्राचीन भारत में सभी प्राकृतिक शक्तियों और वनस्पतियों और भिन्न-भिन्न जीवों के प्रति आत्मीयता का भाव रहा है। अथर्ववेद के पृथ्वी सूक्त में यह आत्मीयता सुंदर कविता के रूप में प्रकट हुई है। इस सूक्त के रचनाकार अथर्वा हैं। उन्होंने पृथ्वी को माता कहा है। उत्सवों और मांगलिक कार्यों में छाया आदि बनाने के क्रम में जमीन में बांस गाड़े जाते थे। जमीन को खोदना पड़ता था। ऋषि प्रार्थना करते हैं, ‘‘हे पृथ्वी माता इसके लिए हमें क्षमा करें।’’ अथर्वा कहते हैं, ‘‘इस पृथ्वी पर तमाम उत्सव होते हैं। लोग मिलते हैं। परस्पर प्रसन्न होते हैं। ऐसी हमारी पृथ्वी माता हम सबको संरक्षण दें।’’ ऋग्वेद और अथर्ववेद में वनस्पतियों को भी देवता माना गया है। महाभारत के प्रसंग में श्रीकृष्ण ने पृथ्वी की उपासना की। पृथ्वी प्रकट हो गईं। श्रीकृष्ण ने पूछा, ‘‘हे माता आप किस उपासना से प्रसन्न होती हैं?’’ पृथ्वी ने उत्तर दिया, ‘‘दोपहर और सांय कीट-पतिंग, चूहे-बिल्लियों आदि के लिए अन्न के कुछ दाने बिखेरने से।’’ मार्क्सवादी विद्वान रामशरण शर्मा ने ‘‘प्रारंभिक भारत का परिचय’’ (पृष्ठ 44) में लिखा है, ‘‘प्राचीन भारत में नदियां ईश्वर तुल्य मानी जाती थीं। ऋग्वेद में सरस्वती नदी को देवी के रूप में चित्रित किया गया है। वैदिकोत्तर काल में गंगा को मातृ देवी कहा गया है। ऐसी परंपराएं आज तक बरकरार हैं, पृथ्वी और जल दोनों से वनस्पतियों और पशुओं का पोषण होता था। इसलिए इन्हें माता का दर्जा दिया गया। अनेक वृक्ष नीम, पीपल, बरगद, शमी और तुलसी भी पवित्र माने जाते हैं।’’ ऋग्वेद और अथर्ववेद में गोहत्या को निषेध बताया गया है। शर्मा जी ने लिखा है, ‘‘गौतम बुद्ध पहले व्यक्ति थे जिन्होंने सुत्त निपात में गायों की सुरक्षा की आवश्यकता पर बल दिया है।’’ शर्मा जी ने ऋग्वेद के संदर्भ की उपेक्षा की है। बुद्ध से बहुत पहले ऋग्वेद में गायों की सुरक्षा के साथ उनकी उपासना पर भी जोर दिया गया है। संपूर्ण वैदिक साहित्य पर्यावरण सजगता से भरा पूरा है। पर्यावरण की चिंता संप्रति विश्व कर्तव्य है। भारत में पर्यावरण चेतना का उद्भव कम से कम 3000 से 4000 वर्ष पुराना है। गीता में श्रीकृष्ण ने अर्जुन को प्रकृति का यज्ञ चक्र समझाया और कहा, ‘‘अन्न से प्राणी हैं, अन्न वर्षा से उत्पन्न होता है। वर्षा यज्ञ से होती है और यज्ञ श्रेष्ठ कर्म से उत्पन्न होता है (गीता 3.14)।’’ मनुष्य वनस्पतियों और जीवन के प्रति आत्मीय बना रहे तो वर्षा समय पर होगी।

**भूमण्डलीय ताप में लगातार वृद्धि का कारण हमारी जीवनशैली है। इसका केन्द्र आधुनिक औद्योगिक सभ्यता है। इस विषय पर कई अंतरराष्ट्रीय बैठकें भी हो चुकी हैं। लेकिन कोई लाभ नहीं हुआ। यही स्थिति जल प्रदूषण की है। नदियां सूख रही हैं। ऋतु चक्र गड़बड़ाया है। प्राचीन भारत में सभी प्राकृतिक शक्तियों और वनस्पतियों और भिन्न-भिन्न जीवों के प्रति आत्मीयता का भाव रहा है।**

सभी प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षा भी होगी। रामधारी सिंह दिनकर ने ‘संस्कृति के चार अध्याय’ में लिखा है, ‘‘जब आर्य इस संस्कृति का निर्माण करने लगे तब उनके सामने अनेक जातियों को एक संस्कृति में पचा कर समन्वित करने का सवाल था। ये जातियां आर्य आगमन के पहले से ही इस देश में बस रहीं थीं। उन्होंने आरंभ से हिन्दुओं का लचीला रुख पसंद किया।’’ दिनकर जी के कथन में आर्य बाहर से आई हुई जाति है। प्रश्न है कि बाहर से आए आर्य यहां पर नदी संस्कृति का निर्माण क्यों करेंगे? दिनकर जी आर्यों को बाहर से आया हुआ मानते थे। यह गलत है। यहां पहले से ही वैदिक संस्कृति फल फूल रही थी। दिनकर जी ने अपनी बात के समर्थन में पंडित जवाहर लाल नेहरू को उद्धृत किया है। नेहरू ने लिखा है, ‘‘ईरानी और यूनानी लोग, पार्थियन और बैक्ट्रियन लोग, सीथियन और हूण लोग, मुसलमानों से पहले आने वाले तुर्क और ईसा की आरंभिक सदियों में आने वाले ईसाई, यहूदी और पारसी, ये सब के सब एक के बाद एक भारत में आए और उनके आने से समाज ने एक हल्के कम्पन का भी अनुभव किया। मगर अंत में आकर वे सब के सब भारतीय संस्कृति के महासमुद्र में विलीन हो गए।’’ नेहरू के कथन में भारतीय संस्कृति का महासमुद्र ध्यान देने योग्य है। इसी में बाहर से आए लोग और विचार धुल गए। सांस्कृतिक दृष्टि से भारत प्राचीन काल से ही सर्वसमावेशी रहा है। इसका कारण प्राचीन वैदिक दर्शन रहा है। सीईएम जोड ने सही लिखा है,‘‘मानव जाति को भारत वासियों ने जो सबसे बड़ी चीज वरदान के रूप में दी है वह यह है कि भारतवासी हमेशा से ही अनेक जातियों के लोगों और अनेक प्रकार के विचारों के बीच समन्वय करने को तैयार रहे हैं और सभी प्रकार की विविधताओं के बीच एकता कायम करने की उनकी क्षमता लाजवाब रही है। सबके प्रति आत्मभाव भारतवासियों का स्वभाव रहा है। वैदिककाल में कीट पतिंग से लेकर मनुष्यों तक एक ही आत्मतत्व मान्य रहा है।’’ भारतीय ज्ञान परंपरा से प्रभावित विद्वान मैक्समूलर ने लिखा है, ‘‘अगर मैं आपसे यह पूछूं कि केवल यूनानी, रोमन और यहूदी भावनाओं और विचारों पर पलने वाले हम यूरोपीय लोगों के आतंरिक जीवन को अधिक समृद्ध, अधिक पूर्ण और अधिक विश्वजनीन, संक्षेप में, अधिक मानवीय बनाने का नुस्खा हमें किस जाति के साहित्य में मिलेगा, तो बिना किसी हिचकिचाहट के मेरी ऊंगली हिन्दुस्तान की ओर उठ जाएगी।’’ बीसवीं सदी के चिंतक रोम्यां रोलां ने लिखा है, ‘‘अगर इस धरती पर कोई एक ऐसी जगह है, जहां सभ्यता के आरंभिक दिनों से ही मनुष्यों के सारे सपने आश्रय और पनाह पाते रहे हैं, तो वह जगह हिन्दुस्तान है।’’

यहां ऋग्वेद के रचनाकाल के पहले से ही विश्ववारा संस्कृति रही है। यहां जो भी आया हिन्दू समाज ने उसका स्वागत किया। सबके साथ रहने, मिलने, बात करने और संस्कृति का आनंद लेने का वातावरण वैदिक काल से ही शिखर पर था। इस्लामी ब्रितानी लोगों के भारत आने से संस्कृति पर बुरा प्रभाव पड़ा। इस्लाम अनुयायियों से टकराव भी हुए। बाद में ब्रिटिश सत्ता द्वारा भारतीय संस्कृति पर हमले हुए। अंग्रेज भारत के लोगों का धर्मांतरण चाहते थे। उन्होंने भी भारतीय संस्कृति पर आधुनिकता के नाम पर तमाम वैचारिक हमले किए। गांधी जी ने कड़ा प्रतिवाद किया और यूरोपीय सभ्यता को ‘चांडाल’ कहा। इस सभ्यता को ही दुर्भाग्य से आधुनिक सभ्यता कहा जाता है। हमारी आधुनिक सभ्यता हमारी ही प्राचीन संस्कृति का आधुनिक रूप होना चाहिए।

**(ये लेखक के निजी विचार है।)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह ‘बादल’*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## 26 यात्रियों को लेकर जा रहा टेंपो ट्रैवलर नदी में गिरा

# 13 लोगों की मौत, 13 घायल

एजेंसी

**रुद्रप्रयाग।** उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में शनिवार की सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। दिल्ली नोएडा के यात्रियों को टेंपो ट्रैवलर अलकनंदा नदी में जा गिरा। इस हादसे में 13 लोगों की मौत हो गई है। जबकि 13 घायल है। छह गंभीर घायलों को पांच हेलिकॉप्टर से एयरलिफ्ट कर ऋषिकेश एम्स लाया गया है, जहां एक घायल ने दम तोड़ दिया। जबकि सात अस्पताल में भर्ती है। दिल्ली नोएडा से 26 यात्रियों को लेकर रात को वाहन निकला था। जानकारी के अनुसार रुद्रप्रयाग शहर से पांच किलोमीटर आगे बदरीनाथ हाईवे पर रैतोली के पास एक टेंपो ट्रैवलर पैरापिट को तोड़ते हुए अलकनंदा नदी में गिर गया। हादसे का कारण ड्राइवर को नींद की झपकी आना बताया जा रहा है। सूचना पर पुलिस प्रशासन जिला आपदा प्रबंधन, डीडीआरएफ समेत अन्य टीम मौके पर रेस्क्यू के लिए पहुंची। वाहन के नदी में गिरने पर यहां रेलवे लाइन पर काम कर रहे तीन लोग भी यात्रियों को बचाने के लिए कूदे, जिनमें से एक की मौत हो गई।





रुद्रप्रयाग में बद्रीनाथ राजमार्ग के पास एक टेम्पो ट्रैवलर के गहरी खाई में गिरने के बाद बचाव अभियान जारी है।

### केंद्रीय गृह मंत्री ने जताया दुख

रुद्रप्रयाग में हुई सड़क दुर्घटना पर अमित शाह ने दुख जताया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट साझा कर कहा कि मेरी संवेदनाएं इस हादसे में जान गंवाने वालों के परिजनों के साथ हैं। स्थानीय प्रशासन और एसडीआरएफ की टीमें राहत व बचाव कार्य में जुटी हैं और घायलों को हर सम्भव सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

### सीएम धामी ने हादसे पर जताया दुख

हादसे के खबर पर दुख जताते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि टेंपो ट्रैवलर के दुर्घटनाग्रस्त होने का अत्यंत पीड़ादायक समाचार प्राप्त हुआ। स्थानीय प्रशासन व एसडीआरएफ की टीमें राहत एवं बचाव कार्यों में जुटी हुई है।

### हरीश रावत ने व्यक्त की शोक संवेदना

रुद्रप्रयाग घटना पर उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता हरीश रावत ने कहा कि मृतकों की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना करता हूं और जो घायल हैं उनके स्वास्थ्य के लिए कामना करता हूं।

## बीएसएफ ने अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बरामद की 12 किलो हेरोइन

**जोधपुर।** श्रीगंगानगर सेक्टर से लगने वाली भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर रायसिंहनगर और अनूपगढ़ इलाके में बीती आधी रात में सूचना के आधार पर सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने पाकिस्तान की ओर से ड्रोन के माध्यम से आई चार पैकेट संदिग्ध हेरोइन दो अलग-अलग स्थानों से बरामद की है। बीती मध्य रात्रि को पाकिस्तान की ओर से आए ड्रोन के देखकर हेरोइन तस्करी की सूचना मिली। उक्त सूचना के आधार पर सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने ड्रोन की आवाज सुनाई देने पर तुरंत प्रभाव से ड्रोन की दिशा में फायरिंग की। इलाके की सघन तलाशी के दौरान रायसिंहनगर क्षेत्र से दो और अनूपगढ़ क्षेत्र से दो कुल चार पैकेट संदिग्ध हेरोइन बरामद की। तलाशी के दौरान कोई ड्रोन बरामद नहीं हो पाया है, हालांकि पुलिस को इलाके में गहन नाकाबंदी करने की सूचना दे दी गई है, ताकि हेरोइन मंगाने वाले तस्करों को दबोचा जा सके। इस ऑपरेशन के तहत बरामद की गई संदिग्ध हेरोइन का वजन लगभग 12.88 किलोग्राम (पैकिंग सामग्री सहित) है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 60 करोड़ रुपये आंकी गई है।

## छग : नारायणपुर में सुरक्षाबलों का नक्सलियों से मुठभेड़

# आठ नक्सली ढेर, एक जवान शहीद

एजेंसी

**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ की खबर है। जानकारी के अनुसार यहां अबूझमाड़ के जंगलों में मुठभेड़ में आठ नक्सली मारे गए हैं। मुठभेड़ में एक जवान बलिदान हो गया है और दो जवान घायल हैं। अभी मुठभेड़ जारी है।

अबुझमाड़ के जंगलों में नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षाबलों की कार्रवाई जारी है। सुरक्षाबलों ने नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर सीमावर्ती जिलों के साथ मिलकर संयुक्त ऑपरेशन चलाया है। जवानों का संयुक्त ऑपरेशन अबुझमाड़ के कुतुल फरसबेड़ा कोड़तामेटा क्षेत्र में जारी है।

जानकारी के मुताबिक, नारायणपुर जिले के माड़ में पिछले दो दिनों से सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। संयुक्त ऑपरेशन में नारायणपुर-कोंडागांव-कांकेर-दंतेवाड़ा डीआरजी, एसटीएफ और आईटीबीपी 53वीं बटालियन बल शामिल हैं।

नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में एक जवान बलिदान हो गए और दो के घायल होने की खबर है। बस्तर संभाग के जगदलपुर, कांकेर, दंतेवाड़ा, कोंडागांव से डीआरजी और एसटीएफ के 1400 जवान सर्चिंग पर निकले हैं।

जानकारी के लिए बता दें कि 161 दिन के अंदर 141 नक्सली ढेर हो चुके हैं। मारे गए नक्सलियों की संख्या बढ़ भी सकती है। पिछले तीन दिनों से नक्सलियों खिलाफ लगातार ऑपरेशन चल रहा है।



### सीएम विष्णुदेव का नक्सली एनकाउंटर पर ट्वीट

नारायणपुर जिले के ओरछा थाना के अंतर्गत फरसबेड़ा-धुरबेड़ा के बीच सुरक्षाबलों की नक्सलियों संग हुई मुठभेड़ में 8 नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। मुठभेड़ में एसटीएफ के एक जवान के शहीद होने और दो जवानों के घायल होने की भी दुखद खबर आ रही है। घायल जवानों को तत्काल एयरलिफ्ट कर इलाज के लिए राजधानी रायपुर लाया जा रहा है। ईश्वर से शहीद जवान की आत्मा की शांति और घायल जवानों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूँ। नक्सलियों के खिलाफ हो रही कड़ी कार्रवाई से नक्सली विचलित हैं। उनके खात्मे के लिए हमारी सरकार पूरी तरह तत्पर है और जब तक लक्ष्य पूरा नहीं हो जाता हम चुप नहीं बैठेंगे।

### आईईडी और एक कुकर बम बरामद

छत्तीसगढ़ के बीजापुर में सुरक्षाबलों ने 30-30 किलो विस्फोटक वाले सीरीज आईईडी और एक कुकर बम बरामद किया। जिला बल और 231 बीएन सीआरपीएफ के बम निरोधक दस्ते के संयुक्त अभियान के तहत ये कार्रवाई की गई है।

## नीट परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर पटना में सड़कों पर उतरे छात्र, पुलिस ने भांजी लाठियां

एजेंसी

**पटना।** एनईईटी (नीट) परीक्षा में हुई कथित गड़बड़ी को लेकर छात्रों में आक्रोश देखा जा रहा। बिहार की राजधानी पटना में शनिवार को सैकड़ों छात्र परीक्षा को रद्द करने की मांग को लेकर सड़कों पर उतरे और जमकर प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारी छात्रों को हटाने के लिए पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा। पुलिस ने लाठियां भांजी तब जाकर विरोध प्रदर्शन शांत हुआ। पटना में दिनकर गोलंबर के पास शनिवार को नीट के परीक्षार्थियों ने हंगामा किया। इस बीच उन्हें ओपेन बोर्ड के 12वीं के परीक्षार्थियों का साथ मिला।



प्रदर्शनकारी छात्रों ने केंद्र सरकार का पुतला फूंका और सड़क पर टायर जलाकर मार्ग को अवरूद्ध कर दिया। इस दौरान दिनकर गोलंबर पर आवागमन पूरी तरीके ठप हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने छात्रों को खदेड़ कर हटाया, तब जाकर हालात सामान्य हो सके। छात्र नीट परीक्षा को कैंसिल करने की मांग कर रहे थे। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि नीट परीक्षा में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की गई है। इसलिए परीक्षा रद्द की जाए, और फिर से ली जाय।

उन्होंने कहा कि प्रश्न पत्र लीक करने के मामले में गिरफ्तारी हुई है, फिर भी सरकार मानने को तैयार नहीं है। छात्रों ने कहा कि एनटीए ने जो ग्रेस मार्क्स दिया, वह कहीं से भी उचित नहीं था। इसके बाद यह मामला सुप्रीम कोर्ट भी पहुंचा।

## सीएम नीतीश की तबीयत बिगड़ी, मेदांता अस्पताल में हुए भर्ती



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मेदांता अस्पताल पहुंचे हैं। शनिवार की सुबह खुद के स्वास्थ्य में हो रही समस्या को देखते हुए सीएम नीतीश कुमार हॉस्पिटल पहुंचे हैं। सीएम नीतीश कुमार सुबह जब सो कर उठे तो उनके हाथ में दर्द हुआ, जिसके इलाज के लिए सीएम पटना के मेदांता हॉस्पिटल गए हैं। मेदांता अस्पताल के ऑर्थो डिपार्टमेंट में उनका इलाज किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी सीएम नीतीश कुमार लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान बीमार हो गए थे।

## दिल्ली जल संकट : वजीराबाद पॉन्ड में पानी लगभग खत्म, केंद्र से मांगी मदद

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में पेयजल की सप्लाई करने वाले बड़े केंद्र 'वजीराबाद पॉन्ड' में पानी लगभग खत्म हो चुका है। दिल्ली में पानी की इस किल्लत की जानकारी शनिवार को खुद दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने दी।

दिल्ली सरकार ने शनिवार को पानी की कमी को लेकर एक आपात बैठक भी की। आतिशी ने बताया कि वजीराबाद पॉन्ड में पानी लगभग खत्म हो चुका है, वहीं मुनक नहर में भी पानी की कमी है। पानी की इस भयंकर कमी को देखते हुए अब दिल्ली के विधायकों ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल से मदद मांगी है। मुनक नहर और वजीराबाद पॉन्ड दोनों ही स्रोतों में पानी की कमी की वजह से वाटर ट्रीटमेंट प्लांट मे पेयजल का प्रोडक्शन भी कम हो रहा है। दिल्ली में पिछले एक हफ्ते से पेयजल का प्रोडक्शन लगातार कम हो रहा है। आतिशी के मुताबिक, 1005 एमजीडी पानी के प्रोडक्शन की बजाय दिल्ली में 14 जून को केवल 932 एमजीडी पानी का प्रोडक्शन हुआ है। यानी दिल्ली में 70 एमजीडी से ज्यादा पानी की कमी है। यही वजह है कि दिल्ली के कई इलाकों में पानी की ज्यादा किल्लत हो गई है। इसे दूर करने के लिए कई स्थानों पर इमरजेंसी बोरवेल किए गए हैं और टैंकरों की मदद भी ली जा रही है।



## सुकेश चंद्रशेखर की पत्नी की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय ने कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर की पत्नी लीना पॉलोज की ओर से दायर याचिका को खारिज कर दिया। याचिका में दिल्ली उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें 200 करोड़ रुपये की जबरन वसूली के मामले में उनकी जमानत याचिका स्थगित कर दी गई थी। न्यायमूर्ति पीवी संजय कुमार और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की अवकाशकालीन पीठ ने स्पष्ट किया कि मामले में त्वरित कार्रवाई की मांग नहीं की जा सकती। पीठ ने अपने 14 जून के आदेश में कहा, विशेष अनुमति याचिका खारिज की जाती है।

## आज का राशिफल

**मेष** — पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहे। अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी।

**वृषभ** — अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। चल-अचल सम्पति में वृद्धि होगी। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी।

**मिथुन** — अपने संघर्ष में स्वयं के आर्थिक उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार में तरक्की मिलेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। शत्रुओं की पराजय होगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होगी।

**कर्क** — उच्चमनोबल रखकर कार्य करें, सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**सिंह** — यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी।

**कन्या** — घर-परिवार में प्रसन्नता व सहयोग का वातावरण बनेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। श्रम अधिक करना पड़ सकता है।

**तुला** — शांतिपूर्वक नित्य कार्य करें। संतान की प्रगति से संतोष होगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ में समय व्यतीत होगा। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कलह विवाद का डर बना रहेगा। पारिवारिक तनाव, अलगाव का सामना करना पड़ सकता है।

**वृश्चिक** — अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। किसी अपने की सलाह उपयोगी सिद्ध होगी।

**धनु** — बुद्धि और धन का दुरूपयोग न करें। व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। किसी का अभद्र व्यवहार खिन्नता व तनाव बढ़ायेगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। आज का परिश्रम आगे लाभ देगा।

**मकर** — आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। आय के अच्छे योग बनेंगे।

**कुम्भ** — बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। संतान की उन्नति के योग हैं।

**मीन** — व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। आवेश में आना आपके हित में नहीं होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा।

## बिहार के पश्चिम व दक्षिण भाग में लू से राहत नहीं, ऑरेंज अलर्ट जारी

एजेंसी

**पटना।** प्रदेश के पश्चिम और दक्षिण भाग में अगले 24 घंटों के लिए हीटवेब का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। साथ ही उत्तर-पश्चिम, उत्तर-मध्य भाग के एक दो स्थानों पर गर्म दिन रहने की संभावना के साथ यलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग का मानना है कि अगले 24 घंटे के दौरान अधिकतम तापमान में विशेष कोई परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। इसके बाद अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस कमी होने के आसार हैं।

पटना मौसम विज्ञान केंद्र से जारी पूर्वानुमान के मुताबिक अररिया, किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार जिलों के कुछ स्थानों पर अगले कुछ घंटे के दौरान मेघ गर्जन के साथ हल्के से मध्यम स्तर की बारिश के आसार हैं, जिसमें हवा की रफ्तार 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की होने की बात बताई जा रही है।



बिहार के सर्वाधिक अधिकतम तापमान 47.2 डिग्री से बक्सर में एवं सबसे कम न्यूनतम तापमान 22.5 डिग्री सेल्सियस किशनगंज में दर्ज किया गया। पिछले 24 घंटे के दौरान जिन जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री से अधिक दर्ज किए गए, उनमें पटना 42.8, गया 45.3, छपरा 42.6, डेहरी 45.6,शेखपुरा 42.4, गोपालगंज 41.5, जमुई 41.6, बक्सर 45.9, भोजपुर 45.2, वैशाली 43.5, औरंगाबाद 45.4, नवादा 43.6, राजगीर 44.6, जीरादेई 40.0, अरवल 45.1,बिक्रमगंज 44.5 और मुंगेर 40.6 डिग्री सेल्सियस है।

इसके अलावा भागलपुर 37.2,पूर्णिया 32.4, मुजफ्फरपुर 36. 0, बाल्मीकि नगर 38.6, दरभंगा 35.2 ,सुपौल 32.6, फारबिसगंज 34.2, मधुबनी 34.2, मोतिहारी 36.0, बेगूसराय 37.2, बांका 38.6, कटिहार 32.4, अररिया 30.5, पूसा 36.4 और किशनगंज 28.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किए गए। राज्य के बक्सर एवं भोजपुर में अधिकतम तापमान 45.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किए गए।

## कोर्ट सुनवाई का ऑडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट करने के मामले में सुनीता केजरीवाल को नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पेशी के दौरान ट्रायल कोर्ट की वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये सुनवाई के ऑडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट करने पर कार्रवाई की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल को नोटिस जारी किया है। हाईकोर्ट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को संबंधित ऑडियो हटाने का निर्देश दिया है।

## स्वाति मालीवाल मामला : विभव कुमार की न्यायिक हिरासत बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने शनिवार को राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट और छेड़छाड़ के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी विभव कुमार की न्यायिक हिरासत 22 जून तक बढ़ा दी। विभव कुमार को 18 मई को गिरफ्तार किया गया था। उन पर 13 मई को आम आदमी पार्टी नेता और दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष मालीवाल के साथ मुख्यमंत्री आवास के भीतर मारपीट और छेड़छाड़ करने का आरोप है।

## बेटे करते हैं मां-बाप से ज्यादा दुर्व्यवहार

-आरपी सिंह

**नई दिल्ली।** हेल्पेज इंडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार वृद्धों से बुरा बर्ताव करने वालों में 42 प्रतिशत बेटे और 28 प्रतिशत बहुएं हैं। एक कार्यक्रम में हेल्पेज इंडिया की जारी रिपोर्ट के अनुसार लगभग 40 प्रतिशत या हर तीन में से एक बुजुर्ग को बीते एक साल में कोई आय नहीं मिली। इनमें ज्यादातर संख्या महिलाओं व निरक्षरों की है। 7 प्रतिशत बुजुर्गों ने दुर्व्यवहार का शिकार होने की बात स्वीकारी, जबकि 5 प्रतिशत ने इसका जवाब नहीं दिया।क्या दें, किससे कहें। मर-जीकर रहना तो उसी घर में है, उसी बेटे - बहू के साथ है। अध्ययन के दौरान यह बात सामने आई कि लोगों ने अपने बुढ़ापे की आर्थिक तैयारी नहीं की थी। इनके पास मामूली बचत थी और ज्यादातर किसी सरकारी योजना में नहीं आते थे। इनमें से 94 प्रतिशत बुजुर्ग किसी न किसी बीमारी से पीड़ित थे। लगभग 79 प्रतिशत वृद्ध बीते एक साल में अस्पताल पहुंचे थे।

ज्यादातर बुजुर्ग जिन्होंने दुर्व्यवहार का सामना किया, वे गैर संक्रामक रोग से पीड़ित थे। बताया कि उन्होंने दुर्व्यवहारियों को डांटा या अनुरोध किया। कुछ ने दोस्तों या परिवार के अन्य सदस्यों को बताया, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। इक्का-दुक्का मामलों में पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई गई। रिपोर्ट के अनुसार माता-पिता और वरिष्ठ नागरिक अधिनियम के रखरखाव व कल्याण के बारे में केवल नौ प्रतिशत में ही जागरूकता पाई गई। बुजुर्गों की देखभाल करने वालों में से 29 प्रतिशत ने शारीरिक और 32 प्रतिशत ने वित्तीय चुनौतियों का सामना करने की बात कही। बुजुर्ग स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं की जानकारी सिर्फ 15 प्रतिशत को ही थी। 31 प्रतिशत बुजुर्गों ने स्वास्थ्य बीमा तक पहुंच की सूचना दी। स्वास्थ्य बीमा न होने के पीछे मुख्य कारण जागरूकता की कमी (32 प्रतिशत), इसका खर्च न वहन कर पाना (24प्रतिशत) और जरूरत न होना (12 प्रतिशत) था। सिर्फ 1.5 प्रतिशत बुजुर्गों ने टेली मेडिसिन परामर्श सेवाओं का उपयोग किया। सात प्रतिशत बुजुर्गों ने बताया कि वे किसी सामाजिक संगठन के सदस्य थे। इससे वे शारीरिक और मानसिक रूप से सक्रिय रहे। मोबाइल और अन्य डिजिटल उपकरण बुजुर्गों को सक्रिय रहने में मदद कर रहे हैं। 41 प्रतिशत ने किसी डिजिटल डिवाइस तक पहुंच की सूचना दी। इनमें 48 प्रतिशत पुरुष और 33 प्रतिशत महिलाएं थीं। 80 वर्ष से ऊपर के केवल 26 प्रतिशत बुजुर्गों के पास डिजिटल डिवाइस थी। इनमें से ज्यादातर को इनका इस्तेमाल करने के लिए किसी का सहयोग लेना पड़ता था। वे डिजिटल डिवाइस का उपयोग मुख्य रूप से मनोरंजन के लिए करते हैं। लगभग 12 प्रतिशत इससे ऑनलाइन भुगतान आदि करते हैं।

**40** प्रतिशत बुजुर्ग की कोई आमदनी नहीं

**94** प्रतिशत बुजुर्ग किसी न किसी बीमारी से पीड़ित

## मप्र के मदरसों में 9417 हिंदू बच्चों को उर्दू के साथ दी जा रही इस्लाम की तालीम

एजेंसी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मदरसों में हिंदू बच्चे भी पढ़ रहे हैं। ऐसे कुल 9,417 हिंदू बच्चे हैं, जिन्हें मदरसों में उर्दू के साथ इस्लाम की तालीम दी जा रही है। चौकाने वाली बात यह है कि इन मदरसों को प्रदेश सरकार आर्थिक सहायता भी प्रदान कर रही है। मदरसों में एनसीईआरटी की शिक्षा व्यवस्था लागू है। यह जानकारी प्रियंक कानूनगो ने दिया है। कानूनगो ने शुक्रवार को भोपाल प्रवास के दौरान मीडिया से बातचीत में कहा कि प्रदेश में मदरसे अवैध रूप से संचालित हो रहे हैं, लेकिन इस ओर स्कूल शिक्षा विभाग का कोई ध्यान नहीं है।



### 18 जून को मुख्य सचिव को तलब किया

कानूनगो ने प्रदेश में बाल संरक्षण की स्थिति जानने को 12 विभागों की समीक्षा की। वक्फ बोर्ड ने जानकारी दी है कि प्रदेश में चार यतीम खाने संचालित हैं, लेकिन यह किशोर न्याय अधिनियम के तहत शासन में पंजीकृत नहीं हैं।

## नारनौल जेल में भिड़े बंदी, चार घायल, तीन पीजीआई रैफर

एजेंसी

**नारनौल।** नारनौल में नसीबपुर स्थित जिला जेल में बंदियों के कई गुटों में झगड़ा हो गया। झगड़े में घायल चार बंदियों को जेल अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद नागरिक अस्पताल नारनौल भेज दिया गया। यहां से गंभीर हालत के चलते तीन बंदियों को रोहतक पीजीआई के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। जिला जेल के उप अधीक्षक ने शुक्रवार की रात हुए इस झगड़े को लेकर 19 बंदियों के खिलाफ पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। महावीर पुलिस चौकी को दी गई शिकायत में जेल वार्डन ने बताया कि जेल के ब्लॉक नंबर दो की बैरक नंबर 3 में बंद हवालाती बंदियों मिलन, मनीष, राहुल, नवल, निकेश, मुकेश, विकास, कुलदीप के साथ बैरिक में बंद अमित व मुकेश ने आपस में मारपीट में झगड़ा कर लिया।

## एक नजर

### बकरी का दूध पिलाकर हिरण के बच्चे को बचाया

**मेदिनीनगर।** बकरी का दूध पिलाकर हिरण के बच्चे को लू से बचाया गया। करीब 1 महीने के एक हिरण के बच्चे को बकरी का दूध पिलाकर धूप और गर्मी के कारण लु लगने से बचा लिय गया। यह घटना कुंदरी रेंज में हुई जब एक हिरण का बच्चा अपनी मां से बिछड़ कर बगल के गांव में पहुंच गया कुंदरी रेंज के प्रभारी रेंजर उमेश कुमार दुबे ने बताया कि एक ग्रामीण ने वन विभाग के कर्मी को इस हिरण के बच्चे के बारे में जानकारी दी वन विभाग के कर्मियों ने इस हिरण के बच्चे को रेस्क्यू कर लिया। पर यह लु और गर्मी के कारण कमजोर हो चुका था। प्रभारी रेंजर ने बताया कि इसको बकरी का दूध पिलाया गया जिससे यह हिरण का बच्चा ठीक होने लगा इस हिरण के बच्चे को गारु पूर्वी रेंज में लाया गया है यहां इसकी देखभाल वन कर्मियों के द्वारा की जा रही है जिसके कारण हिरण के बच्चे की स्वास्थ्य में तेजी से वृद्धि हो रही है।

### लेवी को लेकर बीड़ी पत्ते में लगाई आग

लातेहार। सदर थाना क्षेत्र के भुसूर पंचायत के केंदवाही गांव में गुरुवार की रात्रि अज्ञात अपराधियों ने खलिहान में रखे बीड़ी पत्ता में आग लगा दी। इसमें तकरीबन डेढ़ लाख रुपये का नुकसान हुआ है। संभावना व्यक्त की जा रही है कि लेवी को लेकर बीड़ी पत्ता में आग लगाई गई है। खलिहान में बीड़ी पत्ता ले रहे शिवनंदन यादव ने बताया कि चंदवा के रामनाथ गुप्ता के द्वारा इस क्षेत्र का टेंडर लिया गया है। अज्ञात अपराधियों द्वारा खलिहान में रखे बीड़ी पत्ता को आग लगा दी गयी। जिससे काफी नुकसान हुआ है।

### मादक पदार्थों के सेवन की रोकथाम के लिए कार्यशाला आयोजित

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला शिक्षा विभाग में आज एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। यह कार्यशाला जिला स्कूल के हॉल में किया गया। इस कार्यशाला की अध्यक्षता जिला शिक्षा पदाधिकारी दुगानंद झा ने की। यह कार्यशाला मादक पदार्थों के सेवन के रोकथाम के सिलसिले में था। यह कार्यशाला में सभी स्तर के शिक्षको और शिक्षा विभाग के पदाधिकारी को 18 तारीख से 25 जून तक के बीच में मादक पदार्थों के विरुद्ध अभियान के लिए था। दुगानंद झा ने बताया के नौजवान बच्चे बच्चियों नशीली दवा के शिकार हो रहे हैं। उन्हें ही सतर्क सावधान और जागरूक किया जाना है। इसके लिए पेंटिंग ,लेख, प्रतियोगिता साइकिल रैली, प्रभात फेरी जैसे कार्यों कर्मों का भी आयोजन किया जाना है। यह सभी कार्यक्रम 18 जून से 25 जून तक चलेंगे झा ने बताया कि कभी-कभी विद्यार्थी गलत संगति में पड़कर मादक पदार्थों का सेवन शुरू कर देते हैं।

## कार अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त, चार लोग घायल

**लातेहार।** रांची-मेदिनीनगर नेशनल हाइवे 75 पर मनिका डिग्री कॉलेज के पास शनिवार की सुबह करीब आठ बजे एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। इस हादसे में कार में सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। 108 एंबुलेंस की मदद से सबी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मनिका में भर्ती किया गया, जहां। प्राथमिक उपचार करने के बाद डॉक्टर से सभी को लातेहार सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि कार सवार सभी लोग लोहरदगा से बरवाडीह के लिए निकले थे। उन्हें बरवाडीह प्लस टू विद्यालय में योगदान देना था। इसी दौरान मनिका डिग्री कॉलेज के पास उनकी कार अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। इस दुर्घटना में हर्ष कुमार मित्तल (22), अंजली कुमारी (30), ओमप्रकाश सिंह (42) और अजीत कुमार सिंह (45) गंभीर रूप से घायल हो गये।

# सीएसपी संचालक से सात लाख 85 हजार की ठगी

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** साइबर अपराधियों ने सीएसपी संचालक को अपना शिकार बनाया और सात लाख 85 हजार रुपये ठग लिये। जानकारी के अनुसार सदर थाना क्षेत्र के चियांकी स्थित सेक्रेट हर्ट स्कूल के पास आरूही मोबाइल, सीएसपी सेंटर चलाता है। इसके संचालक सुआ निवासी विकास विश्वकर्मा हैं। साइबर ने ठगी का नया तरीका अपनाते हुए उनसे सात लाख 85 हजार रुपये ठग लिये। विकास ने आवेदन देकर एसपी रेशमा रमेशन से शिकायत की। उसने एसपी को बताया कि संतन कुमार भारद्वाज, ग्राम बनाही, पोस्ट नौहट्टा, जिला रोहतास का रहनेवाला है। वह मेरे सीएसपी दुकान में 11 जून को आकर अपने मोबाइल में तीन लाख दस हजार रुपया ट्रांसफर कराया। इसके बाद उसने उक्त राशि को वापस कर दिया। संतन ने पुनः 12 जून को उसी दुकान में आकर नीतीश के मोबाइल में कुल ढाई लाख रुपये और दूसरे व तीसरे मोबाइल के साथ ही सत्यम ने अपने मोबाइल में क्रमशः 50 हजार , 2.95 हजार इसी प्रकार विकास के दुकान में बैठकर कुल राशि सात लाख 85 जार रुपये जमा करवाया। बोला कि जब तक आपका पैसा खाते में नहीं आता है तब तक आपके दुकान में ही बैठे रहेंगे। जैसे-जैसे समय बीतता गया वैसे-वैसे सीएसपी संचालक की धड़कन बढ़ती गई। जब शाम होने लगा तो सत्यम ने विकास को कहा कि भूख लगी है। चलिये खाना खाकर आते हैं। दोनों व्यक्ति शहर थाना क्षेत्र के बाईपास रोड स्थित सिंचाई विभाग के पास डोमिनी होटल में खाना खाये। खाना खाने के बाद संतन ने कहा कि गाड़ी से मोबाइल लेकर आ रहे हैं। वह होटल से निकलकर गाड़ी के पास आया और भागने गया।



## टीपीसी संगठन के तीन उग्रवादी गिरफ्तार हथियार बरामद

**चतरा।** टीपीसी संगठन के तीन उग्रवादी गिरफ्तार किए गए हैं। तीनों उग्रवादी की गिरफ्तारी जिले के टॉड नारीदरी नदी के पास से हुई है। एसपी विकास पांडेय ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी देते हुए बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि टीएसपीसी नक्सली संगठन का कमांडर हरेंद्र गंझू, कुणाल गंझू और इरफान गंझू अपने सशस्त्र दस्ते के साथ चतरा-पलामू के सीमावर्ती इलाके में स्थित कुजरम के जंगल में एकत्रित हुए हैं। पुलिस की टीम ने सिकिदाग के टॉड नारीदरी नदी के पास सर्च अभियान के दौरान तीन नक्सलियों को गिरफ्तार किया, जबकि बाकी नक्सली भागने में कामयाब रहे। जिन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है, उसमें पलामू के मनातु थाना क्षेत्र का रहने वाला मनोज गंझू, चतरा के लावालौंग का रहने वाला महेंद्र गंझी और हंटरगंज का रहने वाला छोटु भईयां शामिल है।

## न्यूज बॉक्स

### बंद घर से दो लाख रुपये की संपत्ति की चोरी, मामला दर्ज

**हुसैनाबाद ।** हुसैनाबाद नगर पंचायत के सैदाबाद के बंद घर से 38 हजार नगद, आभूषण समेत करीब दो लाख रुपए मूल्य संपत्ति की चोरी हो गईं। इस संबंध में सैदाबाद गांव निवासी बिरेंद्र पासवान की पत्नी रीमा देवी ने हुसैनाबाद थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में कहा है की बीते 9 जून को अपने मायके चली गई थी,14 जून को पड़ोसी द्वारा मोबाइल पर सूचना मिली की आपके घर का ताला टूटा पड़ा है। जब मै पहुंची तो देखा की घर का ताला टूटा पड़ा है, और कई सामान बिखरे पड़े है, घर में रखें एक बक्सा में 38 हजार रुपये नगद, आभूषण गायब है। पीड़ित महिला ने थाना प्रभारी से अज्ञात चोरों के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की है।

### टेंपो को धक्का देकर ले जा रहे युवक की कर दी पिटाई, केस दर्ज

**हुसैनाबाद।** कुछ लोगों द्वारा टेंपो को धक्का देकर ले जा रहें लोगों से सिर्फ पूछने पर युवक की पिटाई कर देने का मामला सामने आया है। इस संबंध में देवरी खुर्द पंचायत निवासी राजू कुमार महतो ने हुसैनाबाद थाना में अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में कहाहैं कि वह वर्तमान में हुसैनाबाद प्रेमा मल्टी हॉस्पिटल के समीप किराया के मकान में रहते हैं। शुक्रवार की सुबह जपला बजार से अपने मकान में जा रहे थे, इसी क्रम में अभिषेक गैरेज के पास एक टेंपो जिसका नंबर बीआर 26पीए 5908 को आठ दस की संख्या में लोग धक्का देकर ले जा रहें थे। मैंने लोगों से पूछा की यह टेंपो कहां लेकर जा रहे हो, इतना सुनते ही लोगों ने लाठी डंडे से पिटाई शुरू कर दी। रास्ते से गुजर रहे युवक प्रमोद कुमार जब बीच बचाओ करने की कोशिश की ,तो उसके साथ भी धक्का मुक्की कर उसके हाथ से मोबाइल छीन लिया। मोहल्ले के लोगों को आता देखकर सभी लोग टेंपो छोड़कर भाग निकले। पुलिस ने केस दर्ज कर इस मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# मुहान चौक पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन

नवीन मेल संवाददाता

**पालमू ।** पलामू जिला युवा कांग्रेस कमेटी के द्वारा 6 मुहान चौक पर नीट एग्जाम में हुए धांधली के विरोध में युवा कांग्रेस के द्वारा पुतला दहन किया गया इस मौके पर पलामू जिला युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष परवेज अली मुन्ना खान ने कहा कि पिछले 10 साल से जो निकम्मी सरकार एक भी एग्जाम सही तरीके से नहीं कर पा रही है यह सरकार हर मामले में पूरी तरीके से फैलियर साबित हो रही है यह सरकार पहले बेरोजगारों को नौकरी देने में पूरी तरीके से फैलियर रही और नीट जैसे प्रतिष्ठित एग्जाम में धांधली कराकर यह साबित कर दिया यह सरकार छात्र विरोधी नौजवान विरोधी बेरोजगार विरोधी है इस सरकार की मंशा छात्रों को तंग करना छात्रों को ना पढ़ने देना यह सरकार पहले देश में सभी सरकारी प्रतिष्ठित संस्थानों को प्राइवेटाइज कर बेच रही है और अपने मित्रों को खुश करने के चक्कर में नीट जैसे प्रतिष्ठित एग्जाम में धांधली कराकर उसमें गरीब पिछड़े के बच्चे ना पढ़ पाए वह अगर पढ़ गए तो इस दमनकारी सरकार से सवाल करने लगेंगे इसलिए यह सरकार सभी प्रकार के एग्जाम में धांधली कर रही है युवा कांग्रेस सभी प्रकार के धांधलियों का पुरजोर विरोध करता है और आगे भी करते रहेगा छात्र हित के लिए वह किसी भी दमनकारी सरकार से लड़ने को तैयार है क्योंकि छात्र ही इस देश के भविष्य हैं और भविष्य के साथ खिलवाड़ युवा कांग्रेस का भी बर्दाश्त नहीं करेगी इस मौके पर उपस्थित है जिला उपाध्यक्ष आशीष चौधरी डाल्टनगंज अध्यक्ष सूर्यांश प्रताप सिंह विश्रामपुर अध्यक्ष गुलाम नबी सोशल मीडिया इंचार्ज शोएब अख्तर आदर्श सिंह गोलू यादव राजा चौधरी दिलीप चौधरी अब्दुल अमर महताब आदि शामिल है।



# अवैध बालू रोका, तो बालू माफिया ने वन सचिव की कर दी पिटाई

नवीन मेल संवाददाता

**बारियातू।** थाना क्षेत्र के गोनिया पंचायत अंतर्गत बालू माफियाओं ने गड़गोमा के पास मंजुरिया मे ट्रेक्टर से अवैध बालू भंडारण कर रहे थे. बालू भंडारण करने के लिए वन सचिव द्वारिका यादव ने रोका तो प्रभारी फारेस्टर दिलीप उरांव के सामने ही उसकी पिटाई कर दी। जानकारी देते हुए भुक्तभोगी द्वारिका यादव पिता स्व नेमा यादव ने बताया की 10 जून से बालू उठाव मे रोक लगा दी गई है। मै गांव के वन समिति सचिव और वाचर हूँ। गांव के मंजुरिया के पास बुधवार 12 जून से लगातार लगभग 20 ट्रेक्टर अवैध बालू का भंडारण किया जा रहा था। जिसका हम विरोध किए। बालू भंडारण करने वाले माफिया सूरज सिंह पिता प्रकाश सिंह ने दबंगई दिखाते हुए हाथापाई कर मार पीट करने लगे। और कहने लगे की हम कई साल से बालू करोबार कर रहे हैं। बालू ढोते ट्रेक्टर पकड़ाता है तो दरोगा खुद मेरा घर आकर चाभी देकर जाता है। तुम्हारा औकात क्या है। तुम अवैध बालू भंडारण करने से क्यों रोकते हो। धमकी भी दिया गया।



गड़गोमा नदी से बालू भंडारण कर रहे रमेश सिंह, उमेश राणा व संतोष राणा बालू गिराकर चले गए। बालू भंडारण किए जाने के सम्बन्ध मे वनरक्षी दिलीप उरांव ने कहा की प्रत्येक दिन की तरह हम गस्ती मे आए थे। गस्ती के दौरान साथ मे (वाचर )वन समिति सचिव द्वारिका यादव की हाथपाई मार पीट की गई है। अवैध बालू भंडारण करने वाले ट्रेक्टर किसका है इसकी पहचान कर ली गई है।आगे उन्होंने ने कहा की अवैध बालू भंडारण करने से सम्बंधित अंचलाधिकारी व थाना को सूचित कर नियम संगत कार्रवाई की जाएगी। कई ग्रामीणों नाम नहीं छापने के सर्त पर बताया की गड़गोमा नदी से बालू भंडारण कर सड़क निर्माण कार्य मे गड़गोमा बस्ती मे पीसीसी पथ निर्माण कार्य मे लगाया जायेगा।

### 260 पंचायतों में से एक भी टीबी मुक्त नहीं : अनिल कुमार

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला का एक भी पंचायत टीबी मुक्त नहीं। पलामू जिला में जहां 260 पंचायत है वही इनमें से एक भी पंचायत अभी तक टीबी मुक्त नहीं हुआ है। पलामू के सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल कुमार ने इस बात की पुष्टि की है। सिविल सर्जन ने कहा की वर्ष 2025 तक प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत सभी पंचायत को टीबी मुक्त पंचायत होना है और पलामू जिला इसके लिए पूरी तरह यत्न कर रहा है। इस समय पलामू जिला में 2194 सक्रिय टीबी के मरीज हैं जिनका इलाज चल रहा है यह बातें बताया पलामू के सिविल सर्जन ने। झारखंड राज्य टीबी पदाधिकारी डॉक्टर कमलेश कुमार ने कहा की गढ़वा जिला के 26 पंचायत टीबी मुक्त पंचायत है जबकि पलामू जिला का एक भी पंचायत अभी तक टीबी मुक्त नहीं हो पाया है। टीबी की बीमारी शरीर के केवल तीन अंगों में नहीं होती है।

# हुसैनाबाद में दो शराब तस्करों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। हुसैनाबाद के सबानो गांव के रास्ते तस्करी के लिए बोलेरों वाहन से ले जाई जा रही शराब के साथ दो तस्करों को भी हुसैनाबाद पुलिस ने पकड़ने में सफलता मिली है। हुसैनाबाद थाना के पुलिस अवर निरीक्षक शशि शेखर पांडेय ने इस संबंध में हुसैनाबाद थाना में प्राथमिकी दर्ज की है। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी की सबानो गांव के रास्ते शराब की खेप बिहार जाने वाली है। उन्होंने वरीय पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर दिवा गश्त में प्रतिनियुक्त पुलिस अवर निरीक्षक को सूचना दी। सूचना पर गश्त दल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सबानो गांव की ओर रवाना हो गया। सबानो गांव के समीप इमामबाड़ा के पास पहुंचते ही विपरीत दिशा से आती एक बोलेरो वाहन को रोकने का इशारा करने पर वह तेज गति से भागने लगा। कुछ दूरी पर जाने के बाद ड्राईवर भी उतरकर भागने लगा। इस बीच



जवानों ने उसे धर दबोचा। साथ ही वाहन में बैठे व्यक्ति को भी पकड़ लिया। भागने का कारण पूछने पर उन्होंने बताया कि गाड़ी में अवैध शराब रहने की वजह वह भाग रहे थे। बोलेरो वाहन नंबर पकड़े गए जेएच 03 डी 4884 से 14 पेटी टनाका शराब बरामद के साथ लोटनिया गांव निवासी मनीष कुमार यादव व एकौनी गांव निवासी आलोक यादव को गिरफ्तार किया गया। 14 पेटी (672 बोतल) टनाका शराब भी बरामद किया गया है। इस संबंध में पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार तस्करों ने हुसैनाबाद के एकौनी गांव निवासी डब्ल्यू गिरी का नाम बताया है। उन्होंने बताया है कि डब्ल्यू गिरी का ही बोलेरो वाहन है। वह डब्ल्यू गिरी के सहयोग से ही बिहार में शराब की खेप खपाते हैं। पुलिस ने बताया कि अवैध शराब के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

# तालाब के गहरीकरण कार्य में 88 लाख रुपये की हो रही लीपापोती

नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** पलामू जिले के हैदरनगर प्रखंड अंतर्गत मोकहर कला पंचायत के करीमनडीह गांव में 200 X 200 मीटर बड़े तालाब की गहरीकरण कार्य को ग्रामीणों में इस वर्ष भी दूसरी बार ऐन आसन्न बरसात के समय ही कार्य को रोक संवेदक को भगाने का कार्य किया है। इससे पूर्व 6 जून को बरसात के समय ही काम शुरू होने व लीपापोती कर सिंचाई विभाग से 88 लाख रुपये की स्वीकृत इस योजना को ग्रामीणों ने रोका था। ग्रामीणों ने कहा कि बरसात के समय ही संवेदक द्वारा इस काम को पूरा कराने की मंशा संदेहास्पद है। इस तालाब की प्राक्कलन पर नजर डाला जाये तो ग्राउंड लेबल से तालाब के बेड लेबल की गहराई साढ़े छह फीट होना चाहिये। हालांकि ग्रामीण इसकी गहराई पांच फीट भी मानने को तैयार थे। इसके एवज में संवेदक से चारों ओर एक समान लेबल करने की मांग कर रहे हैं। इसमें दस हयूम पाइप से



जल भंडारण की क्षमता तो दी गई है। पर निकासी एकमात्र हयूम पाइप की दी गई है। जिससे इस तालाब का लंबे समय तक जीवित रहना मुश्किल होगा। वहीं इस तालाब के बेड लेबल से नीचे दो मीटर गहरीकरण करना है। किन्तु एक मीटर ही गहरा कर कार्य को पूरा कराने का प्रयास लगातार किया जा रहा है। इस कार्य का विरोध कर रहे राजद प्रखंड अध्यक्ष रिजवान खान, पूर्व मुखिया सफीउल्ला खान, पंकज कुमार सिंह, रामविजय सिंह, रामप्रवेश सिंह, कमलेश विश्वकर्मा, इशरत खान, अशोक राम, इद्रीश खान, इमरान खान, अशोक पासी, तरुण सिंह, अभय सिंह, अशोक सिंह सहित सैकड़ों लोगों ने इस कार्य के उपस्थित जेई श्रीकांत व संवेदक को बताया कि नियम विरुद्ध कार्य किसी भी हाल में संवेदक को नहीं करने देगें। उन्होंने इस संबध में प्रशासनिक अधिकारियों की अनुपस्थिति के बावजूद हुसैनाबाद के एसडीओ पियूष सिन्हा व हैदरनगर के बीडीओ विश्व प्रताप मालवा को लिखीत आवेदन देकर सरकारी पैसे की लूट को बंद कराने व बरसात के बाद तालाब के गहरीकरण कार्य कराने का आग्रह किया है।

## पेज एक का शेष

### संताली में अंजन करमाकर को युवा व दुगई टुडू को बाल साहित्य पुरस्कार

इन पुस्तकों को त्रिसदस्यीय निर्णायक मंडल ने निर्धारित चयन प्रक्रिया का पालन करते हुए पुरस्कार के लिए चुना है। दोनों पुरस्कारों के लिए पुरस्कार स्वरूप एक उत्कीर्ण ताम्रफलक तथा 50 हजार रुपये की सम्मान राशि बाद में आयोजित होने वाले एक विशेष समारोह में प्रदान किए जाएंगे। अंग्रेजी के लिए युवा पुरस्कार के. वैशाली की पुस्तक होमलेस ग्रोइंग अप लेसबियन एंड डिस्लेक्सिक इन इंडिया', पंजाबी के लिए रणधीर के कविता-संग्रह 'खत जो लिखणो रह गए' तथा उर्दू के लिए जावेद अंबर मिस्बाही के कहानी-संग्रह 'स्टेपनी' को युवा साहित्य पुरस्कार से पुरस्कृत किया जाएगा। वहीं अंग्रेजी में बाल साहित्य के लिए नंदिनी सेनगुप्ता की पुस्तक 'द ब्लू हॉर्स एंड अदर अमेजिंग एनिमल्स स्टोरीज फ्रॉम इंडियन हिस्ट्री', पंजाबी के लिए कुलदीप सिंह दीप के नाटक मैं जलियांवाला बाग बोलदा हां' एवं उर्दू के लिए शम्सुल इस्लाम फारूकी के कहानी संग्रह बर्फ.का देस अंटार्कटिका' को पुरस्कृत किया जाएगा।

**युवा पुरस्कार प्राप्त अन्य लेखक** : असमिया- नयनज्योति शर्मा, जाल कोटा जुई (कहानी-संग्रह)। बांग्ला- सुतपा चक्रवर्ती, देराजे हालुद फुल, गताजन्मा (कविता-संग्रह)। गुजराती- रिंकु राठोड़ शर्वरी, तो तमे राजी (कविता-संग्रह)। मराठी- देवीदास सौदागर, उसवण (उपन्यास)। नेपाली- सूरज चापागाईं, क्यानभासको क्षितिज (कविता-संग्रह)। ओडिया- संजय पांडा, हु बाइआ (कहानी-संग्रह)। कन्नड- श्रुति बी. आर., जीरो बैलेंस (कविता-संग्रह)। मलयालम- श्यामकृष्णन आर., मीशाक्कल्लन (कहानी-संग्रह)। तमिल- लोकेश रघुरामन, विष्णु वंधार (कहानी-संग्रह)। तेलुगु- रमेश कार्तिक नायक, धावलो (कहानी-संग्रह)। बोडो- सेल्फ मेइड राणी बर साइख्लुम (कहानी-संग्रह)। डोगरी- हीना चौधरी, इक रंग तेरे रंगें चा (कविता-संग्रह)। कश्मीरी- मो. अशरफ जिया, ऐन बदस (समालोचना एवं शोधलेख)। कोंकणी- अद्वैत चंद्रकांत सालगांवकार, पेडण्याचा सामारां (निबंध-संग्रह)। मैथिली- रिंकी झा ऋषिका, नदी घाटी सभ्यता (कविता-संग्रह)। मणिपुरी- वाइखोम चिंगखेइंगनबा, अशिबा तूरेल (कविता-संग्रह)। राजस्थानी- सोनाली सुथार, सुध सोधूं जग आंगणै (कविता-संग्रह)। संताली- अंजन करमाकर, जंगबहा (कविता-संग्रह)। सिंधी- गीता प्रदीप रुपाणी, पेपर पर्या (लेख-संग्रह)।

**बाल साहित्य पुरस्कार पाने वाले अन्य लेखक** : संस्कृत- हर्षदेव माधव, बुभुक्षितः काकः (कहानी-संग्रह)। असमिया- रंजू हजारिका,बिपोन्ना बिस्मोई खेल (उपन्यास)। बांगाल- दीपन्विता रॉय, महिदादुर एनटिडोट (उपन्यास)। गुजराती- गिरा पिनाकीन भट्ट, हसती हवेली (कहानी-संग्रह)। मराठी- भारत सासणे, समशेर आणि भूतबंगला (उपन्यास)। नेपाली- वसन्त थापा, देश र फुच्चे(कविता-संग्रह)। ओडिया- मानस रंजन सामल, गप कलिका (कहानी-संग्रह)। कन्नड- कृष्णमूर्ति बिलिगेरे, छूमंत्राय्यना कथेगळु (कहानी-संग्रह)। तमिल- युमा वासुकि, थानवियिन पिरान्थनाल (कहानी-संग्रह)। तेलुगु- पी. चन्द्रशेखर आजाद, माया लोकम् (उपन्यास)। मलयालम- उन्नी अम्मायंबलम, अल्गोरिथांगाडे नाडु (उपन्यास)। बोडो- भार्जिन जेकसभा मोसाहारी, बुहुमा बयनिबो (कविता-संग्रह)। डोगरी- बिशन सिंह दर्दी, कुक्कडू-कडूं (कविता-संग्रह)। कश्मीरी- मुजफ़्फ़र हुसैन दिलबर, सोन्‍गोब्रेयो (कविता-संग्रह)। कोंकणी- हर्षा सद्गुरू शेटये, एक आशिल्लें बायूल (उपन्यास)। मैथिली- नारायणजी, अनार (कहानी-संग्रह)।

मणिपुरी- क्षेत्रीमायुम सुबदानि, मालेम अतिया (उपन्यास)। राजस्थानी- प्रहलाद सिंह झोरड़ा, म्हारी ढाणी (कविता-संग्रह)। संताली- दुगई टुडू, मिरु आरंग (कविता-संग्रह)। सिंधी- लाल होटचंदाणी 'लाचार', दोस्तां जी दोस्ती (कहानी-संग्रह)।

### सीआईडी ने साइबर ठगी के आरोपित फरहादुर को असम से किया गिरफ्तार

इस प्रकार से महिला से कुल 29 लाख 94 हजार 50 रुपये की ठगी कर ली गई। डीएसपी ने बताया कि अनुसंधान के क्रम में मामले में प्रयुक्त फर्जी इन्वेस्टमेंट वेबसाइट का आईपी ऐड्रेस सिंगापुर, चीन, टोक्यो और जापान का पाया गया। साथ ही फाइनेंशियल ट्रेल एनालिसिस में फेक कंपनी के नाम पर रजिस्टर्ड रैंक अकाउंट दिल्ली, गुजरात, मध्य प्रदेश के बैंक खाता पाया गया। इसमें करोडो रुपये के ट्रांजेक्शन किये गये थे। जांच में इन बैंक खाताओं से हुए ट्रांजेक्शन के आईपी ऐड्रेस का मूल स्थान हांगकांग एवं चीन में पाया गया। त्वरित कार्रवाई करते हुए काण्ड में सभी बैंक खाताओं में कुल नौ लाख 36 हजार को फ्रीज करवा दिया गया। उल्लेखनीय है कि पूर्व में इसी मामले में रवि शंकर और वीरेंद्र की गिरफ्तारी सीआईडी की टीम ने की थी।

# एमएमसीएच ब्लड बैंक के लाइसेंस के नवीकरण का मामला लटका

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** एमएमसीएच स्थित ब्लड बैंक के लाइसेंस के नवीकरण के मामले फिर लटक गया है। झारखंड राज्य औषधि नियंत्रण निदेशालय ने फिर एक पत्र भेजा है ब्लड बैंक के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को और 6 बिंदु पर जवाब मांगा है। इस पत्र की प्रतिलिपि सिविल सर्जन और औषधि निरीक्षक को भी भेज दी गई है। यह झारखंड राज्य औषधि नियंत्रण निदेशालय के पत्र 3 जून के हैं जो सिविल सर्जन कार्यालय को 12 जून को प्राप्त हुआ। इस पत्र में एक प्रमर्शी की बात पूछी गई है। सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल कुमार ने कहा कि इस ब्लड बैंक में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के चेंबर में ही प्रमार्शी कमरा के उपयोग किया जा सकता है। पत्र ने आगे मास्टर रिकॉर्ड रखने की बात पूछी है। सिविल सर्जन ने कहा कि इस दिशा में कार्रवाई हो रही है। एलिजा मशीन के संचालक पर विस्तृत जानकारी मांगी है। पत्र में यह भी पूछा गया है की ब्लड बैग के रखरखाव और खराब हो गए ब्लड बैग देखकर निष्पादन पूरे स्वास्थ्य मानकों नियम के अनुसार है या नहीं । सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल कुमार ने कहा कि वह ब्लड बैंक के प्रभारी पदाधिकारी से पूरी जानकारी लेकर इस दिशा में आगे की कार्रवाई को सुनिश्चित करेंगे। इस ब्लड बैंक के लाइसेंस 2005 में मिला था जो वर्ष 2020 में खत्म हो चुका है। अब इसके नवीकरण के लिए प्रयास तेज कर दिया गया है पर कुछ-कुछ मामले बीच-बीच में आ जाते हैं। इस नवीकरण 1:10: 2020 से 30 :09 2025 के होना है पर लगता है अभी इसके नवीकरण में देरी होकर रहेगा। ब्लड बैंक के लाइसेंस करीब 5 साल के लिए एक बार में दिया जाता है। सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल कुमार ने विश्वास दिलाया है। कि वह खुद रांची जाकर राज्य औषधि नियंत्रण निदेशालय के अधिकारियों से बात करके इस ब्लड बैंक के लाइसेंस के नवीकरण के मामला को फूल कर खुलवाने के प्रयास करेंगे।




# नेशनल पार्क की घेराबंदी के खिलाफ ग्रामीणों ने घेरा बेतला रेंज कार्यालय

नवीन मेल संवाददाता

**बरवाडीह।** शनिवार को मूरू,कुचिला, उकामड़, केड़, गाड़ी के सैंकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने संयुक्त ग्राम सभा के बैनर जिला परिषद सदस्य कन्हाई सिंह के नेतृत्व में बेतला रेंज कार्यलय का घेराव कर नेशनल पार्क के घेराबंदी को अविलंब बंद करने की मांग की। मौके पर कन्हाई सिंह ने कहा कि वन विभाग द्वारा नेशनल पार्क की घेराबंदी ग्राम सभा पर हमला है। वन विभाग गैर कानूनी कार्य कर रहा है। वन अधिकार कानून में यह स्पष्ट लिखा है कि ग्राम की वन भूमि एवम सामुदायिक वन संसाधन के अन्तर्गत राष्ट्रीय उद्यान भी आते हैं। नेशनल पार्क की घेराबंदी कर ग्रामीणों को उनकी वन भूमि से बेदखल किया जा रहा है। कन्हाई सिंह ने कहा कि अगर एक सप्ताह में बेतला नेशनल पार्क की घेराबंदी बंद नहीं हुई तो रेंज कार्यालय को कर दिया जाएगा ठप्प। मौके पर मुरू ग्राम प्रधान रामवृक्ष सिंह एवम गाड़ी ग्राम प्रधान मदेश्वरी सिंह ने कहा कि ग्राम गाड़ी, मुरू सहित अन्य गांव ने वन अधिकार कानून के तहत सामुदायिक वन पट्टा का दावा किया है। ऐसे में वन विभाग द्वारा ग्राम सभा की सहमति के बिना बेतला नेशनल पार्क कीघेराबंदी करना कानून का सरासर उल्लंघन है। मौके पर कुचिला मुखिया शत्रुघन सिंह, सुदामा राम एवम अन्य लोग उपस्थित थे।



KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिबल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज





CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## ब्रिफ न्यूज

### यूक्रेन को लेकर अंतरराष्ट्रीय शांति सम्मेलन स्विट्जरलैंड में शुरू



**बर्गेनस्टॉक।** स्विट्जरलैंड में शनिवार से शुरू हो रहे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में यूक्रेन युद्ध पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। इस सम्मेलन में लगभग 100 देशों के प्रधानमंत्री और अन्य उच्च-स्तरीय प्रतिनिधियों के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय संगठन भी हिस्सा ले रहे हैं। वे यूक्रेन से अनाज निर्यात, रूस के कब्जे वाले जापोरिज्ज्या परमाणु ऊर्जा संयंत्र की सुरक्षा और कैदियों के आदान-प्रदान सहित कई मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

### जयशंकर ने पत्रकार हरपाल सिंह बेदी के निधन पर जताया दुख



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शनिवार को वरिष्ठ खेल पत्रकार हरपाल सिंह बेदी के निधन पर दुख जताया है। बेदी का आज लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वे 72 साल के थे। वह अपने पीछे पत्नी रेवती और बेटी पल्लवी को छोड़ गए हैं। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में छात्र जीवन के दौरान बेदी के करीबी मित्र रहे विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने हरपाल सिंह बेदी को श्रद्धांजलि देते हुए एक्स पर एक पुरानी तस्वीर साझा करते हुए पोस्ट किया है।

### 21 को भारत आएंगी शेख हसीना, दलाई लामा से मिलने आएगा अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल




**नई दिल्ली।** बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना 21 जून को भारत की दो दिवसीय यात्रा पर आएंगी। वहीं दलाई लामा से मिलने अगले सप्ताह यूएस हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी के अध्यक्ष माइकल मैककॉल और पूर्व हाउस स्पीकर नैंसी पेलोसी भारत आएंगी। प्रतिनिधिमंडल 18 और 19 जून को धर्मशाला में होगा।

### वायनाड या रायबरेली? राहुल सोमवार को ले सकते हैं फैसला



**तिरुवनंतपुरम।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी सोमवार को फैसला कर लेंगे कि वो वायनाड रखेंगे या रायबरेली। वो दोनों जगह से जीत कर लोकसभा पहुंचे हैं। कांग्रेस सूत्रों ने बताया कि राहुल गांधी सोमवार को अपने फैसले की जानकारी देंगे। राहुल गांधी ने दोनों सीटों पर भारी मतों से जीत दर्ज की है। राहुल गांधी फिलहाल वायनाड से लोकसभा सदस्य थे। लोकसभा चुनाव 2024 में इसी सीट से चुनाव लड़ कर वो फिर जीत गए।

### बंगाल हिंसा का जायजा लेने के लिए भाजपा ने किया समिति का गठन



**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में लोकसभा चुनाव के बाद हो रही राजनीतिक हिंसा का जायजा लेने के लिए भाजपा ने त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब के नेतृत्व में चार नेताओं की समिति का गठन किया है। यह समिति शीघ्र ही पश्चिम बंगाल का दौरा कर, हिंसा की घटनाओं की पूरी रिपोर्ट भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को सौंपेगी। त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब को इस समिति का संयोजक बनाया गया है।

# हमारा लक्ष्य मिलकर प्रभावशाली समाधान तैयार करना : पीएम मोदी

## जी 7 सम्मेलन में भारत का दृष्टिकोण रखने के बाद स्वदेश लौटे

एजेंसी

**नई दिल्ली।** इटली की एक दिवसीय यात्रा पर जी 7 सम्मेलन में भारत का दृष्टिकोण रखने और कई देशों के नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें करने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार सुबह दिल्ली लौट आये। प्रधानमंत्री ने वैश्विक नेताओं के साथ वार्ता के बाद अपनी यात्रा को सफल बताया है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, अपुलिया में जी 7 शिखर सम्मेलन काफी सफल दिन रहा। वैश्विक नेताओं के साथ वार्ता की और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। हमारा लक्ष्य मिलकर प्रभावशाली समाधान तैयार करना है जिससे वैश्विक समुदाय लाभान्वित हो और भावी पीढ़ियों के लिए बेहतर दुनिया का निर्माण किया जा सके। उन्होंने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की, इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी और जापान से प्रधानमंत्री फूमियो किशिदा से अलग-अलग द्विपक्षीय बैठकें कीं। इसके बाद उन्होंने जी7 के आउटरीच सत्र में हिस्सा लिया। आउटरीच सत्र के बाद उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन समेत कई वैश्विक नेताओं से बातचीत की। वह ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डी सिल्वा, तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैयब इरदुगान, यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान, जॉर्डन के शाह अब्दुल्ला और संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुटेरेश से भी मुलाकात की।

जी 7 शिखर सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को पोप फ्रांसिस से मिले और उन्हें भारत आने का न्योता दिया। तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद पीएम मोदी की यह पहली विदेश यात्रा थी।

### मेलोनी ने किया सेल्फी वीडियो शेयर, पीएम मोदी ने दिया रिएक्शन



**नई दिल्ली ।** इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी ने अपुलिया में जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ एक सेल्फी का वीडियो शेयर किया। जिस पर अब प्रधानमंत्री मोदी ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने मेलोनी के सेल्फी वीडियो पोस्ट का जवाब देते हुए रिपोस्ट कर लिखा, "भारत और इटली के मैत्री संबंध हमेशा मजबूत और बरकरार रहेंगे।" इसके साथ ही पीएम मोदी ने अपने पोस्ट में भारत और इटली का झंडा भी लगाया हुआ है। इससे पहले इटली की पीएम मेलोनी ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ सेल्फी वीडियो बनाते हुए वीड़ियो अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर किया। जिसमें दोनों नेता मुस्कुराते हुए और कैमरे की ओर हाथ हिलाते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस वीडियो में इटली की प्रधानमंत्री ने कहा, मेलोडी टीम की ओर से हैलो। यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।



प्रधानमंत्री मोदी पोप फ्रांसिस से मिले, उन्हें भारत आने का दिया न्योता।

# महाराष्ट्र में एनडीए को मात देकर कमान संभालेंगे पवार?

-ब्यूरो

**नई दिल्ली।** एनसीपी (शरद पवार) प्रमुख शरद पवार ने कहा कि महाराष्ट्र की कमान अपने हाथ में लेने का उनका प्रयास आगामी विस चुनावी जीत से ही संभव होगा। मालूम हो कि शरद पवार की पार्टी ने इंडी गठबंधन के साथ महाराष्ट्र में 10 लोकसभा सीट पर लड़ी 8 पर जीती है। कांग्रेस , उद्धव ठाकरे की शिवसेना तथा शरद पवार की एनसीपी वाली इंडिया एलायंस ने महाराष्ट्र में एनडीए से ज्यादा लोस सीटें जीती हैं। उसके हिसाब से देखें तो विस चुनाव में भाजपा नीत गठबंधन एक-तिहाई सीट पर सिमट सकता है। सो पवार लोकसभा चुनाव परिणामों से उत्साहित होकर विधानसभा चुनाव की तैयारियों में लग गए हैं। शरद पवार ने अपने गढ़ बारामती के लोगों से मिलना शुरू कर दिया है। वहाँ लोगों को संबोधित करते हुए पवार ने कहा कि चुनाव अवधि के दौरान बारामती निर्वाचन क्षेत्र के लोग चुप रहे।इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी के पदाधिकारी मुझसे कहते थे कि लोग चुप हैं और खुलकर नहीं बोल रहे हैं। मैंने उनसे चिंता न करने की बात करते हुए कहा कि भले ही वे अपनी बात न कह रहे हों, लेकिन वे सही बटन (ईवीएम) दबाएंगे। और लोकसभा चुनाव में वही हुआ भी। जब ईवीएम खुली, तो जादू दिखा और आप लोगों ने बड़ी संख्या में मतदान किया। उन्होंने लोगों से एकजुट रहने की अपील की, क्योंकि राज्य विधानसभा चुनाव नजदीक है।उन्होंने यह भी कहा, अगले तीन से चार महीनों में राज्य में चुनाव होने वाले हैं। चाहे कुछ भी हो, मेरा प्रयास राज्य की कमान मेरे हाथ में हो। इसके लिए हमें विधानसभा चुनाव जीतना होगा।₹ बता दें कि शरद पवार चार बार राज्य के मुख्यमंत्री, एक दशक तक केंद्रीय कृषि मंत्री और दो साल तक रक्षा मंत्री रहे। उन्होंने कहा, ये सभी चीजें तब हो सकती हैं, जब आपकी सामूहिक शक्ति हो। आपने मेरे सामने जो मुद्दे रखे हैं, मैं उनका समाधान करने का प्रयास करूंगा।



हालांकि, मैं अभी आश्वासन नहीं दे सकता, क्योंकि एक अलग सरकार है। लेकिन चार महीने बाद हम निश्चित रूप से इन मुद्दों का समाधान कर सकते हैं।₹ पवार ने चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की टिप्पणियों की आलोचना की। उन्होंने कहा, चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री ने उन विषयों पर बात की, जिनसे बचना चाहिए था। उनकी अगुआई वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) ने हाल ही में संपन्न आम चुनावों में महाराष्ट्र में दस में से आठ लोकसभा सीटों पर जीत हासिल करके प्रभावशाली प्रदर्शन किया। उनकी बेटी व एनसीपी (शप) उम्मीदवार सुप्रिया सुले ने अपने चचेरे भाई अजीत पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार को हराकर लगातार चौथी बार बारामती सीट के लिए उच्च-दांव वाले पारिवारिक मुकाबले में जीत हासिल की।

## रफा में इजरायली बमबारी में 2 बंधकों की मौत

**गाजा।** हमास की अल-कसम ब्रिगेड ने कहा है कि दक्षिणी गाजा पट्टी के रफा शहर में इजरायली बमबारी में दो इजरायली बंधकों की मौत हो गई है।अल-कसम ब्रिगेड ने शुक्रवार को कहा कि दो बंधकों की मौत कुछ दिन पहले हवाई हमले में हुई। सिन्हुआ न्यूज एजेंसी ने टेलीग्राम पर जारी एक वीडियो का हवाला देते हुए ये जानकारी दी। हमास के बयान पर इजरायली सेना की ओर से फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। अल-कसम ब्रिगेड ने कहा कि इजरायली सेना ने 8 जून को सेंट्रल गाजा में चार बंधकों को रिहा करने के अपने अभियान के दौरान कई बंधकों को मार डाला। शुक्रवार तक, चल रहे फिलिस्तीनी-इजरायल संघर्ष में फिलिस्तीनी मृतकों की संख्या बढ़कर 37,266 हो गई है।

## एबीवीपी ने नीट परीक्षा की सीबीआई जांच की मांग की



एजेंसी

**नई दिल्ली।** नीट परीक्षा परिणाम को लेकर देशभर में जारी विवाद के बीच अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के एक प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मुलाकात कर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े विद्यार्थियों के बड़े संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मुलाकात कर नीट परीक्षा को लेकर देशभर में बने हालात का हवाला देते हुए इस पूरे मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग की। एबीवीपी नेताओं ने शिक्षा मंत्री से दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की भी मांग की है।

नीट परीक्षा

प्रधान से मुलाकात करने के बाद एबीवीपी प्रतिनिधिमंडल ने दावा किया कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने यह बताया कि उन्होंने इस पूरे घटनाक्रम का संज्ञान लिया है और दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। शिक्षा मंत्री ने उन्हें यह भी आश्वासन दिया है कि छात्रों के हितों की हर कीमत पर रक्षा की जाएगी।

## सिरिल रामफोसा फिर चुने गये द. अफ्रीका के राष्ट्रपति



**केपटाउन।** दक्षिण अफ्रीका की सत्तारूढ़ अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस (एएनसी) के नेता सिरिल रामफोसा को संसद ने अगले पांच साल के लिए दोबारा राष्ट्रपति चुना है।गुरुवार को नेशनल असेंबली की पहली बैठक की अध्यक्षता करने वाले मुख्य न्यायाधीश रेमंड जोंडो ने घोषणा की कि राष्ट्रपति चुनाव में रामफोसा को 283 वोट मिले, जबकि इकोनॉमिक फ्रीडम फाइटर्स के उम्मीदवार जूलियस मालेमा को 44 वोट मिले। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, दोबारा राष्ट्रपति चुने जाने के बाद अपने पहले संबोधन में रामफोसा ने कहा कि उन्होंने अपने दोबारा निर्वाचन को एक बड़ी जिम्मेदारी के रूप में स्वीकार किया है।

## वायु सेना प्रमुख ने 235 फ्लाइट कैडेट्स को दिया राष्ट्रपति कमीशन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** हैदराबाद के डुंडीगल स्थित वायु सेना अकादमी में शनिवार को भारतीय वायु सेना की फ्लाइंग और ग्राउंड ड्यूटी शाखाओं के फ्लाइट कैडेटों के प्री-कमीशनिंग प्रशिक्षण के सफल समापन को चिह्नित करने के लिए कंबाइंड ग्रेजुएशन परेड हुई। पारंपरिक सैन्य भव्यता के साथ वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने परेड के समीक्षा अधिकारी के तौर पर 235 स्नातक फ्लाइट कैडेटों को उनके प्रशिक्षण के सफल समापन पर राष्ट्रपति कमीशन प्रदान किया। वायु सेना अकादमी में संयुक्त स्नातक परेड में 22 महिला अधिकारी शामिल थीं, जिन्हें भारतीय वायु सेना की विभिन्न शाखाओं में कमीशन मिला। समारोह में भारतीय नौसेना के 09, भारतीय तटरक्षक बल के 09 और मित्र विदेशी देशों के 01 अधिकारी को भी ह्यविंग्सह्ल से सम्मानित किया गया। यह पहली परेड है, जिसमें 25 कैडेटों को अधिकारी के रूप में कमीशन दिया गया, जो 4 वर्ष पहले ग्राउंड ड्यूटी शाखाओं के लिए राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में शामिल हुए थे। इनमें से 5 अधिकारियों को प्रशासन शाखा में, 3 को लॉजिस्टिक्स शाखा में तथा 17 को भारतीय वायुसेना की तकनीकी शाखा में कमीशन दिया गया है। वायु सेना प्रमुख का स्वागत ट्रेनिंग कमांड के एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ एयर मार्शल नागेश कपूर और वायु सेना अकादमी के कमांडेंट एयर मार्शल एस श्रीनिवास ने किया।



- कंबाइंड ग्रेजुएशन परेड में 25 कैडेटों को अधिकारी के रूप में कमीशन दिया गया
- परेड के समापन पर रोमांचक फ्लाई पास्ट व एरोबैटिक शो में हवाई करतब

## कार्यक्रम की तैयारी — मोदी 18 जून को वाराणसी से पीएम किसान के तहत देंगे किसानों को सौगात

# लगभग 20,000 करोड़ रुपये की 17 वीं किस्त करेंगे जारी

- *पहले भी कृषि और किसान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है।*

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आज प्रेस वार्ता कर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पीएम-किसान के तहत लगभग 20,000 करोड़ रुपये की 17वीं किस्त जारी करने के संबंध में जानकारी दी। प्रधानमंत्री किसानों को पीएम किसान योजना की 17वीं किस्त जारी करने तथा कृषि सखियों के रूप में 30,000 से अधिक स्वयं सहायता समूहों को प्रमाण पत्र प्रदान करने के लिए 18 जून, 2024 को वाराणसी का दौरा करेंगे। यह कार्यक्रम केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग से आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ और उत्तर प्रदेश सरकार के कई अन्य माननीय मंत्री सहित कई प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे। प्रेस वार्ता के दौरान अपने संबोधन में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कृषि जैसे महत्वपूर्ण विभाग का दायित्व सौंपने के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया और कहा कि विकसित भारत का संकल्प पूरा करने के लिए कृषि सबसे महत्वपूर्ण आधार है। श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की नींव है। आज भी रोजगार के सबसे ज्यादा अवसर कृषि के माध्यम से ही सृजित होते हैं। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने कहा कि पहले भी कृषि और किसान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है जिसके चलते किसानों के कल्याण के लिए अनेकों कदम उठाए गये और अभी भी प्रधानमंत्री ने पद ग्रहण करने के बाद सबसे पहले किसान सम्मान निधि की 17वीं किश्त किसानों को जारी करने को लेकर हस्ताक्षर किए।



**किसानों को बटन के एक क्लिक से वितरित की जाएगी राशि :** श्री चौहान ने कहा कि तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद अपने सबसे पहले कार्यक्रम में पीएम किसान की बहुप्रतीक्षित 17वीं किस्त, 20,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि, 9.26 करोड़ से अधिक लाभार्थी किसानों को प्रधानमंत्री द्वारा वाराणसी से बटन के एक क्लिक से वितरित की जाएगी।

## तीन नए कानूनों पर तीसरा सम्मेलन होगा कोलकाता में

एजेंसी

**नई दिल्ली।** तीन नए कानूनों को लेकर जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से कानून मंत्रालय देश भर में सम्मेलन का आयोजित कर रहा है। आपराधिक न्याय प्रणाली के प्रशासन में भारत के प्रगतिशील पथ की श्रृंखला में कानून एवं न्याय मंत्रालय का तीसरा सम्मेलन रविवार को कोलकाता में आयोजित किया जाएगा। कानून मंत्रालय के मुताबिक 25 दिसंबर, 2023 को राष्ट्रपति द्वारा भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय सुरक्षा अधिनियम, 2023 को मंजूरी दी गई थी। इसकी अधिसूचना भी जारी हो गई है।

## बोम्मई ने विधायक पद से दिया इस्तीफा

एजेंसी

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने शनिवार को विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। बसवराज बोम्मई हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनाव में सांसद चुने गए हैं। बोम्मई ने कहा, मैं कृष्णा और कावेरी नदियों से जुड़े अंतर्राज्यीय जल विवाद के मुद्दे को संसद में उठाऊंगा।